kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-146 ❒ शुक्रवार, 26 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



आज हम भारत के इतिहास के सबसे अंधेरे अध्यायों में से एक, आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़ता से रक्षा करने वालों को श्रद्धांजलि देते हैं। आपातकाल हमारे संविधान पर सीधा हमला था। **कंगना रनौत**

पत्नी पति की प्रॉपर्टी नहीं: उड़ीसा हाईकोर्ट 11

उपराज्यपाल ने संजय झील के जीर्णोद्धार और कायाकल्प के कामों का लिया जायजा 12

## संक्षेप

### मानहानि मामले में राहुल गांधी ने जताया खेद

**जबलपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में एक अर्जी दायर कर मानहानि से जुड़े एक मामले में कथित अनुचित बयान पर खेद जताया है। यह प्रकरण कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय की ओर से दायर मानहानि याचिका से जुड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार कार्तिकेय सिंह ने सांसदों-विधायकों के मामलों के लिए भोपाल की अदालत में याचिका दायर की थी। इसमें आरोप था कि राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में झाबुआ में एक चुनावी रैली के दौरान पनामा पेपर लीक मामले का जिक्र किया था। आरोप था कि इस दौरान उन्होंने कथित रूप से कार्तिकेय सिंह का नाम लिया, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। अदालत ने इस मामले में राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का समन जारी किया था, जिसके बाद कांग्रेस नेता ने समन और मानहानि मामला रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया। बुधवार को गांधी के वकील की ओर से जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की अदालत में दायर अर्जी में कथित बयान पर खेद जताया गया। कहा गया कि राहुल गांधी का बयान कार्तिकेय सिंह से संबंधित नहीं था। वहीं, शिकायतकर्ता के वकील संकल्प कोचर ने भी उच्च न्यायालय में पक्ष रखा।

### तीन भर्ती परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने तीन भर्ती परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। आयोग की वेबसाइट द्बध्ध्‌ः//ध्द्मददद.द्दधद.द्वद्ध पर इसके डाउनलोड की सुविधा दी गई है। फार्मासिस्ट के 564 पदों पर भर्ती के लिए 29 जून को होने वाली परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन रिक्त 93 पदों पर भर्ती के लिए 29 जून को दूसरी पाली में होने परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। बीसीजी तकनीशियन के 255 पदों पर भर्ती के लिए 30 जून को होने वाली परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है।

### एसआईटी अध्यक्ष विजय विश्वास पंत से मिले आप सांसद संजय सिंह

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह गुरुवार को अयोध्या के कमिश्नर और एसआईटी अध्यक्ष विजय विश्वास पंत से मिले। उन्होंने अयोध्या में जमीन खरीद में गड़बड़ियों से जुड़े दस्तावेज सौंपे और बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। कमिश्नर से मुलाकात के बाद संजय सिंह ने कहा, ''अयोध्या में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार और घोटाला हुआ है। मैंने एसआईटी अध्यक्ष को सुबूत सौंप दिए हैं। उन्होंने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।''
संजय सिंह ने मांग की कि अयोध्या की यह जमीनें कहां-कहां खरीदी गई हैं, इसकी भी गहन जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दान पत्र चोरी के मामले में रोज नए सवाल खड़े हो रहे हैं।

# आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में बने रहने के लिए आपातकाल लगाने का पाप किया था। आज पूरा देश 25 जून 1975 का काला दिन याद कर रहा है, जब कांग्रेस ने देश के लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया था। सत्ता में बने रहने और न्यायालय के आदेश लागू न होने देने के लिए इंदिरा गांधी ने नागरिकों के अधिकार छीनने का प्रयास किया। कांग्रेस का यह पाप लोकतंत्र और बाबा साहेब के सपनों पर सीधा प्रहार था। लालू प्रसाद व मुलायम सिंह यादव की वर्तमान पीढ़ी कांग्रेस का चाबुक भूलकर उसी के साये में राजनीति कर रही है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को आपातकाल की 51वीं बरसी 'संविधान हत्या दिवस' पर लखनऊ में आयोजित 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र के समर्थक राजनीतिक दलों, जनसामान्य व मीडिया से जुड़े सभी लोगों की आवाज को दबाया। ऐसा क्या था कि कांग्रेस को आपातकाल थोपना पड़ा, एक ही निष्कर्ष निकलता है कि कांग्रेस ने सिर्फ अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए यह पाप किया और इस पाप को छिपाए रखने के लिए नौजवानों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं व सामाजिक संगठनों की आवाज को दबाने की चेष्टा की। मुख्यमंत्री ने कहा, आपातकाल के दौरान न्यायपालिका




## आपातकाल संविधान पर सीधा आघात था : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताते हुए उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी है जिन्होंने उस समय लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की थी।

श्री मोदी ने गुरुवार को देशभर में मनाए जाने वाले संविधान हत्या दिवस का उल्लेख करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा,'' आज, हम उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने भारत के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्यायों में से एक, आपातकाल, के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की। आपातकाल हमारे संविधान पर सीधा आघात था। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं का निलंबन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध, राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारियाँ तथा उन संस्थाओं पर प्रहार देखने को मिला जो हमारे लोकतंत्र की आधारशिला हैं।

उन्होंने कहा कि इसने असंख्य नागरिकों के असाधारण साहस को भी उजागर किया, जिन्होंने मौन रहने से इनकार किया और संविधान में निहित आदर्शों को बनाए रखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी के लिए संविधान 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हम संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हैं। अपने संविधान की भावना से प्रेरित होकर, हम ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति सदैव समर्पित रहेगा। श्री मोदी ने कहा कि संविधान हत्या दिवस हमें उस काले दौर की याद दिला रहा है, जब भारतीय लोकतंत्र को बुरी तरह से कुचला गया था। यह हमें लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने को प्रेरित करता है। आपातकाल का विरोध करने वाली सभी विभूतियों को सादर नमन। संविधान हत्या दिवस हर साल 25 जून को मनाया जाता है। सरकार ने 1975 में इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल के विरोध में इसे मनाने की शुरुआत की थी।

के अधिकार सीमित कर दिए गए। मीडिया को प्रतिबंधित कर दिया गया। यही नहीं, रात के अंधेरे में भारत के संविधान की प्रस्तावना भी बदल दी गई। यह काम उसी कांग्रेस ने किया, जिसके युवराज संविधान की प्रति लेकर ● शेष पेज 11 पर

# भूंकप से थर्राया वेनेजुएला

## 164 की मौत, हजारों लापता, हजारों में हो सकती है मरने वालों की तादाद

एजेंसी


काराकास। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आये भूकंप के कारण हुए हादसों में मरने वालों की तादाद 164 हो गयी है, जबकि करीब 971 लोग घायल हुए हैं। इस हादसे में हताहत लोगों की संख्या हजारों में होने का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने हादसे की व्यापकता को देखते हुए देश में इमरजेंसी लगा दी है।

अमेरिकी संस्था यूएसजीएस ने बताया दो भूकंप वेनेजुएला के मोरोन शहर से 16 किलोमीटर और सैन फ़ेलिप से 24 किलोमीटर दूर बुधवार शाम 6:04 बजे (भारतीय समयानुसार गुरुवार तड़के 3:34 बजे) आये। पहले भूकंप के तुरंत बाद ही दूसरा भूकंप आया और रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 7.2 और 7.5 मापी गयी। भूकंप के झटके पूरे वेनेजुएला सहित लैटिन अमेरिका के अन्य देशों में भी महसूस किये गये।

राष्ट्रपति रोड्रिगेज के अनुसार राजधानी काराकस से लेकर तटीय शहर कैटिया ला मार तक पूरे देश में इमारतें गिरने की खबर है। उन्होंने बताया कि भूकंप हादसों में मरने वाले की संख्या 164 हो गयी है और एक हजार से अधिक घायल हैं। लेकिन कुछ स्वतंत्र आकलन करने वाली एजेंसियों के अनुसार हताहतों की संख्या हजारों में हो सकती है। बीबीसी ने एक अमेरिकी एजेंसी के हवाले से कहा कि मरने वालों की तादाद कम से कम 10 हजार तक हो सकती है और घायलों का आंकड़ा एक लाख के पार जा सकता है। सुश्री रोड्रिगेज ने खोज और बचाव के लिए एक विशेष टास्क फोर्स की घोषणा कर दी है।

वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष के अनुसार, तटीय राज्य ला गुएरा सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है। देश भर में स्कूलों में कक्षाएं एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी गयी हैं, और रेल सेवाएं और गैर-जरूरी गतिविधियां अस्थायी रूप से रद्द कर दी गयी हैं। काराकस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद है। वेनेजुएला के सुरक्षा बलों सहित सैकड़ों कर्मचारी अब संकट से निपटने के लिए मौके पर मौजूद हैं। इस विनाशकारी आपदा के बाद विश्व के सभी प्रमुख देशों ने वेनेजुएला की ओर मदद का हाथ बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस भीषण भूकंप में जानमाल के नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। देश के लोगों की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस मुश्किल समय में भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी सहायता के लिए हाथ बढ़ाते हुए कहा कि वाशिंगटन 'मदद के लिए तैयार और सक्षम है।' अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका 'तुरंत वेनेजुएला में खोज और बचाव दल, चिकित्सा संसाधन और मानवीय सहायता भेज रहा है।' कोलंबिया, मैक्सिको, पेरू, अर्जेंटीना, तुर्की और पनामा सहित कई अन्य देशों ने संवेदना और सहायता की पेशकश की है। सुश्री रोड्रिगेज ● शेष पेज 11 पर



### जापान में 7.2 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**टोक्यो।** जापान के उत्तरी तट के निकट गुरुवार को एक शक्तिशाली भूकंप आया। हालांकि देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 7.2 मापी गई। एजेंसी ने अपनी प्रारंभिक 6.9 तीव्रता की रिपोर्ट को बाद में संशोधित कर 7.2 कर दिया। एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन से लगभग 50 किलोमीटर (30 मील) की गहराई में स्थित था। वहीं, अमेरिकी भूगर्भसर्वेक्षण ने भी भूकंप की तीव्रता 6.9 दर्ज की। हाल के महीनों में इस क्षेत्र में कई बार तेज भूकंप दर्ज किए गए हैं। इनमें दिसंबर में आया वह भूकंप भी शामिल है, जिसके बाद एक सप्ताह तक मेगा भूकंप की आशंका को लेकर सतर्कता संबंधी परामर्श जारी किया गया था।

# पंकज चौधरी की टीम घोषित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ दो प्रदेश उपाध्यक्ष, एक महामंत्री और तीन प्रदेश मंत्री के पद बढ़े
- ❒ अभिजात मिश्रा, शंकर लोधी, प्रियंका रावत सहित कई का प्रमोशन
- ❒ राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह आउट, नीरज सिंह इन
- ❒ सपा से बगावत करने वाली पूजा पाल को बनाया उपाध्यक्ष
- ❒ मौजूदा टीम के 25 चेहरे हुए प्रदेश कार्यकारिणी से बाहर



लखनऊ। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गुरुवार को प्रदेश भाजपा की नई टीम घोषित हो गई। मिशन-2027 के चलते प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी की टीम का आकार बढ़ाया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और प्रदेश मंत्री के कुल छह पद बढ़ गए हैं। वहीं नई टीम में 60 फीसदी नये चेहरों को शामिल किया गया है जबकि दो दर्जन से अधिक मौजूदा चेहरों को जगह नहीं मिली है। सामाजिक समीकरण साधने के साथ ही आधी आबादी की भागीदारी बढ़ाई गई है। टीम में सर्वाधिक हिस्सेदारी ओबीसी को मिली है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र पंकज सिंह के स्थान पर उनके दूसरे बेटे नीरज सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने छह क्षेत्रीय अध्यक्ष और मोर्चा अध्यक्ष भी घोषित कर दिए हैं। टीम बनाने में पार्टी का फोकस पीडीए की काट के मद्देनज़र ओबीसी और दलितों पर रहा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन को मिलाकर प्रदेश टीम में अब 48 पदाधिकारी होंगे। अभी कोषाध्यक्ष व सह कोषाध्यक्ष घोषित नहीं किए गए हैं। माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यूपी भाजपा की टीम में पदाधिकारी बढ़ाए गए हैं। इस बार 17 की जगह 19 प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं प्रदेश महामंत्रियों की संख्या सात से बढ़ाकर आठ की गई है। प्रदेश मंत्री अब 16 की जगह 19 होंगे। खास बात यह है कि मौजूदा पदाधिकारियों में से 25 को नई टीम में जगह नहीं मिली है। पश्चिम से पूर्व मंत्री सुरेश राणा को उपाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं प्रियंका रावत, शंकर गिरि, अभिजात मिश्रा, ● शेष पेज 11 पर

## अब टीके, सूक्ष्मजीवरोधी और कैंसर की दवा पर क्यूआर कोड अनिवार्य

नयी दिल्ली। सरकार ने नकली और घटिया दवाइयों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 'क्यूआर कोड' आधारित प्रणाली का दायरा बढ़ा दिया है ताकि इसमें सभी सूक्ष्मजीवरोधी, टीके, कैंसर-रोधी और मनःप्रभावी दवाइयों को शामिल किया जा सके।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'औषधि नियमावली, 1945' में बदलावों को अधिसूचित किया है। इसके तहत दवाइयों की इन श्रेणियों को 'अनुसूची एच2' में शामिल किया गया है, जिसके लिए उत्पाद की पहचान और सत्यापन के लिए बार कोड या 'क्विक रिस्पॉन्स' (क्यूआर) कोड का इस्तेमाल करना जरूरी है। मंत्रालय ने कहा कि संशोधित प्रावधानों के तहत, विनिर्माताओं को दवा के प्राथमिक पैकेजिंग लेबल पर, या अगर जगह की कमी हो तो द्वितीयक ● शेष पेज 11 पर

# कर्नाटक में पकड़ा गया संदिग्ध आतंकी

एजेंसी

- ❒ अयोध्या के राम मंदिर पर हमले की बना रहा था योजना

बेंगलुरु। कर्नाटक के दावणगेरे ज़िले में उत्तर प्रदेश के एक 20 वर्षीय युवक की गिरफ़्तारी के साथ ही अयोध्या के राम मंदिर पर हमले की एक कथित साज़िश को नाकाम कर दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।


आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर के रहने वाले सुहैल के तौर पर हुई है। उसे हरिहर से गिरफ़्तार किया गया, जहाँ वह कथित तौर पर पिछले 15 दिनों से एक फ़ैक्ट्री में काम कर रहा था। जाँचकर्ताओं का दावा है कि संदिग्ध ने अयोध्या मंदिर को निशाना बनाने की योजनाओं पर चर्चा की थी और उसके मोबाइल फ़ोन से बरामद आपत्तिजनक सामग्री की जाँच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, उसके डिवाइस पर हथियार लिए हुए आरोपी की तस्वीरें, पाकिस्तानी फ़ोन नंबरों से जुड़े संपर्क और राम मंदिर पर हमले का ज़िक्र करने वाली कथित ऑडियो क्लिप मिली हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुछ रिकॉर्डिंग में मंदिर में धमाका करने के बारे में उर्दू-मिश्रित हिंदी में बातचीत शामिल है। दावणगेरे के पुलिस अधीक्षक एच.टी. शेखर ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि सुहेल के पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों से कथित संबंध थे और वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए संदिग्ध ● शेष पेज 11 पर

# नौवीं कक्षा के छात्र पढ़ेंगे 'आपातकाल का इतिहास'

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे विवादित हिस्सा माना जाने वाले आपातकाल का इतिहास अब नौवीं कक्षा के छात्र पढ़ेंगे। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा नौ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में इसे शामिल किया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी सराहना करते हुए कहा है कि नई पीढ़ी को सच्चाई पता होना जरूरी है। गुरुवार को मीडिया से बातचीत में शिक्षा मंत्री ने कहा कि एनसीईआरटी ने अच्छा काम किया है। आने वाली पीढ़ियों को आपातकाल के 'काले दौर' का पता होना चाहिए, ताकि दोबारा ऐसी स्थिति नहीं बने। भाजपा ने भी इसका समर्थन किया है।

पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने कथित तौर पर हर संवैधानिक संस्था पर हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐतिहासिक तथ्यों को नकारने की कोशिश के साथ इस पाठ को शामिल करने का विरोध कर रही है। यह आज भी उसकी 'आपातकाल लगाने वाली सोच' को जाहिर करता है। बता दें कि 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाया गया था। यह राजनीतिक उथल-पुथल और अदालत के उस फैसले के बाद किया गया, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अमान्य घोषित किया गया था। जानकारी के अनुसार, पाठ्यपुस्तक के एक पैराग्राफ में कहा गया है, 'भारत में लोकतंत्र के लिए एक बड़ी चुनौती तब सामने आई जब 1975-77 में आपातकाल लगाया गया। 1970 के दशक की शुरुआत में, इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार से लोगों की नाराज़गी बढ़ रही ● शेष पेज 11 पर




# लखनऊ में क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित करेगी भारत सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की घोषणा
- ❒ चना, मसूर एवं सरसों खरीद अवधि बढ़ाने की मंजूरी

लखनऊ। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश के बागवानी क्षेत्र को नई गति देने के लिए लखनऊ में क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित किए जाने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण, प्रमाणित और रोगमुक्त पौधे उपलब्ध कराना है, जिससे उद्यानिकी उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

यह घोषणा गुरुवार को लखनऊ स्थित योजना भवन के वैचारिकी सभागार में आयोजित बैठक के दौरान की गई, जहां केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के कृषि रोडमैप, कृषि क्षेत्र से संबंधित केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं तथा ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की संयुक्त समीक्षा की। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश कभी बीमारू राज्यों की श्रेणी में गिना जाता था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास के नए मानक स्थापित कर रहा है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में हो रहे बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में कृषि उत्पादन, बुनियादी ढांचे और किसानों के कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने किसानों के हित में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए चना, मसूर और सरसों की सरकारी खरीद अवधि बढ़ाने की मंजूरी प्रदान की। उन्होंने इस संबंध में स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए केंद्र सरकार और केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे अधिक संख्या में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अपनी उपज बेचने का अवसर मिलेगा और उनकी आय सुरक्षा मजबूत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री के लखनऊ आगमन का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत नए आवासों की स्वीकृति, दलहन और तिलहन फसलों की खरीद अवधि बढ़ाने तथा क्लीन प्लांट सेंटर की स्थापना जैसे निर्णय राज्य के किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में देश का कृषि क्षेत्र नई दिशा प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने शिवराज सिंह चौहान के मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में लंबे अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मध्य प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की थीं और अब उनके अनुभव का लाभ पूरे देश को मिल रहा है। बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा तैयार ''विकसित कृषि अ2047 : उत्तर प्रदेश कार्ययोजना'' पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। आईसीएआर के महानिदेशक ने बताया कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कृषि क्षेत्र में जलवायु अनुकूल विकास, कृषि विविधीकरण, विज्ञान आधारित खेती, संसाधन आधारित नियोजन, मूल्य श्रृंखला सुदृढ़ीकरण और समन्वित शासन व्यवस्था को प्राथमिकता देनी होगी। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश की कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था लगभग 7.41 ट्रिलियन रुपये की है। इसे वर्ष 2047 तक बढ़ाकर 96.96 ट्रिलियन रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके लिए कृषि विकास दर को वर्तमान 3.19 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.41 प्रतिशत तक ले जाने की रणनीति तैयार की गई है। कार्ययोजना के अनुसार भविष्य की कृषि केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, निर्यात क्षमता और कृषि आधारित उद्योगों के विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत धान और गेहूं पर अत्यधिक निर्भरता कम करते हुए दलहन, तिलहन, मोटे अनाज, मक्का, ● शेष पेज 11 पर



# नीट-यूजी 2026 पेपर लीक पर कांग्रेस का हमला, उमंग सिंघार ने मांगा धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा

❒ 25 जून से ''छात्रों की गूंज'' अभियान शुरू, 1 अगस्त को कलेक्ट्रेट का घेराव, 9 अगस्त को संसद घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार ने बुधवार को प्रयागराज में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गक्क्ठ-ठक्क 2026 पेपर लीक प्रकरण और देश की परीक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी ''छात्रों की गूंज'' अभियान की जानकारी भी दी।

श्री सिंघार ने कहा कि गक्क्ठ-ठक्क 2026 प्रकरण ने साबित कर दिया कि देश की परीक्षा व्यवस्था भरोसे के संकट से गुजर रही है। 3 मई 2026 को हुई गक्क्ठ-ठक्क परीक्षा पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द करनी पड़ी और मामला एउक्र को सौंपा गया। 20 लाख से अधिक मेडिकल अभ्यर्थियों को दोबारा परीक्षा देने की नौबत आई। यह केवल परीक्षा रद्द होने का मामला नहीं, बल्कि लाखों छात्रों की मेहनत, भरोसे और मानसिक शांति पर सीधा आघात है।

### ''यह पेपर लीक नहीं, भविष्य लीक है''

उन्होंने कहा कि पेपर लीक अब कुछ छात्रों की नकल नहीं रहा। यह वेंडर एजेंसियों, प्रिंटिंग प्रेस, परिवहन श्रृंखला, परीक्षा केंद्रों, बिचौलियों और सॉल्वर गैंग का संगठित नेटवर्क बन चुका है।

### कांग्रेस की 3 बड़ी मांगें

1. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। पेपर लीक माफिया, वेंडर एजेंसियों और अधिकारियों के राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच हो।

2. गङ्कइ, पेपर सेटिंग, प्रिंटिंग, ट्रांसपोर्ट और परीक्षा केंद्र समेत पूरी व्यवस्था का ओवरहॉल हो और हर चरण सुरक्षित किया जाए।

3. वार्षिक परीक्षा-भर्ती कैलेंडर तय हो। परीक्षा तिथि, रिजल्ट और नियुक्ति की समयसीमा पहले से घोषित हो।

श्री सिंघार ने कहा - ''मोदी जी, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा क्यों नहीं ले रहे? देश में शिक्षा अब अधिकार नहीं, व्यापार बन गई है। छात्र फ़ेल नहीं हो रहे, शिक्षा मंत्रालय और गङ्कइ छात्रों को फ़ेल कर रहे हैं।

न्यूज़लॉन्ड्री की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 10 साल में 89 संदिग्ध पेपर लीक से 6.5 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए। इंडिया टुडे के मुताबिक 2019 के बाद 64 बड़ी परीक्षाएं लीक के आरोपों से घिरीं, जिनमें 45 सरकारी भर्ती परीक्षाएं थीं। ''सरकार छात्रों से मेहनत मांगती है, लेकिन एक प्रश्नपत्र तक सुरक्षित नहीं रख पाती। यह परीक्षा सुधार नहीं, परीक्षा घोटाला है,'' श्री सिंघार ने कहा।

### छात्रों की गूंज'' अभियान

कांग्रेस ने 25 जून से 9 अगस्त 2026 तक 40 दिवसीय ''छात्रों की गूंज'' अभियान शुरू किया है। यह देश के 28 प्रमुख शहरों में छात्रों, अभ्यर्थियों, कोचिंग संस्थानों, कॉलेजों और पुस्तकालयों में चलेगा।अगस्त 2026 को सभी 28 शहरों में कलेक्टरेट घेराव और 9 अगस्त 2026 को दिल्ली में संसद घेराव कर छात्रों की आवाज केंद्र सरकार तक पहुंचाई जाएगी।

# बडोखर पीएचसी में नहीं मिलते डॉक्टर-फार्मासिस्ट मरीजों को इलाज के लिये जाना पड़ता है 25 किमी दूर

❒ शिकायत के बाद एसडीएम करेगें जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव विकास खंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बडोखर में डॉक्टर और फार्मासिस्ट की नियमित अनुपस्थिति के कारण क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। मरीजों को इलाज के लिए 25 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव जाना पड़ रहा है। इस संबंध में हंडिया निवासी शिवेंद्र सिंह उर्फ धीरज सिंह ने एसडीएम कोरांव संदीप तिवारी से शिकायत की है।

शिवेंद्र सिंह ने एसडीएम को बताया कि पीएचसी बडोखर में तैनात डॉक्टर और फार्मासिस्ट समय पर ड्यूटी पर नहीं आते हैं। इस लापरवाही के कारण बुखार, चोट और प्रसव जैसे सामान्य मामलों में भी ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि गरीब और बुजुर्ग मरीजों के लिए यह दूरी एक बड़ी समस्या बन गई है।बार शिकायतें की थीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



शिवेंद्र सिंह ने मांग की है कि डॉक्टर नियमित रूप से पीएचसी पर बैठें, ताकि हंडिया, बडोखर और आसपास के गांवों के लोगों को प्राथमिक उपचार स्थानीय स्तर पर ही मिल सके। शिकायत सुनने के बाद एसडीएम संदीप तिवारी ने मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही पीएचसी बडोखर का स्वयं निरीक्षण करेंगे और प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एख्रग) को पत्र लिखकर डॉक्टर और फार्मासिस्ट की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह करेंगे। उन्होंने जोर दिया कि हर वर्ग के लोगों को समय पर इलाज मिलना उनका अधिकार है। एसडीएम के इस आश्वासन से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है। लोगों का मानना है कि यदि निरीक्षण के बाद डॉक्टर नियमित रूप से आने लगें, तो हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक के.बी. सिंह ने बताया कि हर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला कैंप लगता है। साथ ही, मंगलवार और गुरुवार को एक डॉक्टर नियमित रूप से ओपीडी में बैठते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट और एक एनजीओ के माध्यम से एक वार्ड बॉय की नियुक्ति की गई है, और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए और भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## तेज रफ्तार अमूल पिकअप ने खड़ी कार को रौंदा



**निगोहां, लखनऊ, केनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के हरिवंश खेड़ा नर्सरी के पास गुरुवार को एक तेज रफ्तार अमूल दूध पिकअप ( यूपी 32 बीटी 5648) ने सड़क किनारे खड़ी वेगनआर कार (यूपी 32 एलटी 4295) में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर पास स्थित एक होटल में जा घुसी। हादसे में कार में बैठी दीपक वर्मा की मासूम बेटी घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय दीपक वर्मा और उनकी पत्नी कार से कुछ दूरी पर सड़क किनारे आम खरीद रहे थे। यदि वे कार में मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने घायल बच्ची को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा तथा दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान कर तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## डिजिटल इंडिया के संकल्प को सरोजनीनगर में साकार कर रहे हैं: विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह




**लखनऊ।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के "Digital India" अभियान तथा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के डिजिटल उत्तर प्रदेश एवं आत्मनिर्भर भारत के विजन को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से सरोजनीनगर विधानसभा में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा ३डिजिटल सरोजनीनगर३ की अभिनव परिकल्पना को निरंतर साकार किया जा रहा है। इसी संकल्प के अंतर्गत संचालित रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केन्द्र आज युवाओं के कौशल विकास एवं आमजन तक डिजिटल सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम बन चुके हैं। वर्तमान में सरोजनीनगर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में 17 रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केन्द्र संचालित हैं, जहाँ आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों और युवाओं को पूर्णतः निःशुल्क डिजिटल एवं कंप्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। इन केन्द्रों पर DCA, ADCA, CCC, O-Level, Graphic Designing, Video Editing C²å 3D Animation जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे युवा आधुनिक तकनीकी कौशल प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसरों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से अब तक 1,001 से अधिक छात्र-छात्राएं विभिन्न डिजिटल एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जबकि 480 से अधिक विद्यार्थी वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह पहल सरोजनीनगर के युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बना रही है। डिजिटल शिक्षा के साथ-साथ 17 केन्द्रों में से 7 केन्द्रों पर ई-गवर्नेंस सेवाएं भी संचालित की जा रही हैं, जहाँ अब तक 7,000 से अधिक नागरिकों ने विभिन्न ऑनलाइन सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त किया है। आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र, पेंशन, छात्रवृत्ति, आधार एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित ऑनलाइन सेवाओं को लोगों के घर के निकट उपलब्ध कराकर डिजिटल सुशासन को मजबूत किया जा रहा है। डिजिटल क्रांति तभी सफल होगी, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। हमारा उद्देश्य केवल कंप्यूटर शिक्षा देना नहीं, बल्कि सरोजनीनगर के प्रत्येक युवा को तकनीकी रूप से सक्षम, आत्मनिर्भर और रोजगार योग्य बनाना है। साथ ही प्रत्येक नागरिक तक सरकारी डिजिटल सेवाओं की सरल, पारदर्शी एवं त्वरित पहुँच सुनिश्चित करना भी हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के áDigital India' अभियान और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के डिजिटल उत्तर प्रदेश के विजन को 'डिजिटल सरोजनीनगर' के माध्यम से धरातल पर उतारना हमारा संकल्प है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आने वाले समय में डिजिटल शिक्षा एवं ई-गवर्नेंस सेवाओं का यह अभियान और व्यापक बनाया जाएगा, ताकि सरोजनीनगर का प्रत्येक युवा आधुनिक तकनीक से जुड़कर आत्मनिर्भर बने तथा प्रत्येक नागरिक को डिजिटल सेवाओं का लाभ उसके अपने क्षेत्र में सहज रूप से उपलब्ध हो सके।

## विभिन्न कार्यों का दयालु ने किया शिलान्यास व लोकार्पण



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत 4 करोड़ 72 लाख की लागत से 12 इंटरलॉकिंग/सी.सी. रोड कार्यों का विधिवत पूजन अर्चन कर लोकार्पण-शिलान्यास किया इस अवसर पर आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने महमूरगंज स्थित कैंप कार्यालय में लोगों को संबोधित किया। आज का दिन उन माताओं-बहनों के लिए दीपावली जैसा है जो बरसों से बरसात में कीचड़ भरे रास्तों से गुजरती थीं। आज उनके घर तक पक्की सड़क पहुंच रही है। यह है मोदी जी की गारंटी और योगी जी का सुशासन। आज हम ?2 करोड़ 47 लाख के 7 कार्यों का लोकार्पण कर रहे हैं — यानी सारनाथ, आदमपुर, कोतवाली, दशाश्वमेध, चौकाघाट की उन बस्तियों में काम पूरा हो गया जहां बच्चे स्कूल नहीं जा पाते थे। साथ ही ?2 करोड़ 25 लाख के 5 नए कार्यों का शिलान्यास कर रहे हैं — सिगरा, लहुराबीर, पांडेयपुर, शिवपुर, रोहनिया के वार्डों में अगले 90 दिन में सड़क बनकर तैयार होगी। मैं आपसे पूछता हूं — 2017 से पहले क्या हाल था? बहन मायावती की सरकार 5 साल रही, एक ईंट नहीं लगी। अखिलेश यादव 5 साल मुख्यमंत्री रहे, लेकिन ट्रेड फ़ेसिलिटेशन सेंटर के लिए 3 साल तक जमीन नहीं दे पाए। आजम खान हज हाउस बनवाते रहे, मणिकर्णिका घाट पर व्यवस्थाएं बदहाल रहीं। गंगा पर 18 साल तक नया पुल नहीं बना। ये लोग काशी को सिर्फ चुनावी रैली का मंच समझते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने काशी को अपना परिवार माना। 10 साल में 45 हजार करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य हुए। श्री काशी विश्वनाथ धाम 900 करोड़ का, नमो घाट 100 करोड़ का, कैंसर अस्पताल 600 करोड़ का, रिंग रोड 2200 करोड़ का, गंगा पर 4 नए पुल। अब बारी बस्ती-बस्ती के विकास की है। कमल का फूल गरीब का सम्मान है। 4 करोड़ शौचालय, 10 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन, 3 करोड़ पक्का मकान, 50 करोड़ आयुष्मान कार्ड। काशी में 1.2 लाख लोगों को आयुष्मान का लाभ मिला, 80 हजार बहनों को उज्ज्वला मिला। अब हर बस्ती में सड़क — ये भी कमल की देन है। मैं डूडा के अधिकारियों को निर्देश देता हूं — 2029 तक वाराणसी की एक भी मलिन बस्ती कच्ची नहीं रहनी चाहिए। हर घर तक नाली, सड़क, स्ट्रीट लाइट, पानी पहुंचे। हम हर 3 महीने में समीक्षा करेंगे। अगले महीने 5 करोड़ के 15 नए कार्यों का प्रस्ताव शासन को भेज रहा हूं। 21 जून को योग दिवस पर पूरी दुनिया ने काशी को देखा।

# आग की लपटों ने उजाड़ा गरीब का आशियाना चार बच्चों संग खुले आसमान तले पहुंचा परिवार

❒ झोपड़ी जलकर राख, नगदी, अनाज, कपड़े व जरूरी कागजात स्वाहा; प्रशासन से मदद की गुहार

❒ निगोहां क्षेत्र के कुशमौरा गांव की घटना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्षेत्र के कुशमौरा गांव में गुरुवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक मजदूर परिवार की फूस की झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी झोपड़ी जलकर राख हो गई। हादसे में परिवार की गृहस्थी का सारा सामान, नगदी, अनाज, कपड़े, बिस्तर, बर्तन तथा महत्वपूर्ण कागजात जलकर नष्ट हो गए।

पीड़िता रोली पत्नी कल्लू अपने चार बच्चों के साथ इसी झोपड़ी में रहती थी। आग लगने पर उसके शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हैंडपंप व निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग सब कुछ निगल चुकी थी। घटना के बाद परिवार के सामने रहने और खाने-पीने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सूचना पर ग्राम प्रधान मायादेवी और हल्का लेखपाल जूही मौर्या मौके पर पहुंचीं तथा नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने और पीड़ित परिवार को दैवीय आपदा राहत कोष से सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है और मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में पीड़ित परिवार को लेकर चिंता और सहानुभूति का माहौल है।

# लखनऊ अग्निकांड के बाद प्रयागराज मंडल में 10 कोचिंग सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। लखनऊ के अलीगंज (पुरनिया) क्षेत्र में 22 जून 2026 को एक कोचिंग/एनीमेशन सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद प्रयागराज मंडल प्रशासन ने कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की व्यापक जांच शुरू कर दी है। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अब तक प्रयागराज और कौशाम्बी में कुल 10 कोचिंग एवं शैक्षणिक संस्थानों को सील किया गया है, जबकि मंडल के विभिन्न जिलों में 52 से अधिक संस्थानों का निरीक्षण किया जा चुका है।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी संस्थान को सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अग्निशमन, भवन सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा और अन्य नियामकीय मानकों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। जांच के दौरान कई संस्थानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अधिकांश संस्थानों के पास अग्निशमन विभाग का वैध एनओसी नहीं मिला, जबकि कई जगहों पर इमरजेंसी एग्जिट की व्यवस्था भी नहीं थी। कई संस्थानों में अग्निशमन यंत्र अनुपयोगी या उनकी वैधता अवधि समाप्त पाई गई। इसके अलावा स्वीकृत मानचित्र और भू-उपयोग के विपरीत संचालन, बेसमेंट में अवैध रूप से कक्षाएं और लाइब्रेरी चलाना, निर्धारित क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाना तथा विद्युत सुरक्षा मानकों की अनदेखी जैसी खामियां भी मिलीं। मंडलायुक्त ने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया है कि कुछ संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा के बजाय व्यावसायिक हितों को प्राथमिकता दी जा रही थी, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है

# मंत्री ए.के. शर्मा ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचे। इनमें नगर निकायों की सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सीवर एवं जल निकासी की समस्याएं, विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर स्थापना एवं क्षमता वृद्धि, विद्युत आपूर्ति से जुड़े प्रकरण, आवास योजनाओं के लाभ, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जनसुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। मंत्री ने एक-एक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने तथा शिकायतकर्ताओं को यथाशीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच सीधे संवाद तथा विश्वास को मजबूत करने का प्रभावी मंच है।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत आपूर्ति, नए कनेक्शन, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि तथा अन्य तकनीकी मामलों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। वहीं नगर विकास विभाग के अधिकारियों को सफाई, पेयजल, सीवर, जलभराव, आवास एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# नाबालिग से दुष्कर्म और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनी नगर, लखनऊ । महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लखनऊ कमिश्नरेट की सरोजनीनगर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले एक शातिर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता ने थाना सरोजनीनगर में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह महज 14 वर्ष की थी, तभी आरोपी अम्बुज वर्मा (उम्र करीब 27 वर्ष) ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता का एक आपत्तिजनक वीडियो भी तैयार कर लिया। इसके बाद वह वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर लगातार पीड़िता का शारीरिक व मानसिक शोषण करता रहा। लगातार मिल रही प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने साहस दिखाया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अम्बुज वर्मा के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में दुष्कर्म,पॉक्सो एक्ट एवं अन्य धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) द्वारा दो विशेष टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और स्थानीय मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की घेराबंदी की। बृहस्पतिवार को आरोपी अम्बुज वर्मा को न्यू गडौरा अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा अब उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# गोपाल विद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की जयंती पर हवन-पूजन, श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

❒ कोरांव में भावुक हुए रुद्र नारायण बाजपेई बोले, अंत्योदय के सच्चे हितैषी थे राजा मांडा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज । गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज कोरांव के संस्थापक एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती गुरुवार को श्रद्धा के साथ मनाई गई। ''राजा मांडा'' के नाम से प्रसिद्ध ठ्ठ सिंह की प्रतिमा पर विद्यालय परिसर में पूजा-पाठ और हवन-पूजन का आयोजन किया गया।

विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वे भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि राजा मांडा विनम्र, दयालु और जनहित के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। भारतीय राजनीति में सामाजिक न्याय को स्थापित करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि राजा साहब भारतीय समाज के अन्त्योदय वर्ग के सच्चे हितैषी थे। वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए उन्होंने जो काम किए, वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद साबिर अली ने भी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. विश्वनाथ प्रताप सिंह का जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। उनका व्यक्तित्व आज भी युवाओं के लिए आदर्श है। हवन-पूजन के बाद अध्यापक-अध्यापिकाओं, कर्मचारियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**छपरा जं. एवं आनन्द विहार (ट) के बीच नई सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (साप्ताहिक) रेलगाड़ी संख्या 12527/12528 का शुभारंभ**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे छपरा जं.-आनन्द विहार (ट) के बीच नई सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (सप्ताहिक) रेलगाडी संख्या 12527/12528 का नियमित संचालन निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार प्रारंभ करेगी:-

12527/12528 छपरा जं. - आनन्द विहार (ट) - छपरा जं. सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी सं.: 12527 छपरा जं.-आनन्द विहार (ट) सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (28.06.2026 रवि से प्रभावी) | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 12528 आनन्द विहार (ट)-छपरा जं. सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (29.06.2026 सोम से प्रभावी) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:50 | छपरा जं. | 09:40 | --- |
| 22:00 | 22:05 | बलिया | 08:20 | 08:25 |
| 23:05 | 23:10 | मऊ जं. | 07:10 | 07:15 |
| 23:50 | 23:55 | आज़मगढ़ | 06:30 | 06:35 |
| 01:15 | 01:20 | शाहगंज जं. | 04:50 | 04:55 |
| 01:53 | 01:55 | जौनपुर जं. | 03:28 | 03:30 |
| 03:28 | 03:30 | सुलतानपुर जं. | 01:38 | 01:40 |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 23:00 | 23:10 |
| 08:15 | 08:20 | कानपुर सेंट्रल | 21:35 | 21:40 |
| 11:48 | 11:50 | अलीगढ़ जं. | 18:08 | 18:10 |
| 13:18 | 13:20 | गाजियाबाद | 16:56 | 16:58 |
| 14:00 | --- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 16:25 |

**चलने के दिन:** 12527 छपरा जं. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.06.2026 को एवं 12528 आनन्द विहार (ट) से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.06.2026 को। **स्थान:** प्रथम वाता, वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, वाता-3 टीयर इक्नॉमिक, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2187/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रामायण सर्किट में चमकेगा चित्रकूट, तेजी से आकार ले रही श्री राम वाटिका

❒ म्यूरल्स, एम्फीथिएटर और आध्यात्मिक वातावरण से सजेगा चित्रकूट का ईको पार्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । रामायण सर्किट में चित्रकूट को नई पहचान देने के लिए बन रहे श्री राम वाटिका ईको पार्क का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। 11.38 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है।

गणेशबाग क्षेत्र के बगरेही गांव के पास विकसित हो रहा यह ईको पार्क पर्यटकों को प्रकृति, संस्कृति और भगवान राम से जुड़ी विरासत का अनूठा अनुभव देगा। इसके बनने से चित्रकूट का आकर्षण और बढ़ेगा तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक नया पर्यटन स्थल मिलेगा। यह जनकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने कहा कि, श्री राम वाटिका ईको पार्क परियोजना के अंतर्गत पर्यटकों को आकर्षक और यादगार ईको-टूरिज्म अनुभव प्रदान करने के लिए विभिन्न सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। पार्क की बाउंड्री वॉल का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि रबर फ्लोरिंग वाले पाथवे, पर्यटक सुविधा केंद्र, चेयर एवं बेंच, कलात्मक इंस्टॉलेशन तथा बच्चों के खेल उपकरणों सहित कई प्रमुख कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। इसके साथ ही भगवान राम की वन गमन यात्रा को दर्शाने वाले लाल बलुआ पत्थर के म्यूरल्स भी विकसित किए जा रहे हैं, जो उनके वनवास काल की यात्रा को दृश्य रूप में प्रस्तुत करेंगे।

### एम्फीथिएटर में जीवंत होगी रामायण की गाथा

परियोजना में कैफ़ेटेरिया और सामूहिक बैठक के लिए गजेबो स्पेस भी विकसित किया जा रहा है, जिनका लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके अतिरिक्त, 200 से 250 लोगों की बैठने की क्षमता वाला एक ओपन-एयर एम्फीथिएटर भी बनाया जा रहा है, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भगवान राम के वनवास काल पर आधारित प्रोजेक्शन मैपिंग शो का आयोजन किया जा सकेगा। पार्क की प्राकृतिक सुंदरता और मनोरंजक आकर्षण को बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर उद्यान विकास का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे पर्यटकों को प्रकृति, संस्कृति और आध्यात्मिक वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

# योगेश्वर कृष्ण का विराट स्वरुप है विराट श्री कृष्ण चालीसा: डॉ. एस पी सिंह

❒ पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर दिव्या चौधरी एवम लोकसभा सांसद डॉ. एसपी सिंह ने किया

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । श्रीमदभागवत गीता के ग्यारहवें अध्याय में वर्णित भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरुप की काव्यात्मक स्तुति को साहित्यकार एवं चिंतक विजय मिश्रा ने कलमबद्ध कर ''विराट श्री कृष्ण चालीसा'' का रूप प्रदान किया है। निर्जला एकादशी के दिन गुरुवार को गोमती नगर स्थित लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ़ प्रोफ़ेशनल स्टडीज में लेखक की पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर दिव्या चौधरी एवम लोकसभा सांसद डॉ. एसपी सिंह ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सिंह ने लेखक विजय प्रकाश मिश्रा को इस महत्वपूर्ण कृति के लिए बधाई देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व जीवन प्रबंधन, नेतृत्व, कर्तव्य एवं आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक समाज के विभिन्न वर्गों में व्यापक रूप से लोकप्रिय होगी तथा लोगों को जीवन में सकारात्मक प्रेरणा प्रदान करेगी।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) दिव्या चौधरी, निदेशक, जागरण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कानपुर; विशिष्ट अतिथि रूप में प्रसिद्ध मीडिया पर्सनैलिटी स्वाति श्रीवास्तव; प्रो. (डॉ.) अमिता कनौजिया, डीन स्टूडेंट वेलफ़ेयर, लखनऊ विश्वविद्यालय; प्रो. राजकुमार सिंह, एमिटी विश्वविद्यालय; फिल्म मेकर निवेदिता शुक्ल तिवारी, निदेशिका नेहा सिंह एवम गरिमा सिंह तथा वरिष्ठ पत्रकार रवि गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। स्वागत भाषण डॉ. लक्ष्मी शंकर अवस्थी ने प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने पुस्तक की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला।श्री अवस्थी ने ''विराट श्री कृष्ण चालीसा'' को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह कृति केवल भक्ति का माध्यम ही नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का एक प्रभावी प्रयास है।

लेखक विजय प्रकाश मिश्रा ने पुस्तक की रचना-यात्रा, उसके उद्देश्य तथा श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को जन-जन तक पहुँचाने की अपनी भावना को साझा किया। डॉ. संजय प्रताप सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, विद्वानों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रूसी प्रतिनिधिमंडल ने सराहा लखनऊ का कूड़ा निस्तारण मॉडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी लखनऊ में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और कूड़ा निस्तारण की आधुनिक व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। गुरुवार को रूस की टेकपॉलिमर ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार से मुलाकात कर नगर निगम की कूड़ा प्रबंधन प्रणाली का अध्ययन किया।

बैठक में नगर निगम द्वारा अपनाई जा रही वैज्ञानिक कूड़ा निस्तारण तकनीकों, स्वच्छता व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। रूसी प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की कई उपयोगी तकनीकों और कार्यप्रणाली को अपने देश में अपनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस दौरान बायो-माइनिंग, बायो-रिमेडिएशन, लैंडफिल पुनर्वास, लीचेट ट्रीटमेंट, वेस्ट-टू-वैल्यू और वेस्ट-टू-एनर्जी जैसी आधुनिक तकनीकों पर भी विचार-विमर्श हुआ। दोनों पक्षों ने भविष्य में तकनीकी सहयोग, अनुभवों के आदान-प्रदान तथा पर्यावरण अनुकूल कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर चर्चा की। रूसी प्रतिनिधिमंडल ने स्वच्छ एवं सतत शहरी विकास के क्षेत्र में लखनऊ नगर निगम के साथ भविष्य में भी सहयोग बनाए रखने की इच्छा जताई। बैठक में टेकपॉलिमर ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के मालिक इवान, सीआईएस क्षेत्र की निदेशक इरीना पिंगोरिना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमर दीप सिंह, निदेशक यज्ञदत्त त्यागी और वाइस प्रेसिडेंट अभिषेक गर्ग भी मौजूद रहे।

# समर्थ 2.0 इंटर्नशिप पहल के प्रतिभागियों के लिये आयोजित हुआ विज्ञान जन जागरूकता कार्यक्रम

❒ कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा उन्हें अनुसंधान एवं नवाचार की दुनिया से परिचित कराना था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सीडीआरआई एलुमनाई एसोसिएशन ने अपने मातृ संस्थान सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान(सीडीआरआई), लखनऊ के सहयोग से गुरुवार को एक विज्ञान जनजागरूकता (साइंस आउटरीच) कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा उन्हें अनुसंधान एवं नवाचार की दुनिया से परिचित कराना था। यह कार्यक्रम सीएसआईआर-सीडीआरआई की निदेशक एवं सीडीआरआई एलुमनाई एसोसिएशन की संरक्षक डॉ. राधा रंगराजन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस संबंध में सीडीआरआई एलुमनाई एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. मधु दीक्षित तथा सचिव डॉ. संजय बत्रा ने बताया कि एलुमनाई एसोसिएशन अपने मातृ संस्थान के साथ मिलकर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर युवाओं को विज्ञान एवं अनुसंधान से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह एसोसिएशन द्वारा आयोजित पहला विज्ञान जनजागरूकता कार्यक्रम है और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत एसोचैम उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड विकास परिषद 'समर्थ 2.0' इंटर्नशिप पहल से जुड़े 16 विद्यार्थियों ने सीएसआईआर-सीडीआरआई का भ्रमण किया। ये प्रतिभागी यूपीईएस, देहरादून, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय तथा लखनऊ के बीबीडी विश्वविद्यालय से संबंधित थे।

## भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा पर आनंद द्विवेदी ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश पदाधिकारियों की नई टीम की घोषणा किए जाने पर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दीं। आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व एवं प्रदेश संगठन द्वारा घोषित नई टीम अनुभवी, समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं का सशक्त समूह है। सभी पदाधिकारियों के संगठनात्मक अनुभव और कार्यशैली से भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में और अधिक सशक्त होगी तथा संगठन को नई ऊर्ज़ा एवं गति मिलेगी।

## कांग्रेस की 'तानाशाही मानसिकता' का नतीजा था आपातकाल : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का नतीजा था। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में गुरूवार को लिखा कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून, 1975 वह काला दिन है, जब कांग्रेस, खासकर तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'सत्ता के अहंकार' में चूर होकर देश पर आपातकाल थोपा था। इसके ज़रिए उन्होंने संविधान को अपने शिकंजे में कसकर जनता के मूलभूत अधिकारों और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर जमकर प्रहार किया। उन्हें गहरी चोट पहुंचाई। उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि 'संविधान हत्या दिवस' हमें उस काले दौर की याद दिलाता है, जब असहमति की आवाज़ों को कुचला गया, प्रेस की स्वतंत्रता पर पहरा बिठाया गया और लोकतंत्र सेनानियों को बेरहमी से जेलों की सलाख़ों के पीछे डाल दिया गया। यह आपातकाल कांग्रेस की 'तानाशाही मानसिकता' का नतीजा था। केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा लोकतंत्र की रक्षा के लिए तब की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अडिग रहकर संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों का साहस, त्याग और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। इस काले दौर का डटकर मुकाबला करने वाले उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को बारंबार कोटि-कोटि नमन।

## अब तक 75 जनपदों में 1500 से अधिक युवा पर्यटन क्लब गठित: जयवीर सिंह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** युवा पर्यटन क्लब के अंतर्गत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए 03 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। युवा पर्यटन क्लब का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पर्यटन राजदूतों के रूप में विकसित करना है। इन पर्यटन क्लबों की प्राकृतिक संपदा के संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवा पर्यटन क्लबों में विभिन्न स्कूलों एवं कालेजों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शामिल किया गया है। अब तक 75 जनपदों में 1500 से अधिक युवा पर्यटन क्लब गठित करते हुए 30 हजार से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ा गया है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि युवा पर्यटन क्लबों द्वारा रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों में पर्यटन के प्रति रूचि जगाने के साथ ही रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहित और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। उ0प्र0 में पर्यटन के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास हो रहा है। युवाओं के लिए इस क्षेत्र में कैरियर की असीम संभावनायें हैं। इसी दृष्टिकोण से पर्यटन विभाग अधिक से अधिक युवाओं को पर्यटन से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पर्यटन सेक्टर में युवा शक्ति के आने से पर्यटन में और तेजी से विकास होगा। इसके साथ ही देश प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूती मिलेगी। जयवीर सिंह ने आगे बताया कि उ0प्र0 केवल आस्था का केन्द्र नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, अध्यात्मिक परम्परा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। इसलिए पर्यटन विकास को केवल आधारभूत ढ़ाचे तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने के लिए प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में आस्था स्थलों को सहेजा जा रहा है। इससे स्थानीय उत्पादों हस्तशिल्प, पारम्परिक कला, खानपान एवं सेवा सेक्टर को व्यापक अवसर प्राप्त होगा। इसको आगे बढ़ाने में पर्यटन क्लबों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## अलीगंज अग्निकांड में दिवंगत छात्रों को दी गयी श्रद्धांजलि, निकला शांति मार्च

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बीते दिनों अलीगंज में हुए भीषण अग्निकांड में दिवंगत होने वाले छात्र- छात्राओं को गुरुवार आलमबाग गुरुद्वारा की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई और एक शांति मार्च निकाला गया। यह मार्च गुरुद्वारा आलमबाग से प्रारंभ होकर रामनगर, आलमबाग क्रॉसिंग होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। शांति मार्च में शामिल संगत ने दिवंगत छात्र -छात्राओं की आत्माओं की शांति एवं उनके परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए अरदास की गई। इस अवसर पर दशमेश पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सरबजीत कौर एवं विद्यालय के शिक्षकगण भी शांति मार्च में शामिल हुए। मार्च में गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य निर्मल सिंह, त्रिलोक सिंह, रतपाल सिंह, हरजीत सिंह सरला, राजेंद्र सिंह राजू, इकबाल सिंह, गुरदीप सिंह, इंदर पाल सिंह, भूपिंदर सिंह, परविंदर सिंह तथा इंदर मोहन चावला सहित बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया।

# जीएसटीएटी में ई-फाइलिंग पर ऑनलाइन कार्यशाला, 200 कर पेशेवरों ने लिया हिस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) लखनऊ पीठ एवं उत्तर प्रदेश जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जीएसटीएटी में अपीलों की ई-फाइलिंग विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य कर पेशेवरों को नव प्रारंभ किए गए ई-फाइलिंग पोर्टल और उसकी प्रक्रिया की जानकारी देना था। कार्यक्रम में जीएसटीएटी लखनऊ पीठ के न्यायिक सदस्य संतोष कुमार श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार, तकनीकी सदस्य (केंद्र) आलोक चोपड़ा तथा तकनीकी सदस्य (राज्य) अरविंद कुमार सहित संयुक्त पंजीयक अर्निका यादव, सहायक पंजीयक आशीष वर्मा एवं एनआईसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए कुमार सौरव ने बताया कि 30 जून 2026 को अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि को देखते हुए यह कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि नए ई-फाइलिंग पोर्टल के उपयोग में कर पेशेवरों को आ रही तकनीकी व व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए यह पहल की गई।

तकनीकी सत्र में सीए ऋषभ मिश्रा ने जीएसटीएटी में ई-फाइलिंग की पूरी प्रक्रिया का चरणबद्ध प्रदर्शन किया। वहीं एनआईसी अधिकारियों ने प्रतिभागियों के तकनीकी प्रश्नों का समाधान किया। वेबिनार में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, विजयवाड़ा और सलेम सहित देश के विभिन्न शहरों से करीब 200 कर पेशेवरों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जीएसटीएटी में अपीलों की समयबद्ध और त्रुटिरहित ई-फाइलिंग में मदद मिलेगी।

# उत्तर प्रदेश में स्थापित होगा एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित बैठक में प्रदेश में ट्रॉमा एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ एवं अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क (यूपीटीईएन) की स्थापना के संबंध में एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण के उपरांत मुख्य सचिव ने एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क की स्थापना के प्रस्ताव पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए आवश्यक अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, अमित कुमार घोष ने बताया कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर जलन, हृदयाघात, स्ट्रोक, सेप्सिस, विषाक्तता तथा प्रसूति एवं बाल चिकित्सा संबंधी आपात स्थितियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए वर्तमान में एक समन्वित एवं एकीकृत प्रणाली का अभाव है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ट्रॉमा एवं आपातकालीन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए गठित टेक्निकल टास्क फोर्स कमेटी ने राज्यव्यापी एकीकृत ट्रॉमा एवं आपातकालीन प्रणाली की स्थापना की संस्तुति की है।

इसके अंतर्गत स्तर-1 में 11 शीर्ष एवं प्रमुख शिक्षण संस्थानों को शामिल किया जाएगा, जबकि स्तर-2 में 36 मेडिकल कॉलेजों को जोड़ा जाएगा। स्तर-3 पर प्राथमिक स्तर पर मरीजों के स्थिरीकरण (स्टेबलाइजेशन) के लिए 126 केंद्रों को चिन्हित किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रारंभिक चरण में 137 निजी चिकित्सा संस्थानों को भी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।

इस प्रकार यूपीटीईएन के प्रथम चरण में कुल 310 चिकित्सा इकाइयों एवं केंद्रों को शामिल किया जाएगा। आवश्यकता के अनुसार भविष्य में इस नेटवर्क का विस्तार भी किया जा सकेगा। परियोजना को व्यवहारिकता के आधार पर तीन चरणों में लागू किए जाने का प्रस्ताव है।

# अलीगंज अग्निकांड के दिवंगत छात्रों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

❒ सपा कार्यकर्ताओं ने निकाला कैंडल मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चिनहट , लखनऊ । अलीगंज के पुरनिया क्षेत्र स्थित कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग में असमय जान गंवाने वाले छात्र-छात्राओं की स्मृति में चिनहट प्रथम, वार्ड संख्या-50 में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मौन कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत छात्रों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

श्रद्धांजलि सभा में वार्ड-14 मल्हौर-भरवारा की पार्षद श्रीमती ममता रावत की उपस्थिति में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर मौन मार्च निकाला और दिवंगत छात्रों को नमन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता गब्बर यादव, जीतू यादव, डीपी यादव (प्रवक्ता), मोहम्मद चांद (सेक्टर प्रभारी, गंगा विहार), विजय यादव, आशीष शर्मा (जिला उपाध्यक्ष, लोहिया वाहिनी), मोहम्मद आरिफ, बृजेंद्र सिंह, विनोद यादव, रवि महतव, गोविन्द भाई, मनीष भाई तथा शुभम यादव (वार्ड अध्यक्ष, चिनहट द्वितीय) सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कैंडल मार्च के दौरान माहौल बेहद भावुक रहा। हाथों में मोमबत्तियां, आंखों में नमी और दिलों में पीड़ा लिए लोगों ने दिवंगत छात्र-छात्राओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में हुआ यह हृदयविदारक हादसा पूरे समाज को झकझोर देने वाला है और इसकी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना की तथा ईश्वर से पीड़ित परिवारों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## लखनऊ अग्निकांड के बाद परिवहन विभाग अलर्ट, बसों में फायर सेफ्टी की होगी सघन जांच

लखनऊ । प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज अग्निकांड के बाद योगी सरकार लोगों को सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क हो गई है। विभिन्न विभागों ने ऐसे हादसों को रोकने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने यात्री सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर प्रदेशभर में अगले 30 दिनों तक विशेष अभियान चलाकर स्लीपर बसों, स्कूल बसों, स्टेज कैरिज बसों और कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बसों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और उनकी कार्यशीलता की सघन जांच की जाएगी। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लखनऊ अग्निकांड ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और उनकी प्रभावशीलता जनजीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी संभागीय और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन को लेकर एआरपी एसोसिएशन ने शिक्षाविद् डॉ. सुनीता गांधी से की भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता, निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बच्चों में शैक्षिक एवं संस्कारगत विकास को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एआरपी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रख्यात शिक्षाविद् एवं शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. सुनीता गांधी से शिष्टाचार भेंट की।

बैठक के दौरान प्राथमिक शिक्षा की वर्तमान चुनौतियों, बच्चों को निपुण बनाने की रणनीतियों, विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण के निर्माण, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के विकास तथा शिक्षण पद्धतियों में नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. सुनीता गांधी ने बच्चों की सीखने की क्षमता को विकसित करने के लिए सरल,रोचक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है। बच्चों को निपुण बनाने, सीखने के स्तर में सुधार लाने,शिक्षकों के क्षमता संवर्धन के लिए अनुभवों एवं शैक्षिक मॉडलों का सहयोग,नवाचार आधारित कार्यक्रमों के संचालन की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही ने कहा कि एआरपी एसोसिएशन का उद्देश्य प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सकारात्मक प्रयासों को गति प्रदान करना है। डॉ. सुनीता गांधी जैसे अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शिक्षाविदों के अनुभव और मार्गदर्शन से निश्चित रूप से बेसिक शिक्षा को नई दिशा मिलेगी।

एआरपी प्रतिनिधिमंडल में पुष्पेंद्र दुबे,प्रवीण चौधरी,डॉ0 पूनम सिंह, हरि शंकर राठौर,ज्ञानेश्वर पाठक,शरद राय,सत्येंद्र शुक्ला, पवन वर्मा,मनोज द्विवेदी,मो रियाज तथा उपेंद्र शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# सीतापुर प्रशासन का बड़ा एक्शन: बेसमेंट में नहीं चलेंगे कोचिंग सेंटर, 3 दिन में होगी सुरक्षा जांच

❒ बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर ने यह स्पष्ट किया कि बेसमेंट में किसी कीमत पर कोचिंग का संचलान नहीं होगा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद में संचालित कोचिंग सेंटरों, होटल, लाइब्रेरी एवं अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अग्नि सुरक्षा, भवन सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में किसी भी स्थिति में बेसमेंट में कोचिंग सेंटर संचालित नहीं किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त कोचिंग सेंटरों का विशेष अभियान चलाकर आगामी तीन दिनों के भीतर शत-प्रतिशत निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान भवन की संरचनात्मक सुरक्षा, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन निकास द्वार, विद्युत सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक मानकों का गहन परीक्षण किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि जिन संस्थानों में एयर कंडीशनर (एसी) स्थापित हैं, उनके संचालक समय-समय पर एसी की सर्विसिंग एवं रखरखाव कराना सुनिश्चित करें, जिससे तकनीकी खराबी अथवा शॉर्ट सर्किट के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों में अग्निशमन यंत्र पूर्णतः क्रियाशील अवस्था में उपलब्ध हों तथा कर्मचारियों को उनके उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाए।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिन संस्थानों में सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं पाया जाता है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्रतिष्ठानों में प्रवेश एवं निकास मार्ग अवरोधमुक्त रहें तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो। पुलिस अधीक्षक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं एवं आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी कोचिंग संचालकों, होटल संचालकों एवं लाइब्रेरी प्रबंधकों से अपील की कि वे सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में रखे जाएं, विद्युत वायरिंग की नियमित जांच कराई जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का सत्यापन करें तथा जहां भी कमियां पाई जाएं, उन्हें तत्काल दूर कराया जाए।

# मातृशक्ति को कानूनी अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

❒ डीएलएसए के कार्यक्रम में महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की दी गई




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिला जज/अध्यक्ष आशीष जैन के आदेशानुसार एवं आलोक यादव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) सीतापुर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सुल्तानपुर तकिया में मातृशक्ति के साथ विधिक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी रहमत अंसारी ने उपस्थित महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर, निराश्रित, महिला, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन तथा अन्य पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रतिषेध, लैंगिक समानता तथा बच्चों के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकार मित्र उर्मिला ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निःशुल्क सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विधिक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक समाधान किया गया। उपस्थित महिलाओं ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को कानूनी रूप से सशक्त बनाना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा न्याय तक उनकी सहज पहुंच सुनिश्चित करना रहा।

# प्रेम विवाह के बाद मौत का मामला: पुलिस प्रताड़ना के सदमे में युवक के पिता की जान जाने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरगांव, सीतापुर । अपनी मर्जी से आर्य समाज में प्रेमी युगल ने विवाह कर लिया था जिसके बाद युवती के परिजनों की तहरीर पर पुलिस की प्रताड़ना से सदमा लगने से युवक के पिता की मौत का मामला सामने आया है।बेटे की मौत के बाद माँ ने युवती के परिवार के एक व्यक्ति सहित कोतवाली देहात व तालगांव पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

कमला पत्नी जगदीश निवासी गांव काजी सरांय थाना तालगांव ने विपक्षी छत्रपाल उर्फ़ खेल्लू पुत्र अज्ञात निवासी महमूदपुर थाना कोतवाली देहात के विरुद्ध एसपी अंकुर अग्रवाल 24 जून को दिए गए प्रार्थनापात्र में आरोप लगाया की उसका पोता जितिन उम्र 21 वर्ष ने विपक्षी छत्रपाल की पोती योगिता कुमारी 20 वर्ष के साथ 15 जून को हिन्दू रीति रिवाज़ के साथ आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली थी।22 जून को रात्रि 11 बजे कोतवाली देहात व तालगांव पुलिस ने नाबालालिक पोते विवेक को उठा ले गई और दोनों को हाजिर न करने पर घर खुदवाने की धमकी दे डाली।20 जून को जितिन ने विवाह प्रमाण पत्र सहित बालिग होने का हाईस्कूल अंक पत्र पुलिस को शपथ पत्र के माध्यम से दिया था बावजूद इसके तालगांव व कोतवाली देहात पुलिस द्वारा लगातार युवक के परिवार वालों को प्रताड़ित किया जा रहा था।पुलिस की प्रताड़ना से आहात होकर जितिन के पिता राजू की 23 जून को सदमा लगने से मौत हो गई।पीड़िता का यह भी आरोप है कि युवती के परिजन द्वारा 10 लाख की डिमांड की जा रही थी डिमांड पूरी न होने के बाद पुलिस द्वारा प्रताड़ित करवाया जा रहा था जिस कारण उसके बेटे की सदमा लगने से मौत हो गई है।मामले की गंभीरता देखते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

# बीज भंडार में किसानों का हक़ लूटने का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। प्रदेश सरकार जहां किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन बढ़ाने का दावा कर रही है, वहीं विकास खंड सकरन स्थित राजकीय बीज भंडार पर किसानों के साथ भेदभाव और मनमानी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। बीज भंडार प्रभारी पंकज कुमार पर लघु एवं सीमांत किसानों को बीज से वंचित करने, महिला किसानों से अभद्र व्यवहार करने तथा दलालों के माध्यम से खास लोगों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगे हैं। मामले ने तूल पकड़ लिया है और किसान संगठनों ने भी मोर्चा खोलने के संकेत दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार खरीफ फसल की बुवाई का समय नजदीक आते ही किसान बीज लेने के लिए राजकीय बीज भंडार पहुंच रहे हैं, लेकिन कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र किसानों तक पहुंचाने के बजाय कुछ प्रभावशाली लोगों और बिचौलियों को प्राथमिकता दी जा रही है।

### लघु किसानों को नहीं मिल रहा बीज

सेमराखुर्द निवासी किसान बबलू वर्मा ने आरोप लगाया कि गोदाम प्रभारी द्वारा छोटे और सीमांत किसानों को बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। कई बार चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें बीज नहीं मिला, जबकि कुछ चुनिंदा लोगों को आसानी से वितरण किया जा रहा है।

### महिला किसान ने लगाया अभद्रता का आरोप

नसीरपुर निवासी महिला किसान शिवकुमारी पत्नी शिवकुमार ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बीज भंडार प्रभारी किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और महिला किसानों के सम्मान का भी ध्यान नहीं रखते। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने बीज की मांग की तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया।

### धक्के देकर भगाने तक का आरोप

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि लघु किसानों को बीज न देकर उन्हें अपमानित किया जाता है और कई बार धक्के मारकर भंडार से बाहर कर दिया जाता है। किसानों का कहना है कि यदि आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

❒ लघु-सीमांत किसानों को धक्के, दलालों को बीज! सकरन बीज भंडार प्रभारी पर गंभीर आरोप

❒ महिला किसान से अभद्रता का आरोप, किसान यूनियन ने दी मुख्यमंत्री तक शिकायत ले जाने की चेतावनी

❒ खरीफ सीजन में बीज वितरण को लेकर मचा हड़कंप, जांच की मांग तेज

### दलालों की भूमिका पर उठे सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि बीज वितरण व्यवस्था में दलाल सक्रिय हैं और उन्हीं के माध्यम से बीज का आवंटन किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि सरकारी बीज वितरण में पारदर्शिता नहीं रही तो इसका सीधा असर खेती और उत्पादन पर पड़ेगा।

### सवाल

-क्या सरकारी बीज वितरण केंद्र किसानों की सुविधा के लिए हैं या फिर बिचौलियों के कब्जे में जा रहे हैं

-क्या लघु और सीमांत किसानों का हक छीना जा रहा है

-जांच के बाद ही सामने आएगा सच, लेकिन किसानों में बढ़ता आक्रोश प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन चुका है।

### किसान संगठनों ने दिखाई सख्ती

किसान नेता सुशील राज ने कहा कि कुछ किसानों द्वारा शिकायत की जानकारी मिली है। हालांकि अभी संगठन को लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर किसानों को उनका अधिकार दिलाया जाएगा।

वहीं भारतीय किसान यूनियन (जनमंच) के जिलाध्यक्ष रामशंकर सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जांच में आरोप सही पाए गए तो संगठन मुख्यमंत्री से मिलकर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग करेगा।

### विभाग बोला- शिकायत मिली तो होगी जांच

मामले में एडीओ एजी ने कहा कि यदि किसानों द्वारा लिखित शिकायत दी गई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी तथा किसानों को न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### प्रभारी का पक्ष नहीं आया सामने

बीज भंडार प्रभारी पंकज कुमार से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बातचीत नहीं हो सकी। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जनता दर्शन की शिकायत पर खुद संभाली कमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ मौके पर पहुंचकर कराया स्थलीय सत्यापन, राजस्व टीम को विस्तृत पैमाइश के निर्देश

लखीमपुर खीरी। जनता दर्शन में प्राप्त भूमि विवाद संबंधी शिकायत को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और बिना विलंब स्वयं ग्राम रंगीलानगर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण कर पूरे प्रकरण की जमीनी हकीकत परखी।

शिकायतकर्ता अतुल जायसवाल द्वारा अपनी भूमि पर अवैध कब्जे एवं दीवार से जुड़े विवाद का आरोप प्रस्तुत किया गया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीएम ने कलेक्ट्रेट स्तर पर औपचारिक जांच की प्रतीक्षा न करते हुए सीधे मौके का रुख किया, जिससे प्रशासनिक महकमे में भी सक्रियता बढ़ गई। गांव पहुंचकर डीएम ने राजस्व अभिलेखों, खतौनी, नक्शा एवं मौके की भौतिक स्थिति का बारीकी से मिलान कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पक्षों की मौजूदगी में हर बिंदु को गंभीरता से देखा और जमीन की वास्तविक सीमा को लेकर विस्तृत जानकारी ली। डीएम ने मौके पर ही राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रकरण की पुनः विधिवत एवं गहन पैमाइश कर संपूर्ण तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर भ्रम की स्थिति न रहे और निस्तारण पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष हो। डीएम की इस त्वरित, जमीनी और सक्रिय कार्यप्रणाली की क्षेत्र में चर्चा रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि डीएम के स्वयं मौके पर पहुंचने से पूरे मामले में पारदर्शिता आई और प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हुआ।

# विद्यालयों की साफ-सफाई के लिये तय हो सफाई कार्मिकों की भूमिका : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

❒ परिषदीय विद्यालयों में नियमित रूप से शौचालयों एवं परिसर इत्यादि की सफाई हेतु अधिकांश सफाईकर्मी विद्यालय नहीं आते है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। परिषदीय विद्यालयों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने हेतु पंचायत विभाग में तैनात सफाई कार्मिकों की विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित सुनिश्चित किए जाने को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद सीतापुर द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल को जिला महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि परिषदीय विद्यालयों में नियमित रूप से शौचालयों एवं परिसर इत्यादि की सफाई हेतु अधिकांश सफाईकर्मी विद्यालय नहीं आते है। संगठन मंत्री राजेश वर्मा को कहना है कि यदि सफाईकर्मी नियमित रूप से प्रतिदिन विद्यालयों की साफ सफाई करते रहे तो नौनिहालों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव ने बताया विद्यालयों की साफ सफाई की दिशा में पंचायत विभाग का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जिला संयुक्त महामंत्री राजकुमार वर्मा ने बताया कि पंचायत विभाग में तैनात सफाई कार्मिकों द्वारा विद्यालयों की नियमित रूप से सफाई करने पर परिसर स्वच्छ व आकर्षक रहेगा। इस अवसर पर जिला मंत्री संतोष सिंह, कीर्ति कुमार , पूनम , उपाध्यक्ष विवेक तिवारी, बीना पटेल , रणधीर बर्मन, प्रवेश वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

## कई मुकदमों में वांछित दो शातिर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**धौरहरा, खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पढ़ुआ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी निघासन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पढ़ुआ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई मुकदमों में वांछित चल रहे दो शातिर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को धौरहरा बाईपास तिराहे के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सियाराम पुत्र सुन्दर तथा कमलेश उर्फ बौखल पुत्र पाठक उर्फ चुन्नी, निवासी ग्राम बिन्जहा भटपुरवा, थाना धौरहरा, जनपद खीरी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध चोरी एवं अन्य गंभीर धाराओं से संबंधित कई मुकदमे दर्ज हैं और वे लंबे समय से वांछित चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद दोनों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। थाना पढ़ुआ पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है, जिससे अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सीतापुर का गौरव बढ़ा: कवि कमलेश मौर्य 'मृदु' को मिला ''मंगल मनोरथ'' सम्मान



**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के विख्यात कवि एवं साहित्यकार राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य ''मृदु'' को '' मंगल मनोरथ'' सम्मान से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उनको सूर्य नारायण फाउंडेशन लखनऊ द्वारा जहान नगर औरंगाबाद में आयोजित मंगल काव्य महोत्सव के अवसर पर प्रदान किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर काव्य पाठ करते हुए उन्होंने हनुमान जी की वंदना करते हुए कहा हर रोम में राम रमे जिनके उन राम के भक्त महान की जय हो।मृदु आठहु सिद्धि नवौ निधि के सुख दाता बली हनुमान की जय हो।श्री मृदु ने आपरेशन सिन्दूर के पश्चात भारत के बढ़ते वर्चस्व को रेखांकित करते हुए कहा मिलाकर आंख दुनिया से ये भारत बात करता है।पटखनी पर पटखनी दे जो इससे घात करता है।बुलेट ए के सैंतालिस की कभी आयात करता था,वो भारत विश्व में ब्रह्मोस का निर्यात करता है। इसी क्रम में आजम गढ़ से पधारीं डा.रेनू सिंह, गोरखपुर की हिना कौशर , बाराबंकी से संजय शर्मा, श्रीमती सुधा सिंह, लखनऊ से प्रियं श्रीवास्तव, हिमांशु सक्सेना अर्श, अरविंद रस्तोगी, श्री कान्त तिवारी कांत, बेधड़क सहित दो दर्जन कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन हास्य कवि संदीप अनुरागी ने किया। फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती राखी श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हरगांव में अवैध क्लीनिकों का जाल! एक पर कार्रवाई, बाकी पर क्यों मेहरबानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरगांव ,सीतापुर। हरगांव में अवैध क्लीनिक और बिना डिग्री धारकों के क्लीनिक के नाम पर बड़े पैमाने पर अस्पताल संचालित हो रहे हैं। मंगलवार को एसीएमओ द्वारा हरगांव में कल्याणी पॉलीक्लिनिक पर ही ताला लगाकर कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति कर दी गई जबकि कल्याणी से पहले महादेव क्लिनिक जो की एक बेसमेंट में चलाया जा रहा है उस पर कार्रवाई नहीं की गई।

जिससे साफ तौर पर जाहिर होता है कहीं ना कहीं स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर अवैध क्लीनिको को संचालित किया जा रहा है।कस्बे के अंदर झोलाछापों के अवैध क्लीनिको की बाढ़ चल रही है।सीतापुर लखीमपुर हाइवे पर पिपरा में स्थित रॉयल क्लीनिक भी अवैध रूप से बड़े पैमाने पर मरीजों को भर्ती कर अस्पताल चलाया जाता है जिसका ना कोई रजिस्ट्रेशन है ना ही कोई डिग्री धारक डॉक्टर बैठता है।रॉयल क्लीनिक जावेद जो की एक झोलाछाप हैं जिनके द्वारा बड़े पैमाने पर क्लीनिक के नाम पर नियमो को ठेंगा दिखाकर मरीजों के तीमारदारों से अच्छी रकम खींची जा रही है, जिस पर स्वास्थ्य विभाग की कोई लगाम नहीं है।

### नवयुग क्लीनिक में होम्योपैथी डिग्री पर मरीजों को भर्ती कर किया जाता है एलोपैथी इलाज

हरगांव दतेली रोड पर स्थित नवयुग क्लीनिक संचालक के पास एक होम्योपैथिक डिग्री है।क्लीनिक संचालक ने होम्योपैथिक डिग्री के आधार पर अपने क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन करवा लिया है जिसकी आड़ में पीछे मरीजों को भर्ती किया जाता है और उनका एलोपैथिक दवाइयों से इलाज किया जाता है जिस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई जाँच नहीं की जा रही है।मरीजों से मोटा पैसा खींचकर क्लीनिक संचालक अपनी जेबों को भर रहे हैंद्यजिलाधिकारी की लाख कोशिसो के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के नुमाइंदे अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। विभाग के अधिकारी अवैध क्लीनिक और अस्पतालों पर कार्रवाई करने से डर रहे हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिक ारी डॉक्टर सुखरंजन समद्दर ने कहा सभी अवैध क्लिनिको की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## लखनऊ सिटी हॉस्पिटल में मरीज की मौत का मामला: डीएम ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति

सीतापुर। जनपद सीतापुर के नेपालापुर स्थित लखनऊ सिटी हॉस्पिटल में मरीज के साथ कथित गंभीर लापरवाही बरते जाने और उसके बाद हुई मृत्यु के मामले को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गंभीरता से लिया है। मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर जनार्दन तथा जिला महिला चिकित्सालय की डिप्टी जीएमओ डॉ. चित्रा सोनकर को सदस्य नामित किया गया है।

# मोहर्रम पर चौबीस घंटे निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ विद्युत विभाग ने दुरुस्त की ताजिया मार्गों पर की सुरक्षा व्यवस्था, उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

लखीमपुर खीरी। आगामी धार्मिक त्योहार मोहर्रम को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विद्युत विभाग ने कमर कस ली है। विद्युत वितरण मंडल लखीमपुर के अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार यादव ने बताया कि मोहर्रम के मद्देनजर उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए 25 जून से 27 जून तक मंडल एवं खण्ड स्तर पर अस्थाई रूप से विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे कार्य करेंगे।

किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। कंट्रोल रूम संपर्क सूत्र : ?विद्युत वितरण मण्डल लखीमपुरः 9415903837, ?विद्युत वितरण खण्ड लखीमपुरः 9415901173, विद्युत वितरण खण्ड मितौली :9450099199 और ?विद्युत वितरण खण्ड निघासनः 9415905849 है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विद्युत वितरण मण्डल लखीमपुर के अंतर्गत मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत समस्त ताजिया मार्गों, प्रमुख चौराहों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर विद्युत विभाग द्वारा व्यापक निरीक्षण अभियान चलाकर पोल, तार एवं अन्य विद्युत संयंत्रों की आवश्यक मरम्मत एवं दुरुस्तीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विभाग द्वारा सभी व्यवस्थाओं को सुरक्षित एवं सुचारु बनाने के बाद उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे धार्मिक जुलूसों के दौरान विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं केबलों से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें तथा लाठी, डंडे, झंडे या बांस-बल्लियों से विद्युत उपकरणों को न छुएं।

## सचिव की कुर्सी पर बैठे प्राइवेट कर्मचारी, हरगांव ब्लॉक में सरकारी कामकाज पर बड़ा खुलासा

**हरगांव सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड हरगांव में ग्राम विकास अधिकारियों के के आवास में निजी कर्मचारी सरकारी काम निपटाते हैं।ब्लॉक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी नितीश कुमार के आवास पर उनके निजी कर्मचारी काम करते हैं ।ग्राम विकास अधिकारी नितीश कुमार की गैर मजूदगी में उनकी कुर्सी पर बैठकर निजी कर्मी काम निपटाते हुए देखा जा है।जिलाधिकारी के कड़े निर्देश हैं किसी सरकारी दफ़्तर में निजी कर्मचारी कार्य करता पाया जायेगा,सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कड़े निर्देश के बाद भी हरगांव में तैनात सचिव नितीश कुमार के दो निजी कर्मचारी कार्य करते हैं।सचिव कमीशन के दम पर दो दो निजी कर्मचारी लगाए हुए हैं जिसकी शिकायत खण्ड विकास अधिकारी से होने के बाद भी निजी कर्मी रखने वाले सचिवों पर कार्यवाही नहीं हुई है।निजी कर्मचारी सरकारी दस्तावेजों की गोपनीयता समाप्त कर फरियादियों से अवैध वसूली करते हैं। जिस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी निजी कर्मचारी रखने वाले अधिकारीयों पर कार्यवाही करने में असमर्थ नजर आ रहे हैं।इस सम्बन्ध में जिला पंचायतराज अधिकारी गिरीश साहू ने बताया प्राइवेट कर्मचारी रखने वाले अधिकारियों पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## हरगांव में घर के बाहर से बाइक चोरी, कैमरे में कैद हुआ शातिर चोर

**हरगांव सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हरगांव थाना क्षेत्र मे मंगलवार को घर के सामने खडी बाइक को अज्ञात चोर लेकर रफूचक्कर हो गए चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी। लखनऊ के मलिहाबाद निवासी सौरभ किशोर हरगांव गन्ना समिति मे गन्ना पर्यवेक्षक के पद पर तैनात हैं। शौरभ काजी टोला मे एक किराये के मकान मे रहते है।मगलवार को ड्यूटी करने के बाद घर आकर बाइक घर के बाहर खडी कर दिया देर रात करीब बारह बजे दो अज्ञात चोर आये और बाइक लेकर फरार हो गये।बाइक ले जाते वक्त एक चोर सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गया।पीडित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दे दिया है।पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मामले की जाँच में जुटी हुई है।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में संतुष्टि, मानकानुरूप न होने पर 17 अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक, डीएम ने जारी किए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने शासन स्तर पर निर्धारित 90 प्रतिशत आईजीआरएस संतुष्टि मानक प्राप्त न करने वाले 17 अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके वेतन आहरण पर तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण की शासन स्तर पर नियमित समीक्षा की जाती है। शासन द्वारा शिकायतकर्ता संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए न्यूनतम 90 प्रतिशत संतुष्टि मानक निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद कई अधिकारियों द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी अपेक्षित सुधार नहीं किया गया।

उन्होंने बताया कि समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इस्लामनगर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बदायूँ/ नगर पंचायत कछला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिल्सी, खण्ड विकास अधिकारी कादरचौक, खण्ड विकास अधिकारी दातागंज/समरेर, खण्ड विकास अधिकारी आसफपुर, खण्ड विकास अधिकारी अम्बियापुर, खण्ड विकास अधिकारी इस्लामनगर, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी/पीएचसी इस्लामनगर, जिला युवा कल्याण अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी बिसौली, सब रजिस्ट्रार दातागंज, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय, अधिशासी अभियंता नलकूप खंड द्वितीय सिंचाई संसाधन तथा अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम/तृतीय सहित कुल 17 अधिकारियों का आईजीआरएस संतुष्टि स्तर शासन द्वारा निर्धारित मानक से कम पाया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। निर्धारित मानकों की लगातार अनदेखी प्रशासनिक दायित्वों के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करती है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित 17 अधिकारियों के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप आईजीआरएस संतुष्टि प्रतिशत में तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मिशन 2027 की पतवार पूरन सिंह लोधी के हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए पूरन सिंह लोधी को ब्रज क्षेत्र का नया क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को पार्टी संगठन में लंबे समय से किए गए समर्पित कार्य, मजबूतसंगठनात्मक पकड़ और कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रियता का सम्मान माना जा रहा है। पूरन सिंह लोधी उन नेताओं में गिने जाते हैं जिन्होंने भाजपा में बूथ स्तर से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की और संगठन के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए शीर्ष क्षेत्रीय नेतृत्व तक का सफर तय किया। पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। भाजपा नेतृत्व ने ऐसे समय में उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, जब पार्टी वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी तथा बूथ प्रबंधन और सदस्यताअभियान को नई गति प्राप्त होगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में पूरन सिंह लोधी के सामने संगठनविस्तार, बूथ सशक्तिकरण, कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की अहम जिम्मेदारी होगी। ब्रज क्षेत्र का राजनीतिक महत्व भाजपा संगठन में ब्रज क्षेत्र को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके अंतर्गत आगरा, मथुरा,फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, मैनपुरी, बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर और पीलीभीत सहित कई जिले शामिल हैं। इन जिलों में संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन और समन्वय क्षेत्रीय अध्यक्ष की प्रमुख जिम्मेदारी होती है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरन सिंह लोधी की नियुक्ति पर खुशी जताते हुए इसे संगठन को नई ऊर्जा देने वाला निर्णय बताया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आगामी चुनावी रणनीति में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) एवं निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल (बहजोई) । आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) तथा जनपद में संचालित निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा हेतु कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, दैनिक विद्युत आपूर्ति, पशुधन विकास, प्रोजेक्ट अलंकार, समाज कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग तथा सहकारिता विभाग की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं के अंतर्गत क्रिटिकल केयर यूनिट, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज (विकास खंड असमोली), सद्भाव मंडप तथा चंदौसी रेलवे सेतु निर्माण कार्य सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित बिंदुओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनार सिंह तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 20 जुलाई 2026 तक करें हज–2027 हेतु ऑनलाइन आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि हज कमेटी ऑफ़ इण्डिया ने हज-2027 की अधिकारिक घोषणा कर दी है, जिसके अनुसार इच्छुक हज आवेदक हज कमेटी ऑफ़ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट hajcommittee.gov.in तथा एप्लीकेशन ''हज सुविधा'' पर उपलब्ध हज ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यह सुविधा 22 जून 2026 से 20 जुलाई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। जुलाई 2026 के अन्तिम सप्ताह में कुर्रा (डिजिटल रैंडम चयन) प्रक्रिया के उपरान्त प्रत्येक प्रोवीज़नल चयनित हज यात्री को रू0 152300 की अग्रिम धनराशि 10 अगस्त 2026 तक जमा करनी होगी। हज के चयन उपरान्त सीट निरस्त कराने पर हज-2027 की गाइडलाइंस के नियमानुसार जमा धनराशि में कटौती की जाएगी। इसलिए इच्छुक हज यात्रियों को सलाह है कि आवेदन करने से पूर्व अपनी तैयारी व हज यात्रा करने की दृढ़ प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर आवेदन करें। हज आवेदन पत्र भरने से पूर्व आवेदक हज-2027 के दिशा-निर्देशों (गाइडलाइन) को ध्यान से पढ़ लें। आवेदन हेतु मशीन पठित वैद्य अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट होना आवश्यक है जो आवेदन की अन्तिम तिथि 20 जुलाई 2026 तक जारी किया गया हो तथा कम से कम 31 दिसम्बर 2027 तक वैद्य हो। हज-2027 हेतु सामान्य 40 दिवस की यात्रा के अतिरिक्त छोटी 20 दिवसीय हज यात्रा हेतु आवेदन करने का विकल्प रखा गया है जिसमें कम सीटें उपलब्ध हैं। ऐसा विकल्प चयनित करने वालों हेतु केवल 08 उड़ान स्थल निर्धारित हैं। सामान्य यात्रा हेतु निर्धारित शर्तें हज 2026 की भाँति ही रहेंगी। इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वह हज कमेटी ऑफ़ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट तथा उ0 प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध हज-2027 की पॉलिसी, हज गाइडलाइंस को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। ऑनलाइन आवेदन करते समय नवीन पासपोर्ट आकार का फ़ोटो, मशीन पठनीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट का प्रथम पृष्ठ व अन्तिम पृष्ठ,पते का प्रमाण पत्र,बैंक पासबुक अथवा निरस्त चेक भी आवेदनकर्ता को अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन उपरान्त आवेदन फ़ार्म का प्रिंटआउट डाउनलोड करना होगा एवं उसे सचिव/कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति मौलाना अली मियाँ मेमोरियल हज हाउस सरोजनीनगर, लखनऊ को उपलब्ध कराना होगा। हज-2027 ज़िला स्तर पर हज यात्रियों की सुविधा हेतु मदरसा शम्सुल उलूम घण्टाघर बदायूँ को हज ई-सुविधा केन्द्र स्थापित कर मदरसे के प्रधानाचार्य मुहम्मद इरशाद आलम को नोडल अधिकारी नामित किया गया है ताकि हज यात्रियों को ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरने में निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा सके। ज़िला स्तर पर हैल्पलाइन मोबाइल नं0-मुहम्मद इरशाद आलम-9555584637, अफ़्फ़ान हक़ क़ादरी-9897573400 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# बीएचयू अस्पताल और ट्रामा सेंटर में अब मिलेगी मुफ्त वाई–फाई सेवा, महापौर ने किया शुभारंभ

एजेंसी



वाराणसी । उत्तर प्रदेश में वाराणसी जनपद के नगर निगम ने शहर में डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए पहल की है। इस क्रम में गुरुवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने सर सुंदर लाल चिकित्सालय (बीएचयू) और बीएचयू ट्रामा सेंटर में निःशुल्क वाई-फाई सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। नगर निगम ने इस महत्वाकांक्षी डिजिटल पहल का आगाज़ सबसे पहले अस्सी घाट व दशाश्वमेध घाट से किया था। इसके बाद दूसरे चरण में पूर्वांचल के सबसे बड़े अस्पताल बीएचयू अस्पताल और ट्रामा सेंटर को भी हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा से जोड़ा गया। ऐसे में अब शहर के कुल चार प्रमुख और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों को मुफ्त हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा मिलने लगी है। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि यह परियोजना वाराणसी को एक आधुनिक और स्मार्ट सिटी बनाने के हमारे संकल्प का एक अहम हिस्सा है, क्योंकि वर्तमान समय में इंटरनेट एक बुनियादी आवश्यकता बन चुका है। महापौर ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से उन्होंने अनुभव किया था कि इस चिकित्सा संस्थान में इंटरनेट वाई फाई की अत्यधिक आवश्यकता है। आम नागरिकों और युवाओं की सहूलियत के लिए निगम ने इन सभी वाई-फाई ज़ोन में विशेष बोर्ड लगाए हैं। इन बोर्ड्स पर एक क्यूआर कोड दिया गया है। अस्पताल आने वाले तीमारदार, मरीज या विश्वविद्यालय के छात्र और शोधार्थी अपने मोबाइल से इस क्यूआर कोड को स्कैन करके बेहद आसानी से मुफ्त इंटरनेट सेवा का लाभ उठा सकते हैं वाई-फाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएन) को सौंपी गई है।

बीएचयू के कुलपति प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि निगम की इस डिजिटल पहल से सूचनाओं का आदान-प्रदान तो सुगम होगा ही साथ में मरीजों के परिजन के लिए काफी सुविधा होगी। ट्रामा सेंटर के प्रभारी डा. सौरभ सिंह ने कहा कि वर्तमान समय पूरी तरह से डिजिटल क्रांति का है, जो हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में निगम की ओर से उपलब्ध कराई जा रही मुफ्त वाई-फाई की सुविधा आम नागरिकों को सीधे डिजिटल कनेक्टिविटी से जोड़ने में सहायक साबित होगी। बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस नेटवर्क की स्पीड और रेंज को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि अस्पताल या घाटों पर अत्यधिक भीड़ होने के दौरान भी कनेक्टिविटी में कोई रुकावट न आए और सुचारू रूप से डेटा ट्रांसफर होता रहे।

कार्यक्रम का संचालन नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर पार्षद रवींद्र सिंह, पार्षद अक्षैवर सिंह, पार्षद सुरेश पटेल सहित नगर निगम के संयुक्त नगर आयुक्त कृष्ण चंद्र, चिकित्सा अधीक्षक के के गुप्ता, बीएसएनएल के उप मंडल अभियंता अभिजित कुमार साहा सहित निगम के अन्य अफसर मौजूद रहे।

## गोरखपुर में एचपी गैस से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा, चालक घायल

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के जनपद गोरखपुर के खोराबार थाना क्षेत्र के आराजी बसडिला गांव के पास गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब एचपी गैस से भरा कैप्सूल टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और गैस रिसाव की आशंका को देखते हुए प्रशासन तुरंत अलर्ट मोड में आ गया।

टैंकर गोरखपुर से बिहार की ओर जा रहा था। दोपहर करीब 1:30 बजे चालक के नियंत्रण खोने के बाद यह भारी वाहन सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने की आशंका जताई जा रही है। हादसे में चालक घायल हो गया, जिसे तत्काल एनएचएआई की एंबुलेंस से एम्स अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एनएचएआई और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। खोराबार थाना प्रभारी सुधांशु सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

# लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों के शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने बैंकों के साथ की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल (बहजोई) । आज जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों की समीक्षा हेतु बैंकों के जिला समन्वयकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा में लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जिला समन्वयक, बैंक ऑफ बड़ौदा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदन का व्यक्तिगत स्तर पर परीक्षण किया जाए तथा लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों के कारणों का स्पष्ट रूप से पता लगाकर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृति एवं ऋण वितरण (डिस्बर्सल) की प्रक्रिया में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एवं ग्रामीण बैंक में लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों की बैंकवार समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) एवं अन्य लंबित आवेदनों की बैंकवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों की अद्यतन जानकारी प्राप्त करें तथा उनके शीघ्र निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र (डीआईसी) को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन बैंकों में सर्वाधिक आवेदन लंबित हैं, उनके साथ विशेष समन्वय स्थापित कर प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत ऐसे नमूना प्रकरण (सैम्पल केस), जिनमें खतौनी अथवा अन्य अतिरिक्त अभिलेखों की मांग की जा रही है, के संबंध में बैंकों के उच्च स्तर पर पत्राचार करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अस्वीकृत आवेदनों के नमूना प्रकरणों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, महाप्रबंधक डीआईसी मुकेश कुमार, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पिता अख़बार वितरक लेकिन बेटा बना अग्निवीर, हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उझानी/बदायूँ। मेहनत, संघर्ष और दृढ़ संकल्प की मिसाल पेश करते हुए नगर के मोहल्ला अहिरटोला निवासी समाचार पत्र विक्रेता अनुज यादव का भारतीय सेना की प्रतिष्ठित अग्निवीर योजना में चयन हुआ है। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं बल्कि पूरे मोहल्ले में खुशी का माहौल है। अनुज यादव के पिता ओमकार सिंह यादव पिछले लगभग 30 वर्षों से सुबह-सुबह घर-घर अखबार पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा और भविष्य को प्राथमिकता दी। बेटे के अग्निवीर बनने की खबर मिलते ही परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। भावुक पिता ओमकार यादव ने बताया कि उन्होंने हर परिस्थिति में मेहनत कर परिवार का पालन-पोषण किया और हमेशा बच्चों को आगे बढ़ाने का सपना देखा। उन्होंने कहा कि आज बेटे ने भारतीय सेना में चयनित होकर उनके संघर्ष को सार्थक कर दिया है। मां गीता देवी ने बेटे का तिलक कर आरती उतारी, जबकि बड़े भाई सौरभ यादव ने मोहल्ले में मिठाई बांटकर खुशी साझा की। परिवार और शुभचिंतकों ने अनुज को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।22 वर्षीय अनुज यादव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के त्याग और संघर्ष को दिया। उन्होंने बताया कि आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। बिना किसी कोचिंग के पुरानी किताबों और ऑनलाइन माध्यमों से तैयारी की। शारीरिक परीक्षा की तैयारी के लिए वह रोज सुबह दौड़ का अभ्यास करते थे। अनुज ने बताया कि उनका प्रशिक्षण 15 सितंबर से शुरू होगा। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के पत्रकारों, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी। नगर के लोगों का कहना है कि अनुज यादव की सफलता यह साबित करती है कि कठिन परिस्थितियां भी उन लोगों का रास्ता नहीं रोक सकतीं, जिनके इरादे मजबूत हों। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

## ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार बहनोई की मौत, साला हुआ गंभीर रूप से घायल

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कादरचौक थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साला गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार ट्रैक्टर–ट्रॉली चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी खुर्शीद अपने साले सरताज पुत्र आजाद निवासी रसौली के साथ किसी काम से ककोड़ा गए थे। शाम को दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइककादरचौक–उझानी मार्ग पर स्थित खिरिया बाकरपुर गांव के पास पहुंची, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने खुर्शीद को मृत घोषित कर दिया। वहीं सरताज की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है।घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा ट्रैक्टर–ट्रॉली चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## कीचड़युक्त गलियों से आजिज ग्रामीणों ने दी शिकायत, कार्यवाही की मांग

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत रिसौली के मजरा भिलौलिया को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। गांव में प्रवेश करते ही पुरानी खिरंजा सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है।ग्रामीण रामवीर समेत कई लोगों ने बताया कि सड़क पर हमेशा कीचड़ और पानी भरा रहने से पैदल चलने वाले और वाहन चालक आए दिन फिसलकर गिर जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। जिला महासचिव विकास गुप्ता ने जिलासूचना मंत्री दयाराम वेदपथी को बताया कि गांव के यादव समाज की ओर से बरेठा (धोबी) समाज के मोहल्ले को जाने वाला खिरंजा मार्ग भी जर्जर हो चुका है। वहां भी जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन और जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव की शेष सभी गलियों का सीसी निर्माण कराया जाए, ताकि उन्हें जलभराव और कीचड़ की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी समस्या का जल्द संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगा।

## मजदूरी मांगने से नाराज आरोपी ने मारपीट कर किया घायल

बिल्सी/बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव सिरासौल में मजदूरी का भुगतान मांगना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि मजदूरी के रुपये मांगने पर युवक के साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को उपचार और मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिरासौल गांव निवासी आमिर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनके बड़े भाई उमर मोहम्मद गांव के ही एक व्यक्ति से अपनी मेहनत–मजदूरी के बकाया रुपये मांगने गए थे। आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपी आगबबूला हो गया और उमर मोहम्मद के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान उमर मोहम्मद को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने बिल्सी थाना पुलिस को सूचना दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेजा, जहां उसका उपचार कराया गया। घटना को लेकर गांव में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कह रही है। बिल्सी क्राइम इंस्पेक्टर बी.के. मौर्य ने बताया कि घायल युवक को अस्पताल भेज दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय पहुँचाने पर छात्र–छात्राओं पर हुई पुष्प वर्षा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद गुरुवार को शिव देवी सरस्वती शिशु मंदिर, सिविल लाइंस पुनः खुल गया। विद्यालय पहुंचने वाले विद्यार्थियों का तिलक, पुष्पवर्षा एवं मिठाई वितरित कर स्वागत किया गया। प्रथम दिवस पर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नरेश पाल सिंह एवं वरिष्ठ आचार्य लालाराम वर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन और नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के पहले दिन कक्षा अरुण से पंचम तक कुल 83 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को टॉफियां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के चेहरे पर विद्यालय पुनः खुलने की खुशी एवं उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया। इस अवसर पर आचार्य भोलेनाथ पाठक, सुबोध मिश्रा, रूपेंद्र सिंह, राकेश मिश्रा, अविलेश यादव, राजीव कुमार सिंह, कार्यालय प्रमुख देवेंद्र सक्सेना, मुकेश तिवारी, अनुराग मिश्रा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आग़ाज़ द वॉयस ऑफ यूथ ने किया लंगर वितरित

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गर्मी के महीने मोहर्रम के मौके पर बृहस्पतिवार को राहगीर और जरूरतमंदों को आग़ाज़ द वॉयस ऑफ यूथ के बैनर तले सभी लंगर वितरित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन आदिल सैफी ने दिया तथा इस मौके पर संस्था अध्यक्ष नितिन गुप्ता, आमिर सुल्तानी,नदीम चौधरी, मनीष मथुरिया, ज़ोएब असलम, शाहर अब्बासी आदि लोग मौजूद रहे। वहीं आमिर सुल्तानी ने कहा कि मोहर्रम केवल शोक का महीना नहीं है, बल्कि यह सत्य, न्याय, साहस, त्याग और अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने का संदेश देता है। हज़रत इमाम हुसैन की शहादत को इन मूल्यों के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

## चोरों का ऑपरेशन क्लीन, पुलिस बन रही तमाशबीन

उझानी/बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र की ब्रजविहार कॉलोनी में चोरों ने एक नवनिर्मित मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। एक ही रात में अज्ञात चोर करीब साढ़े तीन लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार ब्रजविहार कॉलोनी में स्थित एक नवनिर्मित मकान में फिनिशिंग का कार्य चल रहा था। निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाला महंगा सामान और औजार मकान के कमरों में सुरक्षित रखे गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने रात के समय मकान को निशाना बना लिया। बताया जाता है कि चोरों ने मकान में रखी करीब ढाई लाख रुपये कीमत की ब्रास नल फिटिंग, प्लंबर के दो महंगे हैमर तथा ठेकेदार जसवीर के करीब एक लाख रुपये मूल्य के औजार चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की पूरी वारदात मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज के अनुसार शाम करीब 7:30 बजे एक युवक बाइक से मकान के पास पहुंचा और कुछ देर तक आसपास की गतिविधियों का जायजा लेने के बाद वहां से चला गया। इसके बाद रात करीब 9 बजे मकान का ताला तोड़े जाने की आवाज भी कैमरे में रिकॉर्ड हुई। आशंका जताई जा रही है कि रेकी करने के बाद चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक एवं पंडित बंशीधर मेमोरियल अकादमी के संचालक अवनीश कुमार शर्मा, निवासीअयोध्यागंज ने बताया कि मकान में लगाया जाने वाला अधिकांश सामान विशेष रूप से कासगंज से खरीदा गया था। उन्होंने कहा कि मेहनत से जुटाया गया सामान चंद मिनटों में चोरी हो गया। सुबह जब निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री मौके पर पहुंचे तो कमरों के टूटे ताले और गायब सामान देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## बाइक सवार पूर्व एमएलसी के नाती को कार सवार बदमाशों ने मारी गोली, फरार

इटावा । जनपद में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत आईटीआई चौराहा के पास गुरुवार को दिन दहाड़े बाइक सवार भाजपा नेता व पूर्व एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह के नाती को कार सवार बदमाशों ने टक्कर मारने के बाद गोली मार दी। गोली मारने के बाद बदमाश फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल हैं। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गोली लगने से घायल युवक वीर प्रताप सिंह ने बताया कि वह बाइक पर सवार होकर जा था तभी कार में सवार युवकों ने पहले उसे टक्कर मारकर गिरा दिया फिर उस पर दो राउंड फायर किए जिसमें एक गोली उसे लगी है। गोली मारने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है। उसने बताया कि गोली मारने वाले सब अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं और वह पढ़ाई करता है।

घायल युवक के दोस्त शिवा ने बताया कि वह वीर के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहा था तभी कार में आए लोगों ने टक्कर मारने के बाद गोली चलाना शुरू कर दिया वह गिरने के बाद भाग गया लेकिन वीर को उन लोगों ने गोली मार दी और भाग गए।

# बेसमेंट में चल रहे हॉस्पिटल, विभाग अनजान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जनपद में स्वास्थ्य विभाग में रजिस्ट्रेशन करा कर करीब प्राइवेट अस्पताल संचालित हो रहे हैं। कई अस्पताल बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं,जिन्हें लेकर शासन ने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। ऐसे अस्पतालों में किसी अनहोनी की स्थिति में मरीजों की जान पर बन सकती है,लेकिन विभाग के पास ऐसे अस्पतालों की कोई जानकारी नहीं है। शासन ने बेसमेंट में संचालित हॉस्पिटलों पर सख्ती के निर्देश दिए हुए हैं।मगर जनपद के स्वा स्थ्य विभाग पर इस मुद्दे पर कोई खास असर नहीं पड़ा है।ऐसे अस्पतालों में कोई भी अनहोनी मरी जों की जान पर भारी साबित हो सकती है।लेकिन विभाग को इसकी जरा भी फिक्र नहीं है। विभागी य सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में क ई कुसमा हॉस्पिटल, शांति हॉस्पिटल, फातिमा हॉ स्पिटल, में ऐसे निजी अस्पताल है, जो बेसमेंट में मरीजों का इलाज करते हैं या फिर उन्हें वहां भर्ती करते हैं।जहां आने-जाने का एक ही रास्ता है लेकि न कभी भी इन अस्पतालों को कोई नोटिस जारी नहीं किए गए।इस तरह से जिलेभर में संचालित निजी अस्पताल संचालक लगातार नियमों की अनदेखी करके लोगों की जिंदगियों के साथ खिल वाड़ कर रहे हैं।इन पर अंकुश लगाने वाले संबंधित विभागों के जिम्मेदार मूकदर्शक की भूमिका में न जर आ रहे हैं।इसका खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है।लिहाजा,इस व्यवस्था के खिलाफ लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं। अस्पतालों की स्थिति बेसमेंट में संचालित अस्पतालों की बढ़ ती संख्या प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़ा कर रही है।सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर कई संस्थान बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं,लेकिन जिम्मेदार विभागों की नजर आज तक उन पर प ड़ी ही नहीं।एक दर्जन से अधिक स्थानों पर निजी अस्पताल बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई संस्थानों में अग्निशमन व्यवस्था, आपातकाली न निकास और अन्य सुरक्षा मानकों का समुचित पालन नहीं किया जा रहा है।इसके बावजूद इनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार किसी भी संस्थान के संचालन के लिए सुरक्षा मानकों का पालन कर ना अनिवार्य होता है,बेसमेंट में बड़ी संख्या में मरी जों की मौजूदगी किसी भी आपात स्थिति में गंभी र खतरा पैदा कर सकती है।वही अंबेडकर चौराहे पर स्थित शांति हॉस्पिटल ने बेसमेंट से निकलने के लिए अलग से भी एक रास्ता बना रखा है।वही निजी अस्पतालों के नोडल अधिकारी/डिप्टी सीए मओ का कहना है कि समय - समय पर इन निजी अस्पतालों का निरीक्षण होता रहता है, जिनमें जो खामियां मिलती हैं, उन्हें दुरुस्त कराया जाता है। बेसमेंट में किसी अस्पताल के संचालन की जान कारी उनके पास नहीं है।

# पुलिस की सरपरस्ती में हो रहा अवैध मिट्टी का खेल


कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । खनन माफिया द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है।खनन विभाग को इस की भनक तक नहीं है,या ये कहें कि स्थानीय पुलि स की सरपरस्ती में ही यह खेल खेला जा रहा है। इस अवैध कारोबार में रात के समय नियमों की अनदेखी कर मिट्टी उठाई जा रही है।जबकि पुलि स जानकारी न होने का हवाला देकर चुप्पी साधे हैं और मिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली थाने के सामने से ही गुजरते हैं। नगर कोतवाली के मिश्रौलिया चौकी क्षेत्र में दिन रात मिट्टी खनन की ट्रालियां चौकी के सामने से धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। यही हाल मोती गंज थाना क्षेत्र में राजगढ़ बाजार,मतवरिया,सीहा गाँव, कहोबा के आस - पास मिट्टी के अवैध खनन का कार्य जोरों पर है,वही लोगो के द्वारा बताया जा है की स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे चल रहे इ स अवैध खनन पर खनन अधिकारियों से लेकर स्थानीय पुलिस तक ने आंखें बंद रखी हैं।जबकि यह खनन माफिया इतने बेखौफ हो गए हैं कि पु लिस चौकी के सामने से मार्ग पर दिन में ही मिट्टी भरे हुए ट्रैक्टर तेज रफ्तार सरपट दौड़ते रहते है। न तो पुलिस की परवाह है और न ही प्रशासन का डर।इन अवैध मिट्टी की भरी ट्रालियों को एक हजा र से लेकर बारह सौ रुपये में बेचा जा रहा है। वही ज़ब मिट्टी खनन के बारे में जानकारी खनन अधि कारी से ली गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें मिट्टी के अवैध खनन की जानकारी नहीं है। अगर हो रहा है तो जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# माहौल खराब किया तो ऐसी कार्रवाई होंगी याद रखोगे,मोहर्रम को लेकर डीआईजी का अल्टीमेटम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**देवीपाटन रेंज में मोहर्रम पर किए गए सुरक्षा के सख्त इंतजाम**

**डीआईजी ने माहौल खराब करने वालों को दी कड़ी चेतावनी**

**डीआईजी बोले - माहौल बिगाड़ने वाले नहीं देख पाएंगे सूरज चांद**

गोंडा । देवीपाटन रेंज के चारों जिले में बहराइच, बलरामपुर,श्रावस्ती और गोंडा में आज होने वाले मोहर्रम जुलूस पर्व को लेकर डीआईजी अशोक कुमार शुक्ल ने अलर्ट जारी किया है।उन्होंने चारों जिलों में शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।डीआईजी ने सभी पुलिस अधीक्षकों और अधिकारियों को अराजक तत्वों पर कड़ी नज र रखने का निर्देश दिया है।संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।इन क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैना त किया जाएगा बिना वर्दी में भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।ताजिया रखने वाले स्था नों पर मानक के अनुसार ऊंचाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।मानक का उल्लंघन होने पर कार्रवाई की जाएगी।इसके अतिरिक्त, जिन मार्गों से ताजिया जुलूस मंदिरों के पास से गुजरेंगे,वहां भी व्यापक सुरक्षा इंतजाम करने को कहा गया है ताकि कोई अव्यवस्था न हो।डीआईजी अशोक कुमार शुक्ल ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारि यों को चौबीस घंटे सोशल मीडिया की निगरानी क रने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाकर या किसी अन्य तरीके से माहौ ल खराब करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी,जिसे वे जीवन भर या द रखेंगे।बहराइच जिले में विशेष तौर पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।पिछले वर्षों में वहां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल को देखते हुए यह अतिरिक्त सत र्कता बरती जा रही है।डीआईजी अशोक कुमार शुक्ल ने कहा कि माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और वे चारों जिलों की लगाता र निगरानी कर रहे हैं।गोंडा पुलिस अधीक्षक विनी त जायसवाल द्वारा भी लगातार पूरे जिले में नजर रखी जा रही है।

## जिम से चोरी की बैट्री और इन्वर्टर के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी । थाना गौरीगंज पुलिस ने जिम का ताला तोड़कर बैट्री एवं इन्वर्टर चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर जनपद अमेठी में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर लकी सिंह उर्फ आदर्श सिंह पुत्र रज्जन सिंह उर्फ राजेश कुमार सिंह निवासी ग्राम गौहनिया मजरे बाजगढी थाना गौरीगंज एवं अभिषेक सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी पूरे विसेनन मजरे बाजगढी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर हरदो गौसपुर रोड के पास झाडियों से चोरी की एक बैट्री, एक इन्वर्टर व घटना में प्रयुक्त एक लोहे का राड बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि हम दोनों लोगों ने मिलकर लोहे के राड से बालेन्द्र के जिम का ताला तोडकर बैट्री व इन्वर्टर चोरी कर लिये थे।इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# खेत की रखवाली करने गए किसान की करंट से मौत, परिवार में छाया मातम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । ग्राम पंचायत कोटिया मदारा के मोहन टेपरा भुंडरियन पुरवा निवासी लल्लू तिवारी की खेत में करंट लगने से मौत हो गई।परिवारीजन का रो-रो कर बुरा हाल है।भुंडरियन पुरवा निवासी लालू ति वारी सुबह करीब पांच बजे खेत की रखवाली कर ने गए थे।परिवारीजन ने बताया कि उनके खेत के समीप स्थित एक अन्य खेत में फसल की सुरक्षा के लिए गांव के ही एक व्यक्ति बिजली के तार में करंट प्रवाहित कर रखा गया था।लल्लू करंट वाले तार की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिवारीजन ने तलाश शुरू की।खेत पहुंचने पर लल्लू काशव पड़ा मिला। मृतक के चार बेटे विजय कुमार, छोटकऊ, राम, श्याम तिवारी व बेटी रिंकी है।मृतक की पत्नी सुशीला समेत अन्य परिवारजन का रो-रोकर हाल बेहाल है।ग्रामीणों का कहना है कि खेत में जानवरों से फसल बचाने के लिए कई लोग अवैध रूप से बिजली के तार में करंट प्रवाहि त कर देते हैं। सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

## जायस के चंदा अस्पताल से बाइक चोरी

अमेठी । थाना जायस से चंद कदमों की दूरी पर स्थित चंदा अस्पताल परिसर से बाइक चोरी की घटना सामने आई है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कम्प मच गया और चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित वाहन स्वामी ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है पुलिस ने वारदात को गम्भीरता से लेते हुये छानबीन में जुट गई है। बताते चलें कि थाना मोहनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत अगौना के गांव पूरे नायब निवासी विजय कुमार पुत्र राजेश कुमार अपनी मोटर साइकिल संख्या यूपी 33 बीए 3888 से अपने घर से कस्बा जायस स्थित चंदा अस्पताल गये थे। वह अपनी मोटरसाइकिल अस्पताल परिसर में खड़ी कर किसी काम से अंदर गया था। इसी दौरान मौके की तलाश में घूम रहे एक शातिर चोर ने कुछ ही मिनटों में दूसरी चाभी लगाकर बाइक चोरी कर ली और फरार हो गया। अस्पताल से वापस लौटने पर पीड़ित को बाइक गायब नदारद मिली तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। पीड़ित वाहन स्वामी द्वारा काफी तलाश के बावजूद बाइक का कोई सुराग नही मिल सका। अस्पताल से बाइक चोरी की सूचना मिलने पर सनसनी फैल गई।

# सड़कों पर पार्किंग,फुटपाथों पर कब्जा, शहर में पैदल चलना बना चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । शहर में पार्किंग व्यवस्था के अभाव और फुट पाथों पर बढ़ते अतिक्रमण ने आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोग अपने वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं,जबकि कई दुकानदार फुटपाथों पर सामान स जाकर बैठे हैं। नतीजतन पैदल यात्रियों को जान जोखिम में डालकर सड़क पर चलना पड़ रहा है। कई बार राहगीरों और वाहन चालकों के बीच कहा सुनी और दुर्घटना जैसी स्थितियां भी पैदा हो जाती हैं।कैनविज टाइम्स की पड़ताल में शहर की प्रमुख सड़कों और बाजारों में यातायात व्यवस्था की बद हाल तस्वीर सामने आई है। दुखहर नाथ मंदिर से लेकर जिला अस्पताल तक सड़क पर लग्जरी गा ड़ियां और बाइकें खड़ी रहती है जबकि फुटपाथ दुकानों के सामान से घिरे रहे।ऐसे में राहगीरों को वाहनों के बीच से निकलना पड़ा।सड़क पर खड़ी कारों और ई-रिक्शा के सवारी लेने से गली में सड़ क अस्थायी पार्किंग में तब्दील कर दिया गया है। यहां कारें सड़क पर खड़ी थीं,जबकि ई-रिक्शा चा लक भी बीच सड़क पर सवारियां बैठाते नजर आ ए है दुकानों के बाहर फैले सामान ने स्थिति और जटिल बना दी।चौक बाजार क्षेत्र में दुकानों के सा मने बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन खड़े मिले है। आधी सड़क तक वाहनों के कब्जे के कारण लोगों को निकलने में परेशानी हो रही है।वही याता,-यात सीओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि पिछले चार महीनों में नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वा लों के खिलाफ चालान किए जा रहे हैं,उन्होंने कहा कि दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटा ने की जिम्मेदारी नगरपालिका की है।यातायात पु लिस लगातार अभियान चलाकर सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# कार की टक्कर से व्यवसायी की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के बेलसर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और मशीनरी स्टोर के संचालक राकेश सिंह की गुरुवार सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।जान कारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब छह बजे राकेश सिंह अपने घर से खेत की ओर जा रहे थे। बेलसर-उमरी मार्ग पर पहुंचते ही गोंडा की ओर से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी।हादसे की सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंच गए और उन्हें उपचार के लिए जिला मुख्यालय गोंडा ले जा रहे थेकि रास्ते में मौत हो गई।मृतक राकेश सिंह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनके बड़े भाई भास्कर सिंह तथा छोटे भाई राजेश सिंह हैं। उनके पुत्र राहुल सिंह एवं रोहित सिंह अध्यापक हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही विधायक के पुत्र विनोद कुमार पांडेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह रज्जन बाबा कृष्ण पाल सिंह समेत क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पहुंचे।राकेश सिंह लंबे समय से मशीनरी स्टोर का संचालन कर रहे थे। क्षेत्र में उनकी अच्छी छवि थी और वे जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते थे।उनके निधन से क्षेत्र ने एक मिलनसार और समाजसेवी व्यक्तित्व को खो दिया है।अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घरवालों ने पुलिस कार्रवाई कराने से इन्कार कर दिया है।

# एआरटीओ को मिली जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जनपद के एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। धमकी मिलने के बाद प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। नगर कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी शाहनवाज खान को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार सुधेश तिवारी मित्र मंडली'' नामक व्हाट्सएप ग्रुप में आरोपी ने एआरटीओ प्रशासन को संबोधित करते हुए लिखा, ''मेरे हाथों तुम्हारी मौत सुनिश्चित है।'' इस संदेश के सामने आने के बाद एआरटीओ प्रशासन ने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।शिकायत के आधार पर नगर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि धमकी के पीछे उसकी मंशा क्या थी तथा कोई अन्य व्यक्ति भी इसमें शामिल है या नहीं।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सरकारी अधिकारियों को धमकी देने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर सराहना भी की जा रही है।

## भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

गौरीगंज, अमेठी।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय। गौरीगंज में गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से प्रारम्भ होकर छह जुलाई तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी तथा उन्हें सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है। उनके बलिदान को स्मरण करते हुये भाजपा जनजागरण एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

# बैंक स्तर पर लम्बित आवेदनों का तीस जून तक करें निस्तारण : डीएम

## पीएम स्वनिधि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पीएम स्वनिधि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, लंबित आवेदनों के निस्तारण तथा लक्ष्य पूर्ति की विस्तार से समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुये नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाय। उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों, जिला समन्वयकों तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीस जून तक सभी लंबित पात्र आवेदनों को स्वीकृत कर ऋण वितरण की कार्रवाई पूर्ण की जाय जिससे मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी एवं फुटपाथ विक्रेताओं को स्वरोजगार के लिये आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है इसलिए किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 की समीक्षा करते हुए जनपद में शेष एक सौ छब्बीस अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों, संबंधित उपजिलाधिकारियों तथा कार्य के लिये सूडा द्वारा नामित संस्था स्नो फाउंटेन को निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण आवासों की नियमित निगरानी करते हुए उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाय। साथ ही ऐसे लाभार्थियों को चिन्हित किया जाए जिन्होंने योजना के अंतर्गत धनराशि प्राप्त करने के बावजूद आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं किया है। जिलाधिकारी ने ऐसे डिफॉल्टर लाभार्थियों के विरुद्ध नियमानुसार रिकवरी की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निकाय एवं तहसील स्तर पर लंबित आवेदनों का शीघ्र सत्यापन एवं निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें और लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखते हुए नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक स्तर पर प्रगति की मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/परियोजना निदेशक डूडा अमृता सिंह, उप जिलाधिकारी/परियोजना अधिकारी डूडा प्रीति तिवारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, समस्त जिला बैंक समन्वयक, समस्त शाखा प्रबंधक, सीएमएम एवं सीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग सख्या-927 (बाराबंकी-बहराइच सेक्शन) के चारलेन/निर्माण हेतु की गयी आक्षेपों की सुनवाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट/सक्षम प्राधिकारी भूमि अध्यापित बहराइच राजेश प्रसाद द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सख्या-927 (बाराबंकी-बहराइच सेक्शन) के चारलेन चौडीकरण/निर्माण के भू-अधिग्रहण हेतु प्रभावित कुल 52 ग्रामों में से तहसील कैसरगंज 32 ग्रामों की राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा-3डी प्रकाशन के अन्तर्गत प्रभावित खातेदारों से क्लेम प्राप्त किये गये। अर्जित की जानी वाली भूमि का मुआवजा निर्धारित किये जाने से पूर्व प्रभावित कृषकों से दावा आमंत्रित किया गया तथा कृषकों द्वारा प्रस्तुत दावों पर सुनवाई की गयी। सुनवाई के समय 32 ग्रामों के हितबद्ध कृषकों में से कुल 236 कृषक उपस्थित हुये जिसमें 91 कृषको द्वारा अपने अपने आक्षेप प्रस्तुत किये गये। सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति)/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच द्वारा प्राप्त दावों का स्थलीय/अभिलेखीय परीक्षण उपरान्त निस्तारित किया जायेगा। अर्जन प्रभावित कृषक का प्रभावित क्षेत्रफल में जो परिसम्पत्तियाँ प्रभावित होगी उसका भी प्रतिकर भूमि के प्रतिकर के साथ भुगतान किया जायेगा। कृषको को यह भी आश्वस्त किया कि अर्जन प्रभावित व्यक्ति अपने भूमि के सम्बन्ध में समस्याओं से कभी भी अवगत करा सकते है।

# रविवार को आयोजित होगा रक्तचाप पर प्रदेश स्तरीय सेमिनार

## सेमिनार में देश के कोने-कोने से हृदय रोग विशेषज्ञ लेगे भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। आगामी 28 जून को रविवार को स्टेट मेडिकल कॉलेज दुबेपुर में इंडियन सोसायटी आफ हाइपरटेंशन के यू पी चैप्टर की एक कॉन्फ्रेंस हो रही है जिसमें कि जिस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन 12000 बजे प्रोफ़ेसर आरके धीमान और पद्मश्री एसबीआई एसजीपीजीआई के डायरेक्टर करेंगे और प्रोफ़ेसर के के त्रिपाठी पद्मश्री जो नेफ्रोलॉजिस्ट है डॉक्टर शिवेंद्र कुमार सिंह का नोट व्याख्यान होगा। जोकि भू सेंड नेफ्रोलॉजी में बोलेंगे और हमारे कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर आदित्य कपूर, डॉ जुमानी और डॉक्टर सादिक अंसारी, डॉक्टर अखिलेश शर्मा, प्रोफ़ेसर अवधेश शर्मा, डॉक्टर सतीश कुमार, डॉक्टर सोनकर स्पीकर्स के काफी अच्छे सीएम होंगे।




कार्यक्रम 7.00 बजे सुबह स्टार्ट होगा 12.00 बजे उद्घाटन होगा और शाम को 5.00 बजे समाप्त होगा इस कार्यक्रम में सभी तरह के डॉक्टर आयुर्वेद होम्योपैथिक और मॉडर्न मेडिसिन के सभी डेलिगेट्स इनवाइटेड है और ब्लड प्रेशर के ऊपर बहुत ही अच्छा आधुनिक व्याख्यान दिया जाएगा जिसका लाभ ज्यादा से ज्यादा लोग उठाएं वहां पहुंचे सेमिनार को सफल बनाने में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सुल्तानपुर के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का सारणी सहयोग मिल रहा है। आशीर्वाद हॉस्पिटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एके सिंह सचिव डॉक्टर अंकुर सेठ वरिष्ठ नाक कान गला रोग सर्जन डॉक्टर सुभाष चंद्र वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर जेपी सिंह फिजिशियन डॉक्टर राजीव रतन मिश्रा की उपस्थिति सराहनीय रही।

# पालिकाध्यक्ष ने दी विकास की सौगात, 45 लाख की लागत से सड़क व नाली निर्माण का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के आदर्श नगर वार्ड में वर्षों से जर्जर पड़े मार्ग को अब नई पहचान मिलने जा रही है। नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर द्वारा पल्टू का पुरवा तिराहे से एमएसबी स्कूल (मधुसूदन इंटर कॉलेज मार्ग) तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया कि स्थानीय सभासद एवं क्षेत्रीय नागरिक लंबे समय से सड़क पुनर्निर्माण और जल निकासी व्यवस्था की मांग कर रहे थे। नगर पालिका ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा, जिसके बाद पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत लगभग 45 लाख रुपये की लागत से 317 मीटर लंबी सीसी सड़क एवं नाली निर्माण को स्वीकृति मिली। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर क्षेत्र में



सड़क, नाला-नाली निर्माण एवं प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण सहित विकास कार्यों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। नगर पालिका स्वच्छ सुंदर सुल्तानपुर की संकल्पना को साकार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की। कार्यक्रम का संयोजन स्थानीय सभासद विजय कुमार जायसवाल ने किया। इस दौरान सभासद मंगरू प्रसाद प्रजापति सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मोहनगंज पुलिस ने पैंसठ ग्राम स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने पैंसठ ग्राम स्मैक के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।मोहनगंज पुलिस की सख्ती से इस कारोबार में लिप्त लोगों में खलबली मची हुई है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान राहुल सिंह पुत्र शिवकुमार सिंह निवासी ग्राम सुब्बा का पुरवा मजरे मिश्रौली थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से पैंसठ ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध चोरी, मारपीट, हत्या का प्रयास व गैंगेस्टर एक्ट व अन्य गम्भीर धाराओं में आठ अभियोग पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# मोबाइल चोरी का खुलासा या पुलिस की नाकामी पर पर्दा, 4 दिन बाद बरामदगी पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।थाना पूरनपुर पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले में एक अभियुक्त और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर चोरी गया मोबाइल, एक बाइक और एक चाकू बरामद करने का दावा किया है पुलिस इसे अपनी बड़ी सफलता बताकर प्रचारित कर रही है, लेकिन पूरे घटनाक्रम पर नजर डालें तो कई ऐसे सवाल खड़े होते हैं जो पुलिस की कार्यशैली पर ही प्रश्नचिह्न लगा देते हैं जानकारी के अनुसार 21 जून 2026 को प्रीत रेस्टोरेंट के सामने मोटरसाइकिल पर लगे मोबाइल स्टैंड से एक रियलमी मोबाइल चोरी हो गया था पीड़ित की शिकायत पर थाना पूरनपुर में मुकदमा दर्ज किया गया इसके बाद पुलिस ने 25 जून की सुबह करीब 3:35 बजे एक अभियुक्त और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद करने का दावा किया सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि चोरी जैसी सामान्य घटना में पुलिस को चार दिन लग गए तो आखिर कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरों, मुखबिर तंत्र और पुलिस गश्त की वास्तविक स्थिति क्या है? जिस स्थान से मोबाइल चोरी हुआ वह कोई सुनसान इलाका नहीं बल्कि बाजार और आवागमन वाला क्षेत्र है इसके बावजूद पुलिस तत्काल आरोपियों तक क्यों नहीं पहुंच सकी?स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के बजाय पुलिस अक्सर घटना होने के बाद केवल औपचारिक कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपाने में जुट जाती है यदि लगातार प्रभावी निगरानी और गश्त होती तो संभवतः चोरी की घटना ही नहीं होती गौरतलब है कि बरामदगी में एक मोबाइल, एक मोटरसाइकिल और एक चाकू दिखाकर कार्रवाई को बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि आम नागरिक यह जानना चाहते हैं कि कस्बे में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने अब तक कौन से ठोस कदम उठाए हैं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अपराध होने के बाद खुलासा करना पुलिस का कर्तव्य है, उपलब्धि तब मानी जाएगी जब अपराध होने से पहले ही अपराधियों में कानून का भय दिखाई दे मोबाइल चोरी के इस मामले ने एक बार फिर पुलिस की सक्रियता, गश्त व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के दावों की पोल खोल दी है अब सवाल यह है कि क्या यह वास्तव में पुलिस की बड़ी सफलता है या फिर चार दिन बाद मिली एक साधारण बरामदगी को उपलब्धि बताकर वाहवाही लूटने की कोशिश? जनता जवाब चाहती है।

## चिराग तले अंधेरा, कंपोजिट ठेके पर उठे सवाल, प्रशासन की कार्रवाई पर नजर

सुलतानपुर। पुलिस लाइन और एसपी आवास के बीच संचालित कंपोजिट ठेके को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी और सवाल बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। लोगों का आरोप है कि सुबह से देर रात तक यहाँ भीड़ और शराबखोरी का माहौल बना रहता है, जिससे आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाए हैं कि आने-जाने वाली महिलाओं और बच्चियों को असहज स्थिति और अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ता है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि ऐसी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं तो संबंधित विभागों को जांच कर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। हैरानी की बात यह बताई जा रही है कि संवेदनशील क्षेत्र होने और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की आवाजाही के बावजूद लोगों को स्थिति में सुधार नजर नहीं आ रहा। इससे प्रशासनिक निगरानी और व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जनता की मांग है कि संबंधित प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस विभाग मौके का निरीक्षण करें, शिकायतों की जांच कराएं और यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा हो तो आवश्यक सख्ती और कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा बनी रहे।

## भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, कश्मीर और राष्ट्रवाद पर हुई चर्चा

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर गुरुवार को जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को 'बलिदान दिवस' के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान और कश्मीर मुद्दे पर उनके संघर्ष को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अशोक चौरसिया ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने ˜एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे˜ का उद्घोष करते हुए कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए संघर्ष किया और अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया गया। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन और बलिदान प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बताया कि बलिदान दिवस से लेकर 06 जुलाई को डॉ. मुखर्जी की जयंती तक पार्टी द्वारा जिलेभर में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक बूथ स्तर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से अशोक चौरसिया को क्षेत्रीय अध्यक्ष घोषित किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अजय सिंह ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लखनऊ अग्निकांड के मासूमों को पूरनपुर में श्रद्धांजलि, सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर उठी कड़ी कार्रवाई की मांग

पूरनपुर ।लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड में जान गंवाने वाले मासूम बच्चों की स्मृति में नगर के तिरंगा चौक स्थित मोहन सरस्वती शिशु मंदिर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं अंतरराष्ट्रीय वैश्य फ़ेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई उपस्थित लोगों ने कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की सभा में वक्ताओं ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कमर्शियल भवनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर चिंता जताई और दोषियों के साथ-साथ लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित, व्यवस्थापक आलोक गुप्ता, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल, महामंत्री विकास गुप्ता, डॉ. प्रशांत गुप्ता, विकास अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विशाल गुप्ता, महेंद्र मिश्रा, राजू गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

## ग्रीष्मावकाश के बाद बच्चों की किलकारियों से गूंजा विद्यालय परिसर

पूरनपुर ।ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद गुरुवार को स्थानीय मोहन सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, पूरनपुर पुनः खुल गया विद्यालय के प्रथम दिन आचार्य परिवार ने विद्यार्थियों का तिलक-चंदन लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया विद्यालय परिसर को आकर्षक रंगोली और रेखांकन से सजाया गया था मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ नए सत्र का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित उपस्थिति और अध्ययन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया, जबकि विशिष्ट आचार्य बलराम सिंह ने शिक्षा के प्रति समर्पण और नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ दिखाई दी कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे हैं।

## निर्जला एकादशी पर दूग्धेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

देवरिया । उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्राचीन दूग्धेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। गुरुवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। व्रतधारी महिलाओं ने भगवान विष्णु एवं भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता और मंगलमय जीवन की कामना की। मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ब्राह्मणों द्वारा श्रद्धालुओं को संकल्प दिलाया गया। इसके उपरांत भक्तों ने अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार दान-दक्षिणा अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। निर्जला एकादशी के अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने कठोर व्रत का पालन करते हुए धर्म-कर्म एवं सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दिनभर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ का क्रम चलता रहा। धार्मिक वातावरण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं का मानना है कि निर्जला एकादशी का व्रत सभी एकादशियों के बराबर फल प्रदान करता है। इस दिन उपवास, पूजा और दान करने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन एवं स्वयंसेवकों द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। दर्शन-पूजन के लिए कतारबद्ध व्यवस्था बनाई गई, जिससे बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। पूरे दिन मंदिर परिसर ''हर-हर महादेव'' और ''जय श्री हरि'' के जयघोषों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह ने निर्जला एकादशी के पर्व को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा और लोगों ने श्रद्धा के साथ व्रत एवं पूजन संपन्न किया।

# अधिवक्ताओं का फूटा आक्रोश- जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी और अवैध कारोबार पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। अधिवक्ताओं का गुस्सा खुलकर सामने आया। अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई कथित मारपीट की घटना पर सख्त और त्वरित कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, 21 जून की रात रेलवे स्टेशन स्थित लक्ष्मी भोजनालय में अधिवक्ता धर्मात्मा सिंह, विपिन पाण्डेय और राजन पाठक पर कथित तौर पर जानलेवा हमला किया गया। इस घटना में अधिवक्ता धर्मात्मा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज की जरूरत पड़ी। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि स्टेशन रोड और कुड़वार नाका क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित होटल और दुकानों के कर्मचारियों द्वारा लंबे समय से दबंगई, मारपीट और अवैध वसूली जैसी घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन प्रभावी



कार्रवाई नहीं होने से ऐसे तत्वों के हौसले बुलंद हैं। घटना को लेकर अधिवक्ता समुदाय में नाराजगी और आक्रोश देखने को मिला। अधिवक्ताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए मांग की कि मामले में नामजद और शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए, गंभीर धाराओं के साथ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए, क्षेत्र में संचालित अवैध दुकानों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें हटाया जाए तथा घायल अधिवक्ता की सुरक्षा और बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जाए। अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि जल्द और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आगे आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

## पैमाइश को लेकर किसानों का सब्र टूटा धरना स्थल पर बुजुर्ग महिला की बिगड़ी तबीयत, प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल

पूरनपुर।तहसील परिसर में मुड़िया गांव की भूमि पैमाइश की मांग को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा किसानों और प्रशासन के बीच गतिरोध खत्म करने के लिए तहसील सभागार में हुई वार्ता बेनतीजा रही, जिसके बाद किसानों का आक्रोश और बढ़ गया इसी दौरान धरना स्थल पर मौजूद 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला किसान रामबेटी की अचानक तबीयत बिगड़ने से माहौल तनावपूर्ण हो गया धरनारत किसानों का आरोप है कि वे कई दिनों से अपनी भूमि की पैमाइश और कब्जा दिलाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन तहसील प्रशासन लगातार मामले को टालने का काम कर रहा है किसानों का कहना है कि यदि समय रहते पैमाइश करा दी जाती तो उन्हें आंदोलन का रास्ता नहीं अपनाना पड़ता बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन नाराज किसानों ने प्रशासन के प्रति अपना विरोध जताया।

# भरत तिवारी प्रकरण से लेकर राम मंदिर चढ़ावा चोरी तक गूंजा आक्रोश, भारतीय बजरंग दल ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, सरकार पर साधा निशाना

## चोरों और सत्ता की मिलीभगत की आशंका, निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। भारतीय बजरंग दल द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय एवं धार्मिक मुद्दों को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए भरत तिवारी प्रकरण, राम मंदिर चढ़ावा चोरी और गौसंरक्षण से जुड़े मामलों पर अपना आक्रोश व्यक्त किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले को देश की करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा विषय बताते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना बिना किसी संरक्षण या गंभीर लापरवाही के संभव नहीं हो सकती उन्होंने आरोप लगाया कि प्रथम दृष्टया यह मामला सामान्य चोरी का नहीं लगता और इसकी निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए विवेक मिश्रा ने कहा कि यदि देश के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में से एक में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए धन और सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, तो यह बेहद चिंताजनक स्थिति है उन्होंने कहा कि इस मामले में पारदर्शी जांच के माध्यम से सच्चाई देश के सामने लाई जानी चाहिए ताकि लोगों की धार्मिक आस्था और विश्वास बना रहे उन्होंने कहा कि संगठन को आशंका है कि यदि मामले की स्वतंत्र जांच नहीं कराई गई तो वास्तविक तथ्य सामने नहीं आ पाएंगे। इसी कारण भारतीय बजरंग दल ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ''राम भक्तों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान'', ''चढ़ावे के दोषियों को गिरफ्तार करो'', ''भरत तिवारी को न्याय दो'' जैसे नारे लगाए कई कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था के खिलाफ भी नाराजगी जताई और धार्मिक मामलों में जवाबदेही तय किए जाने की मांग की ज्ञापन में भरत तिवारी प्रकरण की निष्पक्ष जांच, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी, गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने तथा मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम प्रकरण की न्यायिक समीक्षा जैसी मांगें भी शामिल थीं संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आने वाले समय में व्यापक जनआंदोलन चलाया जाएगा ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और तहसील परिसर देर तक नारों से गूंजता रहा भारतीय बजरंग दल का कहना है कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला केवल आर्थिक अनियमितता नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा प्रश्न है, इसलिए इसकी निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई समय की मांग है।

# कजरी निरंजनपुर गौशाला में सुधार की पहल, संचालक व गौसेवकों को मिल रही धमकियां; राष्ट्रीय बजरंग दल ने जताया समर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कजरी निरंजनपुर गौशाला एक बार फिर चर्चाओं में है पूर्व में गौवंशों के अवशेष मिलने के मामले के बाद प्रशासन द्वारा लगातार जांच और छापेमारी की गई थी मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुरानी व्यवस्था को समाप्त कर गौशाला संचालन की जिम्मेदारी सबलापुर निवासी सूरज अग्निहोत्री को सौंप दी बताया जा रहा है कि नई व्यवस्था के तहत गौशाला में सुधार कार्य शुरू किए गए हैं, लेकिन नए संचालक और कर्मचारियों को लगातार परेशान किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं आरोप है कि पूर्व संचालक पक्ष के कुछ लोग गौशाला पहुंचकर कर्मचारियों और गौसेवकों को धमकाते हैं तथा कार्य में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं। इस संबंध में कई वीडियो और शिकायतें पुलिस प्रशासन को भी उपलब्ध कराई गई हैं इसी क्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के पदाधिकारी कजरी निरंजनपुर गौशाला पहुंचे संगठन के प्रतिनिधियों ने संचालक, कर्मचारियों और गौसेवकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला गौ रक्षा प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया ने कहा कि गौशाला में बेहतर व्यवस्थाएं स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है और संगठन इसके लिए पूरी तरह सहयोग करेगा उन्होंने कहा कि यदि गौसेवकों, कर्मचारियों अथवा संचालक के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित उपद्रवी तत्वों पर होगी संगठन ने प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है संगठन के साथ धनंजय मिश्रा, गोल्डी जोशी सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे वहीं, पूरे प्रकरण की जानकारी जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन को भी दी गई है, ताकि गौशाला का संचालन सुचारू रूप से जारी रह सके और गौवंशों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके ।

## सम्पादकीय

# भयावह जलवायु संकट

ब्राजील के बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट में उल्लेखित आंकड़े भारत से जुड़ी जलवायु संकट की भयावह तस्वीर दिखाते हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया में जलवायु आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित पहले दस देशों में शामिल हैं। यह डराने वाली रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन दशक में भारत में आई जलवायु संकट से जुड़ी आपदाओं में करीब अस्सी हजार लोगों को मौत का ग्रास बनना पड़ा। इतना ही नहीं करीब 170 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान भी देश को उठाना पड़ा है। ये आंकड़े जलवायु संकट के देश पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की तस्वीर उकेरते हैं। जो बताते हैं कि इस संकट से उबरने के प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है। निश्चित तौर पर इस दिशा में यदि युद्ध स्तरीय प्रयास तेज नहीं किए जाते तो भविष्य में परिणाम और घातक हो सकते हैं। ये प्रयास केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी तेज करने की जरूरत है। जागरूकता अभियानों में भी तेजी लाने की जरूरत है। इस संकट ने फसलों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव से हमारी खाद्य शृंखला पर भी संकट मंडरा सकता है। हमें 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का पेट भरने के लिये इस दिशा में शोध-अनुसंधान के साथ व्यापक किसान जागरूकता कार्यक्रम भी चलाने की जरूरत है। दरअसल, जलवायु संकट के चलते देश में जो ज्यादा नुकसान हुआ है, उसके पीछे लगातार आ रहे चक्रवात, कुछ इलाकों में सूखे और बाढ़ की लगातार पैदा होती स्थितियां हैं। जाहिर इसके मूल में तेजी से बढ़ता वातावरण का तापमान ही है। जिसका मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग ही है। निश्चित रूप से भारत में जलवायु संकट की स्थिति लगातार विकट होती जा रही है। निर्विवाद रूप से देश के सामने पैदा मौसमी आपदाओं से हमारे विकास में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। जो जीविका संकट भी पैदा कर रहा है। दरअसल, बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी की गई 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट उन संकटपूर्ण स्थितियों का भी खुलासा करती है जो जलवायु संकट के कारण पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि पिछले वर्ष भारी बारिश व विनाशक रूप में आई बाढ़ से देश में करीब अस्सी लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि भारत सरकार ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष अपनी प्रतिबद्धता बार-बार जतायी है। इस संकट से उबरने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा के विकल्प को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास भी किया है। देश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। देश वनों का दायरा को भी बढ़ाने की जरूरत है। विकास देश की प्राथमिकता है, लेकिन यह विकास वनों के विनाश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। साथ ही इस दिशा में जो भी कदम उठाये जाएं उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर कितना हो रहा है, इस बात का लगातार मूल्यांकन भी जरूरी है। साथ ही रीति-नीतियों को प्रभावी तरीकों से अमलीजामा पहनाने की जरूरत होगी। जिसके लिये लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाइयों ग्राम पंचायत से लेकर शहरी निकायों को भी शामिल करने की जरूरत होगी। दरअसल, जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट केवल भारत की ही चुनौती नहीं है। यह एक वैश्विक संकट है। जो इस बात से पता चलता है कि पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने पूरी दुनिया में आठ लाख से अधिक लोगों को असमय काल का ग्रास बनाया है। लेकिन इस संकट की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि इसकी सबसे बड़ी कीमत वे विकासशील व गरीब देश चुका रहे हैं, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में सबसे कम भूमिका रही है। दुर्भाग्य से विकासशील देश जहां इन संकटों की दृष्टि से जहां ज्यादा संवेनशील हैं, वहीं इससे मुकाबले के लिये उनके संसाधन सीमित हैं। उनके प्रतिरोध की क्षमता सीमित है। जिन्हें तत्काल व्यापक वित्तीय सहायता की जरूरत है। ऐसे में विकसित देशों का नैतिक दायित्व बनता है कि उनका सहयोग सिर्फ विकासशील देशों को वित्तीय व तकनीकी सहयोग तक सीमित न रहे। साथ ही वे अपने कार्बन उत्सर्जन में भी कमी लाएं।

# स्मार्टफोन संयमित उपयोग की वैश्विक जरूरत

**स्मार्टफोन की लत बच्चों और युवाओं में मानसिक तनाव, अवसाद, एकाकीपन, हिंसक प्रवृत्तियों, अश्लीलता, साइबर अपराध और सामाजिक विघटन का कारण बन रही है। यही कारण है कि आज केवल परंपरागत समाज और विकासशील देश ही नहीं, बल्कि विकसित देश भी इस चुनौती से निपटने के लिए कठोर कदम उठा रहे हैं। हाल ही में भारत के हरियाणा के नूंह जिले के सुखपुरी गांव की पहल ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। गांव की पहचान साइबर अपराध के केंद्र के रूप में बनने लगी थी। इससे आहत होकर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से स्मार्टफोन त्यागने और बेसिक फोन अपनाने का निर्णय लिया। यह केवल मोबाइल तोड़ने की घटना नहीं, बल्कि समाज की उस पीड़ा की अभिव्यक्ति है, जो तकनीक के दुरुपयोग से उत्पन्न हुई है। गांव के युवाओं का विरोध भी स्वाभाविक है, क्योंकि आज शिक्षा, रोजगार, डिजिटल भुगतान और सरकारी सेवाएं स्मार्टफोन पर निर्भर हैं। इस घटना ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया है–क्या समाधान तकनीक का बहिष्कार है या उसके विवेकपूर्ण उपयोग का संस्कार? विश्व के अनेक देशों ने इस प्रश्न पर गंभीर चिंतन आरंभ कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिटेन, नीदरलैंड, चीन और अमेरिका जैसे देशों में बच्चों और किशोरों के स्मार्टफोन उपयोग को नियंत्रित करने की दिशा में अनेक पहलें हुई हैं।**

विज्ञान और तकनीक ने मानव सभ्यता को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। आज का युग डिजिटल युग है, जहां एक क्लिक पर पूरी दुनिया हमारी हथेली में सिमट आई है। स्मार्टफोन ने संचार, शिक्षा, व्यापार, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शासन और सामाजिक संबंधों को नई दिशा दी है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी लेकर आती है। स्मार्टफोन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यह जितना बड़ा वरदान सिद्ध हुआ है, उतना ही बड़ा अभिशाप भी बनता जा रहा है। विशेष रूप से बच्चों और किशोरों पर इसके दुष्प्रभावों ने पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। आज विश्वभर में यह स्वीकार किया जा रहा है कि स्मार्टफोन केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसका विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है। दुर्भाग्यवश, विवेक और अनुशासन के अभाव में इसका नकारात्मक पक्ष अधिक मुखर हो रहा है। स्मार्टफोन की लत बच्चों और युवाओं में मानसिक तनाव, अवसाद, एकाकीपन, हिंसक प्रवृत्तियों, अश्लीलता, साइबर अपराध और सामाजिक विघटन का कारण बन रही है। यही कारण है कि आज केवल परंपरागत समाज और विकासशील देश ही नहीं, बल्कि विकसित देश भी इस चुनौती से निपटने के लिए कठोर कदम उठा रहे हैं। हाल ही में भारत के हरियाणा के नूंह जिले के सुखपुरी गांव की पहल ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। गांव की पहचान साइबर अपराध के केंद्र के रूप में बनने लगी थी। इससे आहत होकर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से स्मार्टफोन त्यागने और बेसिक फोन अपनाने का निर्णय लिया। यह केवल मोबाइल तोड़ने की घटना नहीं, बल्कि समाज की उस पीड़ा की अभिव्यक्ति है, जो तकनीक के दुरुपयोग से उत्पन्न हुई है। गांव के युवाओं का विरोध भी स्वाभाविक है, क्योंकि आज शिक्षा, रोजगार, डिजिटल भुगतान और सरकारी सेवाएं स्मार्टफोन पर निर्भर हैं। इस घटना ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया है-क्या समाधान तकनीक का बहिष्कार है या उसके विवेकपूर्ण उपयोग का संस्कार? विश्व के अनेक देशों ने इस प्रश्न पर गंभीर चिंतन आरंभ कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिटेन, नीदरलैंड, चीन और अमेरिका जैसे देशों में बच्चों और किशोरों के स्मार्टफोन उपयोग को नियंत्रित करने की दिशा में अनेक पहलें हुई हैं। ऑस्ट्रेलिया ने किशोरों के सोशल मीडिया उपयोग पर आयु-सीमा तय करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। फ्रांस ने स्कूलों में स्मार्टफोन प्रतिबंध लागू किया है। ब्रिटेन में भी स्कूलों में मोबाइल उपयोग को सीमित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अमेरिका में सोशल मीडिया कंपनियों के विरुद्ध मुकदमे दायर हुए हैं और उन पर भारी जुर्माने लगाए गए हैं। इन पहलों का उद्देश्य तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य की रक्षा करना है। वास्तव में स्मार्टफोन जहां वरदान है, वहीं अभिशाप भी है। इससे ज्ञान का भंडार भी उपलब्ध है और भ्रम का संसार भी। यह शिक्षा का माध्यम भी है और अश्लीलता तथा हिंसा का प्रवेश-द्वार भी। यह रोजगार के अवसर भी देता है और साइबर अपराध की राह भी खोलता है। आज अनेक युवा रातों-रात अमीर बनने की लालसा में साइबर ठगी, सेक्सटॉर्शन, ऑनलाइन जुआ और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे अपराधों में फंस रहे हैं। सोशल मीडिया पर फैल रही अश्लील सामग्री, फ़ेक न्यूज, नफरत और ट्रोल संस्कृति ने सामाजिक मूल्यों को गहरी चोट पहुंचाई है। सबसे अधिक चिंता का विषय बच्चों और किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य है। शोध बताते हैं कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और रचनात्मक क्षमता प्रभावित होती है। नींद में कमी, चिड़चिड़ापन, अवसाद, चिंता, आत्महत्या की प्रवृत्ति और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। परिवारों में संवाद कम हुआ है और डिजिटल निकटता के बावजूद भावनात्मक दूरियां बढ़ी हैं। बच्चे खेल के मैदानों से दूर होकर आभासी दुनिया में खोते जा रहे हैं। विशेषतः 'स्मार्टफोन एक दुधारी तलवार है'। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और अत्याधुनिक संचार माध्यमों ने इस चुनौती को और अधिक जटिल बना दिया है। एआई



जहां शिक्षा, चिकित्सा, अनुसंधान और प्रशासन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, वहीं इसके दुरुपयोग की आशंकाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। डीपफ़ेक वीडियो, फर्जी ऑडियो, साइबर ठगी, पहचान की चोरी, फ़ेक न्यूज और डिजिटल ब्लैकमेल जैसे अपराधों में एआई का इस्तेमाल चिंताजनक स्तर तक बढ़ गया है। स्मार्टफोन इस पूरी प्रक्रिया का सबसे सुलभ और प्रभावी माध्यम बन गया है। एक साधारण मोबाइल फोन के माध्यम से आज कोई भी व्यक्ति एआई आधारित एप्लीकेशनों का उपयोग कर नकली तस्वीरें और वीडियो तैयार कर सकता है, भ्रामक सूचनाएं फैला सकता है या साइबर अपराधों को अंजाम दे सकता है। विशेष रूप से किशोर और युवा, जिनके पास तकनीकी कौशल तो है लेकिन नैतिक प्रशिक्षण और परिपक्वता का अभाव है, वे अनजाने में अथवा त्वरित लाभ की लालसा में ऐसे कृत्यों में संलिप्त हो सकते हैं। इसलिए आवश्यक है कि एआई और स्मार्टफोन के उपयोग के साथ-साथ डिजिटल नैतिकता, मानवीय मूल्यों और कानूनी जिम्मेदारियों का भी समुचित प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि तकनीक मानवता के विकास का साधन बने, विनाश का नहीं। इस संदर्भ में यह कथन अत्यंत प्रासंगिक है-'विज्ञान बिना विवेक के विनाश का कारण बनता है, जबकि विवेक के साथ वही विज्ञान मानवता का वरदान बन जाता है। ऐसी स्थिति में भारत में भी व्यापक राष्ट्रीय विमर्श की आवश्यकता है। भारत विश्व की सबसे युवा आबादी वाला देश है और एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। यदि भारत को विश्वगुरु के रूप में अपनी भूमिका निभानी है, तो उसे तकनीक और मानवीय मूल्यों के बीच संतुलन स्थापित करना होगा। भारत द्वारा निर्मित नीतियां न केवल देश, बल्कि विश्व के लिए भी मार्गदर्शक बन सकती हैं। इस दिशा में कुछ ठोस कदम उठाए जा सकते हैं-पहला, बच्चों और किशोरों के लिए स्मार्टफोन उपयोग की आयु-सीमा और समय-सीमा निर्धारित की जाए। एक निश्चित आयु तक बच्चों को केवल आवश्यक और नियंत्रित डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। दूसरा, स्कूलों में साइबर साक्षरता और डिजिटल नैतिकता को पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाए। बच्चों को केवल तकनीक का उपयोग ही नहीं, बल्कि उसके दुष्परिणामों और कानूनी पहलुओं की जानकारी भी दी जानी चाहिए। तीसरा, अभिभावकों को डिजिटल पैरेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाए। बच्चों को मोबाइल थमाकर जिम्मेदारी पूरी नहीं होती-उन्हें मार्गदर्शन, संवाद और संस्कार भी देने होंगे। चौथा, सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। हानिकारक और अश्लील सामग्री पर प्रभावी नियंत्रण, आयु सत्यापन और एल्गोरिदम की पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। पांचवां, युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और रचनात्मक अवसरों का विस्तार किया जाए, ताकि वे त्वरित धनार्जन के प्रलोभन में अपराध की ओर न बढ़ें। भारतीय संस्कृति सदैव संयम की संस्कृति रही है। हमारे ऋषियों ने सिखाया है कि किसी भी साधन का मूल्य उसके उपयोग में निहित होता है। आग भोजन भी पका सकती है और घर भी जला सकती है-दोष आग का नहीं, उपयोगकर्ता का होता है। यही बात स्मार्टफोन पर भी लागू होती है। आज आवश्यकता डिजिटल दुनिया से कटने की नहीं, बल्कि डिजिटल जिम्मेदारी, साइबर साक्षरता और संयमित उपयोग की है। तकनीक का विरोध समाधान नहीं है, बल्कि उसके साथ नैतिकता, विवेक और मानवीय मूल्यों का समन्वय ही स्थायी समाधान है। स्मार्टफोन मानव की सेवा का साधन बने, मानव का स्वामी नहीं-इसी में व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का कल्याण निहित है। **– ललित गर्ग**

# गांधी जी के तीन बंदर और लोकतंत्र की सीढ़ियाँ

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

घर की वह चौड़ी संगमरमरी सीढ़ियाँ उस दिन किसी पार्लियामेंट्री ब्लॉक से कम नहीं लग रही थीं। दोपहर की तपती धूप बाहर थी, लेकिन अंदर का पॉलिटिकल ड्रामा उससे कहीं अधिक गर्माया हुआ था। आज की राजनीति की तरह यहाँ भी कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं था। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की रेखाएँ सीढ़ियों के पायदानों पर खिंची हुई थीं। सबसे ऊपर की पॉवर सीट पर बैठा था,सबसे छोटा सदस्य, राजेश। वह अपनी आँखों पर दोनों हथेलियाँ मजबूती से टिकाए हुए था। उसके चेहरे पर वह मासूम लेकिन जिद्दी लोकतांत्रिक अहंकार था, जो कहता है, 'मैं वही देखूँगा जो मुझे देखना है और अगर मुझे नहीं देखना, तो सत्य निरर्थक हो जाएगा।' यह आज के सिलेक्टिव विजन वाले लोकतंत्र का सटीक उदाहरण था, जहाँ सच को ढंकना ही सबसे बड़ी कला है। यदि सरकार चलने के लिए समर्थन की आवश्यकता हो तो सबसे छोटा दल सबसे ज्यादा पावर फुल है, जो हर कहीं भागता फिरता है। राजेश के ठीक नीचे बैठी अनन्या ने अपने कानों को कसकर बंद कर रखा था। उसे बखूबी पता था कि जनता की चीखें, महँगाई का शोर या विपक्ष की दलीलें सुनना प्रशासनिक सुशासन के लिए हानिकारक हो सकता है। उसका इग्नोरेंस, ऐसी नीति थी जिसे हम आज की तारीख में डिफेंसिव इग्नोरेंस पॉलिटिक्स या सुविधाजनक बहरापन कह सकते हैं। सबसे नीचे, सीढ़ी के आखिरी पायदान पर बैठी थी सबसे बड़ी आरोही। उसने अपने मुँह पर हाथ रख रखा था। यह उस लोकतांत्रिक मर्यादा का प्रतीक था जिसे आज के दौर में संविधान का सम्मान करने के नाम पर चुप रहने के लिए मजबूर किया जाता है। सबसे बड़ा दल भी यदि पूर्ण बहुमत में नहीं होता तो वह सरकार साधने के लिए खुद चुप रहना ही उचित समझता है। उसे एक ऐसे मूक-दर्शक की तरह चुप रहना पड़ता है, जो जानती है कि अन्याय हो रहा है, लेकिन अनुशासन की लक्ष्मण रेखा को लांघना, अपनी ही कुर्सी को संकट में डालना है। तीनों बच्चों की छुट्टियाँ चल रही थीं, और रिमोट पर कब्जा जमाए समाचार चैनल लोकतंत्र की नई परिभाषा लिख रहे थे। कोई चिल्ला रहा था कि देश खतरे में है, तो कोई कह रहा था कि विकास की आंधी में सब उड़ गया है। शोर इतना था कि अर्थ खो चुका था। बच्चों ने ऊबकर टीवी बंद किया और सीढ़ियों को ही लोकसभा बना लिया। दादी, जो इस घर की संविधान सभा की एकमात्र जीवित सदस्य थीं, चश्मा उतारते हुए उनके पास आईं। उन्होंने मुस्कुराकर पूछा, ''यह कौन सा नया खेल है?'' आरोही ने इशारा किया, 'गांधी जी के तीन बंदर।' दादी ने एक गहरी सांस ली। उनकी आँखों में अतीत की वह पीढ़ियाँ तैर गईं, जिन्होंने देश को आजाद होते देखा था। उन्होंने कहा, ''बेटा, तुम लोग गांधी जी के बंदरों को गलत समझ बैठे हो। वे बुरा न देखने, न सुनने और न बोलने का संदेश इसलिए नहीं दे रहे थे कि तुम कायर बन जाओ। या लोकतंत्र ही गूंगा, बहरा, और अंधा बन जाए । वे इसलिए थे कि तुम अपनी इंद्रियों को शुद्ध रखो। लेकिन आज का लोकतंत्र तो उन बंदरों का मिसयूज कर रहा है। दादी ने बच्चों के पास बैठकर उस कड़वे सच को उजागर किया जो आज सत्ता के गलियारों में दफन है। ''राजेश, अगर तू आँखें बंद कर लेगा, तो गिरे हुए को कौन उठाएगा? अनन्या, अगर तू कान बंद कर लेगी, तो भूख की आह कौन सुनेगा? और आरोही, अगर तू मुँह बंद रखेगी, तो तानाशाहों की गलतियां कौन बताएगा? तीनों बच्चों ने धीरे-धीरे अपने हाथ हटाए। राजेश की आँखों में अब वह हकीकत थी जिसे उसने अपने स्वार्थ के लिए जानबूझकर अनदेखा किया था। आरोही के चेहरे पर एक ऐसी मुस्कान थी जो सवाल पूछने का साहस रखती थी। दादी ने कहा, ''प्रगति की सीढ़ियाँ चढ़ने के लिए लोकतंत्र की सीढ़ियों का हर पायदान जवाबदेही माँगता है। बुराई को देखना, उसे सुनना और समय आने पर उसके विरुद्ध आवाज उठाना ही असली लोकतांत्रिकता है,अन्यथा, यह घर भी किसी अखाड़े जैसा हो जाएगा जहाँ बंदर तो बहुत हैं, लेकिन इंसान कोई नहीं। उस दिन घर की सीढ़ियों पर कोई शोर नहीं हुआ, पर एक वैचारिक क्रांति हो गई। लोकतंत्र की असली शक्ति किसी बंद कमरे के फैसलों में नहीं, बल्कि उन लोगों की खुली आँखों और मुखर आवाजों में है जो जानते हैं कि कब देखना है, कब सुनना है और कब पूरी ताकत से सच बोलना है। सीढ़ियों से उठते हुए बच्चों को समझ आ गया था, कि अब बंदर बनकर रहने का युग समाप्त हो चुका है। अब भविष्य को 'सजग पीढ़ी' की जरूरत है, जो लोकतंत्र को केवल शब्दों में नहीं, अपने साहस में जीती है।

## सेहत मंत्र

# सिर्फ बादाम ही नहीं भीगी मूंगफली खाने के भी है ढेरों स्वास्थ्य लाभ

अक्सर आपने बादाम भिगोकर खाने के फायदों के बारे में सुना होगा और बच्चों का दिमाग तेज करने के लिए भी सुबह उन्हे भीगे बादाम खाने की सलाह दी जाती है, जो बिल्कुल सही है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि मूंगफली को भिगोकर खाने से भी आप कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। जी हां, यदि आप नियमित रूप से भिगोई हुई मूंगफली खाते हैं तो ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है और पेट की समस्याओं से भी निजात मिलती है। यदि आपको गैस और एसिडिटी की परेशानी है तो नियमित रूप से भिगोई हुई मूंगफली के सेवन से आपको आराम मिलेगा। मूंगफली में पोटेशियम, मैग्नीज, कॉपर, कैल्शियम, आयरन और सेलेनियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। सुबह खाली पेट भीगी हुई मूंगफली खाने से गैस और एसिडिटी की समस्या से राहत मिलती है। जिन लोगों को जॉइंट पेन और कमर दर्द की शिकायत है उनके लिए भी यह फायदेमंद है। दरअसल, मूंगफली शरीर में कैल्शियम की कमी को भी दूर करती है। रोजाना मूंगफली के करीब 20 दानों को भिगोकर खाने से महिलाओं में कैंसर का खतरा कम होता है। मूंगफली में एंटीऑक्सीडेंट, आयरन, नियासिन, फोलेट, कैल्शियम और जिंक होता है जो शरीर को कैंसर से लड़ने में मदद करते हैं। मूंगफली में मौजूद कुछ तत्व खांसी और भूख न लगने की समस्या को भी दूर करने में मददगार होते हैं। बादाम तो रोज खाइए ही साथ में रोजाना थोड़ी सी मूंगफली भिगोकर भी खाइए इससे आप डायबिटीज से बच सकते हैं। क्योंकि मूंगफली खाने से शरीर का ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। जिन्हें डायबिटीज है उन लोगों को 50 ग्राम मूंगफली को रातभर पानी में भिगोकर सुबह उसका सेवन करना चाहिए। इसमें फाइबर की भी भरपूर मात्रा होती है जिससे डाइजेशन सिस्टम ठीक रहता है। बच्चों को सुबह बादाम के साथ ही कुछ दाने भीगी मूंगफली के भी खिलाएं, क्योंकि मूंगफली में मौजूद विटामिन आंखों की रोशनी के साथ ही याददाशत बढ़ाने में भी मदद करते हैं।

## धर्म मंत्र

# धार्मिक स्थलों की यात्रा करना पसंद है तो ओडिशा आना बिलकुल न भूलें

ओडिशा में आये फोनी तूफान ने ओडिशा के कई तटीय जिलों को तबाह कर दिया, इस तूफान में ज्यादा जान-माल की हानि नहीं हुई क्योंकि मौसम विभाग की सर्तकता से एनडीआरएफ और आर्मी ने पहले ही ये जगह खाली करवा दी थी। इतने बड़े तूफान से ओडिशा अपने दम पर निपटा, क्योंकि आप ये भी कह सकते हैं कि ओडिशा के सिर पर जगन्नाथ (श्रीकृष्ण) का हाथ है। इसीलिए हर कठिनाई से ओडिशा खुद लड़कर बाहर आ जाता हैं। जगन्नाथ पुरी के अलावा भी ओडिशा में अन्य देवी- देवताओं का वास हैं। ओडिशा को धार्मिक पुरी भी कह सकते हैं क्योंकि यहां बसता है भारत का धार्मिक इतिहास। अगर आप ओडिशा घूमने के लिए जाते हैं तो समुद्र के अलावा आप इन प्राचीन मंदिरों के दर्शन कर सकते हैं। लिंगराज मंदिर भगवान हरिहर को समर्पित एक हिन्दू मंदिर है। जो भगवान शिव और विष्णु का ही एक रूप हैं। यह मंदिर पूर्वी भारतीय राज्य ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में स्थित है यह सबसे बड़ा मंदिर हैं और साथ ही भारत के सबसे प्राचीनतम मंदिरों में से एक है। भुवनेश्वर शहर की यह सबसे मुख्य और आकर्षक जगह है और साथ ही ओडिशा राज्य घुमने आए लोगो के आकर्षण का यह मुख्य केंद्र है। विश्व प्रसिद्ध कोणार्क में स्थित सूर्य मंदिर भारतीय राज्य ओडिशा के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। यहां की लोगों की मान्यता के अनुसार कोणार्क में स्थित है यह मंदिर ह्लपर्यटन के सुनहरे त्रिभुजङ्क के तीन बिंदुओं में से एक है।

## पर्यटन



# खजुराहो के मंदिरों के दर्शन के बिना अधूरा है भारत भ्रमण

वह दिन आज भी मेरे स्मृति पटल पर तैर जाता है जब अपने मित्रों के साथ झांसी से प्रातः बस से रवाना होकर करीब चार धंटे का सफर तय कर विश्व में बेमिसाल कला के प्रतिमान मंदिरों की धरती खजुराहो पर कदम रखा था। मंदिरों के आसपास ही ठहरने के लिए दो कमरे लिए और अल्पाहार कर हम चल पड़े खजुराहो के मंदिरों के दर्शन करने के लिये। सबसे पहले हमारे सामने थे पश्चिम मंदिर समूह परिसर के एक विशाल उद्यान में ऊंचे शिखर वाले अनेक मंदिर जो ऊँचे चबूतरों पर बने हैं। हमारी मंदिर यात्रा का पहला मंदिर था मंतगेश्वर जो सबसे प्राचीन मंदिर है। पिरामिड शैली में बने मंदिर के गर्भगृह में करीब एक मीटर व्यास का ढाई मीटर ऊंचा शिवलिंग देखते ही बनता है। इसे 920 ई. में राजा हर्षवर्मन ने बनवाया था। इसके समीप ही स्थित विशाल लक्ष्मण मंदिर पंचायतन शैली में बना है जिसके चारो कोनों पर एक-एक उप मंदिर बने हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर रथ पर सवार सूर्यदेव नज़र आते हैं। मंदिर की बाह्य दीवारों पर असंख्य मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। मूर्तियों की भाव-भंगिमाएं, सुंदरता देखते ही बनती है। तीन कतारों में प्रमुख मूर्तियों की श्रृंखला है। कुछ कतारें छोटी मूर्तियों की हैं। मध्य ताखों में देव प्रतिमाएं हैं। नृत्य, संगीत, युद्ध, शिकार आदि प्रतिमाओं में तत्कालीन जीवन के दर्शन होते हैं। अन्य मूर्तियों में विष्णु, शिव, अग्निदेव, गंधर्व, सुर-सुंदरी, देवदासी, तांत्रिक, पुरोहित, और काम कला की प्रतिमायें हैं। एक मूर्ति में नायक-नायिका द्वारा एक-दूसरे को उत्तेजित करने के लिये नख-दंत का प्रयोग कर रहे हैं। मंदिर के गर्भगृह में भगवान विष्णु की त्रिमूर्ति प्रतिमा विराजित है। अंदर की दीवारों पर भी मूर्तियों का खजाना है। मंदिर के चबूतरे पर भी विविध विषयों के साथ सामूहिक मैथुन की मूर्तियां अद्भुत शिल्प लिये हैं। मंदिर के सामने लक्ष्मी मंदिर एवं वराह मंदिर बने हैं। पास में ही कंदारिया महादेव का मंदिर सभी मंदिरों से अलग है जो काम शिक्षा के लिए मशहूर है। मंदिर की बनावट और अलंकरण भी अत्यंत वैभवशाली है और मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। मंदिर का प्रवेश द्वार 9 शाखाओं से युक्त है, जिन पर कमल पुष्प, नृत्यमग्न अप्सराएं तथा व्याल आदि बने हैं। सरदल पर शिव की चारमुखी प्रतिमा बनी है। इसके पास ही ब्रह्मा एवं विष्णु भी विराजमान हैं।

# गौशालाओं से लेकर स्वच्छता तक, डीएम ने कसे पेंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम विकास, पंचायती राज, गोशाला संचालन एवं स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों के भुगतान, फैमिली आईडी निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा एनआरएलएम की प्रगति में सुधार पर जोर दिया।

गौशालाओं की समीक्षा के दौरान डीएम ने हरा चारा, साइलेज और भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सहभागिता योजना के तहत गौपालकों को समय से भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि भुगतान में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा में गांवों की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने, नालियों की नियमित सफाई, अधूरे शौचालयों का निर्माण पूर्ण कराने और पंचायत सहायकों के मानदेय का समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों और अन्नपूर्णा भवनों के शेष कार्य जल्द पूरा कर संचालन शुरू कराने पर भी बल दिया।

बैठक में जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए राकेश कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बाराबंकी में केजरीवाल-संजय का जोरदार स्वागत, अयोध्या रवाना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अयोध्या जा रहे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद संजय सिंह का गुरुवार को दरियाबाद क्षेत्र के अहमदपुर टोल प्लाजा पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से दोनों नेताओं का अभिनंदन किया और पार्टी के समर्थन में नारे लगाए।

इसके बाद दोनों नेता कुछ समय के लिए रॉयल गैलेक्सी होटल में रुके, जहां उनसे मिलने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे रहे। करीब 40 मिनट विश्राम के बाद दोनों नेता अयोध्या के लिए रवाना हो गए। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की और बिना बयान दिए अपने काफिले के साथ आगे बढ़ गए।

# रेप व दहेज मुकदमे की रंजिश में युवक की हत्या का आरोप, जीजा समेत तीन पर मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत ने सनसनी फैला दी है। मृतक के परिजनों ने उसके जीजा, ससुर और देवर पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि पुराने विवाद और न्यायालय में चल रहे रेप व दहेज उत्पीड़न के मुकदमों की रंजिश में युवक को पहले लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा गया और फिर कार से कुचल दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार, मृतक की बहन की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व टिकैतनपुरवा निवासी अतुल मिश्र से हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ससुराल पक्ष के एक सदस्य पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था, जबकि दहेज उत्पीड़न का मामला भी न्यायालय में विचाराधीन है। इसी विवाद के चलते महिला अपने मायके में रह रही थी।

आरोप है कि 24 जून को न्यायालय में पेशी के बहाने मृतक को बुलाया गया। बाद में सिद्धौर-केसरगंज मार्ग स्थित बसंतपुर गांव के पास अतुल मिश्र, राहुल मिश्र और उमेश मिश्र ने उसे व उसके साथियों को रोक लिया। परिजनों का कहना है कि आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला किया और गंभीर रूप से घायल युवक को कार से कुचल दिया। घटना के बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर जीजा समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राम मंदिर में चढ़ावे की पारदर्शिता पर उठे सवाल, शिवसेना यूबीटी का प्रदर्शन, चार किलो चांदी की ईंट की जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट में दान स्वरूप दी गई चार किलोग्राम चांदी की ईंट के अभिलेखों में उल्लेख न होने और उसके वर्तमान स्थिति पर उठे सवालों को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बाराबंकी में प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र 'विद्रोही' के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा और मामले की उच्चस्तरीय जांच तथा मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की।

ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शिवकुमार को सौंपते हुए शिवसैनिकों ने कहा कि 24 नवंबर 2018 को शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के प्रथम अयोध्या दौरे के दौरान हजारों शिवसैनिकों और संत-महात्माओं की उपस्थिति में शिवसेना उत्तर प्रदेश इकाई के तत्कालीन राज्य प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए चार किलोग्राम चांदी की ईंट भेंट की गई थी। आरोप है कि मंदिर ट्रस्ट की ओर से इस दान की कोई रसीद नहीं दी गई और न ही इसका कोई सार्वजनिक लेखा-जोखा उपलब्ध कराया गया।

प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र 'विद्रोही' ने कहा कि हाल के दिनों में राम मंदिर में चढ़ावे, आभूषणों और अन्य बहुमूल्य दान सामग्री को लेकर उठे विवादों के बीच शिवसेना द्वारा भेंट की गई चांदी की ईंट की स्थिति को लेकर भी गंभीर आशंकाएं उत्पन्न हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि करोड़ों रुपये मूल्य की दान सामग्री के संबंध में सवाल उठ रहे हैं तो चार किलो चांदी की ईंट का सत्यापन और उसका रिकॉर्ड सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर केवल अयोध्या या उत्तर प्रदेश का विषय नहीं, बल्कि करोड़ों सनातन श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ऐसे में दान और चढ़ावे से जुड़ी किसी भी प्रकार की अपारदर्शिता का प्रभाव देश ही नहीं बल्कि विश्वभर में बसे रामभक्तों की भावनाओं पर पड़ता है। इस प्रकरण ने जनमानस में असंतोष और आक्रोश की स्थिति पैदा कर दी है, जिसे देखते हुए निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है।

शिवसेना यूबीटी के राज्य प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह द्वारा इस संबंध में लखनऊ के सरोजिनी नगर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग भी की गई है। ज्ञापन में मांग की गई कि मामले को किसी सक्षम अधिकारी अथवा विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपा जाए तथा शिवसेना द्वारा भेंट की गई चांदी की ईंट सहित अन्य दान सामग्री का सत्यापन कर उनकी वर्तमान स्थिति सार्वजनिक की जाए।

प्रदर्शन में प्रदेश सचिव सविता श्रीवास्तव, जिला वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मीकि उर्फ पंडित जी, जिला प्रचारक राधेश्याम सैनी, व्यापार सेना जिला प्रमुख सुशील जायसवाल उर्फ बबलू, युवा सेना जिला प्रमुख मनोज सिंह मिंटू, जिला सचिव प्रवीन वर्मा, निंदूरा ब्लॉक प्रमुख राम प्रसाद निगम, सरवन बाबा, कमला देवी, कमल गुप्ता सहित अनेक शिवसैनिक मौजूद रहे।

# इमामबाड़ा हुसैनिया बड़ी सरकार में नौ मोहर्रम की कदीमी मजलिस, गम-ए-हुसैन में डूबे अज़ादार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी । नगर पंचायत जैदपुर स्थित विश्व प्रसिद्ध इमामबाड़ा हुसैनिया बड़ी सरकार में नौ मोहर्रम की कदीमी मजलिस श्रद्धा, अकीदत और गमगीन माहौल में आयोजित हुई। लगभग दो शताब्दियों से अपनी ऐतिहासिक विरासत को संजोए इस इमामबाड़े में हजारों अज़ादारों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश किया। मजलिस को मौलाना जाबिर जौरासी ने संबोधित किया। इसके बाद मुसव्विर जैदपुरी ने नौहाखानी की, जिस पर अज़ादारों ने पुरसोज मातम कर कर्बला के शहीदों को याद किया। परिसर में सजाए गए दुलदुल ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर लोगों की भावनाओं को और भी उद्वेलित कर दिया। मजलिस के बाद अज़ादारों में शरबत, पानी, रोटी और दाल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के मुतवल्ली डॉ. अली मुस्तफा रिजवी ने सभी उपस्थित अज़ादारों का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा नेताओं ने स्मृति दिवस को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया

पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के तत्वावधान में कांग्रेस द्वारा 25 जून 1975 में लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय के 51वें स्मृति दिवस को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया हैं।कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलन से हुआ - बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष नमन प्रताप राजपूत ने किया।जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बताया कि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल घोषित कर दिया गया था और तत्कालीन कंाग्रेस सरकार ने लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया गया और आपातकाल के विरुद्ध उठने वाली आवाज को दवा दिया गया और अत्याचार किए गए हैं। इस अवसर पर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि आप सभी लोकतंत्र रक्षक सेनानियों की ही देन है जो आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश में सरकार है आप ने शारीरिक यातनाओं को सहते हुए भी लोकतंत्र की आवाज को बुलंद किया इसलिए हम आपको नमन करते हैं।आपातकाल के समय की परिस्थितियों को अवगत कराते हुए पूरनलाल गंगवार ने कहा कि आपातकाल का समय बहुत ही संकट का समय था कर्फ्यू लगा हुआ था ।

# बिजली संकट किसानों का प्रदर्शन चेतावनी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जनशक्ति) के नेतृत्व में किसानों, व्यापारियों और छात्र-छात्राओं ने बाबागंज जनकपुर विद्युत उपकेंद्र पर लो-वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सतीश कुमार यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र में 18 घंटे नियमित विद्युत आपूर्ति की मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में भी नहीं डिगी आस्था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। ग्राम पंचायत बहरौली स्थित बाबा मस्त रामदास आश्रम के मासिक भंडारे में भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिली। जगरू पुरवा के 10 से 13 वर्ष आयु के कई बच्चे साइकिलों से कई किलोमीटर का सफर तय कर भंडारे में पहुंचे। आश्रम में महिलाओं, बुजुर्गों और ग्रामीणों की भी बड़ी भागीदारी रही। श्रद्धालुओं ने इसे सेवा, सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया।

# माती चौकी कांड में बड़ा मोड़: 11 साल बाद सजा, 30 दिन में हाईकोर्ट से मिली जमानत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। वर्ष 2015 के बहुचर्चित माती पुलिस चौकी कांड में ट्रायल कोर्ट से सजा पाने वाले दोषियों को राहत मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मामले में दोषसिद्ध प्रमोद लोनिया, पुत्तन,सोनेलाल रावत, कबीर अहमद को अपील लंबित रहने तक जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। प्रमोद लोनिया की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता फारूक अयूब ने बताया की प्रभावी पैरवी के बाद सजा सुनाए जाने के लगभग 30 दिन के भीतर ही हाईकोर्ट से यह राहत मिली।

मामला 30 अगस्त 2015 का है, जब थाना देवा क्षेत्र की माती पुलिस चौकी पर बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन किया था। पुलिस के अनुसार, थाना देवा की हवालात में बंद एक युवक की आत्महत्या की घटना के विरोध में जुटी भीड़ ने चौकी को घेर लिया था। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि भीड़ ने चौकी में आगजनी, तोड़फोड़, सरकारी अभिलेखों को नुकसान, वाहनों को जलाने तथा पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में करीब 200 से 250 अज्ञात लोगो को आरोपित बनाया गया था।

करीब ग्यारह वर्षों तक चली सुनवाई के बाद सेशन कोर्ट ने 22 आरोपियों को विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। इसके बाद दोषियों की ओर से हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता फारूक अयूब ने तर्क दिया कि अपीलकर्ता प्रमोद लोनिया पूरे ट्रायल के दौरान जमानत पर रहा और उसने कभी भी न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि एफआईआर में सैकड़ों लोगों की भीड़ का उल्लेख है तथा अपीलकर्ता के विरुद्ध कोई विशिष्ट और अलग भूमिका निर्धारित नहीं की गई है। मामला भीड़ की सामूहिक कार्रवाई से जुड़ा है और अपील में दोषसिद्धि के खिलाफ पर्याप्त कानूनी आधार मौजूद हैं। दूसरी ओर, राज्य सरकार की ओर से जमानत का विरोध किया गया, लेकिन हाईकोर्ट ने उपलब्ध तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए प्रमोद लोनिया आदि की अपील स्वीकार कर ली तथा अपील के अंतिम निस्तारण तक उसे 25 हजार रुपये के निजी मुचलके और एक जमानतदार पर रिहा करने का आदेश दिया।

कानूनी जानकारों का मानना है कि हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद मामले में सजा पाए अन्य दोषियों को भी राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। हालांकि अंतिम निर्णय अपील की सुनवाई के बाद ही होगा।

## सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश सिंह का निधन, शोक की लहर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर के सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश सिंह का गुरुवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षकों, पूर्व छात्रों, परिजनों एवं क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई।

## डीएम ने किया सड़क चौड़ीकरण परियोजना का निरीक्षण, सुस्ती पर सख्त

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने गुरुवार को राज्य मार्ग-127 के अंतर्गत भेलसर-टिकैतनगर-रामनगर-फतेहपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग 91.87 करोड़ रुपये की लागत से 27 किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित इस परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत पोल शिफ्टिंग और मार्ग में बाधक वृक्षों के पातन कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई तथा संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क निर्माण में डाली जा रही जीएसबी परत और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का भी परीक्षण किया तथा तकनीकी मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्रीय आवागमन को सुगम बनाने और लोगों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी संबंधित विभाग समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूरा कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र सेनानियों का संघर्ष हमेशा प्रेरणा देता रहेगा : अनिल दीक्षित

कानपुर। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर लगा ऐसा काला धब्बा है, जिसे देश कभी भूल नहीं सकता। लोकतंत्र सेनानियों का संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा। यह बातें गुरुवार को भाजपा कानपुर उत्तर के जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने संविधान हत्या दिवस के अवसर पर कहीं।

# सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में फिट करना बड़ी चुनौती
## सैमसन, किशन, अभिषेक पर होगी नजर

एजेंसी

बेलफास्ट। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत जब आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार को शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने नए युग की शुरुआत करेगा तो उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती क्रिकेट जगत की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में फिट करना होगा। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था जिसके दम पर उन्होंने सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। उन्होंने हाल में श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में 29 गेंद पर 94 रन की तूफानी पारी खेली थी जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। आम क्रिकेट प्रेमी यही चाहता है कि सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिले लेकिन टीम प्रबंधन के लिए यह काम आसान नहीं होगा। भारत के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक



शर्मा और ईशान किशन हैं। उनके टी20 रिकॉर्ड को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मार्च में आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में मिली जीत में सैमसन, अभिषेक और किशन ने अर्धशतक बनाए थे। इसके बाद भारत ने सबसे छोटे प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। टीम प्रबंधन अगर सूर्यवंशी को सलामी बल्लेबाज के रूप में शामिल करता है तो फिर सैमसन या अभिषेक में से किसी एक को या तो बल्लेबाजी क्रम नीचे खेलना होगा या टीम से बाहर होना पड़ेगा। विश्व कप खिताब जीतने के बाद यह कठोर कदम होगा। टीम प्रबंधन सैमसन को मध्य क्रम में भेज सकता है, क्योंकि वह पहले भी चौथे और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर चुके हैं। लेकिन अब उन स्थान पर कप्तान अय्यर और उप-कप्तान तिलक वर्मा खेलेंगे और ऐसे में छठे नंबर पर ही जगह ही खाली रह जाएगी। यह स्थान भी पारंपरिक रूप से ऑलराउंडर के लिए रखा जाता है तथा भारत के पास शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और सूर्यांश शेडगे के रूप में कई विकल्प मौजूद हैं। सैमसन को छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारने से भारत को केवल पांच गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरना पड़ेगा। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और वरुण चक्रवर्ती की अनुपस्थिति में यह विभाग पहले से ही कमजोर नजर आता है। सैमसन ने सलामी बल्लेबाज के रूप में 28 पारियों में 926 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 181.93 है। तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर पर उनका स्ट्राइक रेट क्रमशः 121, 129 और 127 है। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज अभिषेक ने सलामी बल्लेबाज के रूप में 43 पारियों में दो शतक और 10 अर्धशतकों की मदद से 1414 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 192.38 है, जो बेहद प्रभावशाली है।

# फीफा विश्व कप 2026: मेक्सिको ने चेकिया को 3-0 से रौंदा

एजेंसी

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको ने फीफा विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को चेकिया को 3-0 से हराकर ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले जीत लिए। इस जीत के साथ मेक्सिको ने इतिहास रचते हुए पहली बार विश्व कप के ग्रुप चरण में शत-प्रतिशत जीत दर्ज की। मेक्सिको की जीत के नायक रहे 22 वर्षीय मातेओ चावेज़, जिन्होंने अपने पहले ही विश्व कप में 55वें मिनट में टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद जूलियन क्विनोनेस ने 61वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल दागकर बढ़त दोगुनी कर दी। मुकाबले के इंजरी टाइम में अल्वारो फिडाल्गो ने तीसरा गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। इससे पहले मेक्सिको का सर्वश्रेष्ठ ग्रुप चरण प्रदर्शन दो जीत और एक ड्रॉ का रहा था, जो 1986 और 2002 विश्व कप में देखने को मिला था। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अभियानों में जेवियर एग्विरे किसी न किसी रूप में टीम से जुड़े थे–1986 में खिलाड़ी और 2002 में मुख्य कोच के रूप



में। ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पहले ही सुनिश्चित कर चुकी मेक्सिको अब राउंड ऑफ 32 में अपने अगले मुकाबले के लिए तैयार है, जो 1 जुलाई को एज़्टेका स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरी ओर, चेकिया का अभियान निराशाजनक रहा। टीम तीन मैचों में केवल एक अंक जुटा सकी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। मुकाबले में मेक्सिको के युवा और अनुभवी खिलाड़ियों ने भी सुर्खियां बटोरीं। 17 वर्षीय गिल्बर्टो मोरा विश्व कप में मेक्सिको की ओर से शुरुआती एकादश में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। वहीं 40 वर्षीय गोलकीपर गिलर्मो ''मेमो'' ओचोआ 77वें मिनट में मैदान पर उतरकर विश्व कप के छह संस्करणों में खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। इस सूची में केवल अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी शामिल हैं। हालांकि मैच के दौरान कुछ दर्शकों द्वारा लगाए गए विवादित नारे भी चर्चा का विषय बने, जिनके कारण पहले भी मेक्सिको फुटबॉल महासंघ को दंड झेलना पड़ा है। मेक्सिको की यह जीत उसे नॉकआउट चरण में मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करती है, जबकि चेकिया के लिए विश्व कप 2026 का सफर यहीं समाप्त हो गया।

# इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक टेस्ट से बाहर रहेंगे काइल जैमीसन

एजेंसी

नॉटिंघम। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेले जाने वाले तीसरे और निर्णायक टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। न्यूजीलैंड टीम प्रबंधन ने उनके कार्यभार (वर्कलोड) को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। टीम के कप्तान टॉम लैथम ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। करीब सात फीट लंबे तेज गेंदबाज जैमीसन ने लॉर्ड्स और द ओवल में खेले गए पहले दो टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 24.20 की औसत से 10 विकेट हासिल किए थे। तीन मैचों की श्रृंखला फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है और अंतिम मुकाबला गुरुवार से नॉटिंघम में शुरू होगा। पिछले कुछ वर्षों में पीठ की चोटों से जूझने वाले जैमीसन ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है।



उन्होंने पहले दो टेस्ट में कुल 65 ओवर गेंदबाजी की, जो दोनों टीमों के किसी भी गेंदबाज द्वारा डाले गए सबसे अधिक ओवर थे। ऐसे में न्यूजीलैंड ने एहतियातन उन्हें आराम देने का फैसला किया है। कप्तान टॉम लैथम ने ट्रेंट ब्रिज में पत्रकारों से कहा,''काइल जैमीसन चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। शुरुआत से ही योजना थी कि वह दो टेस्ट मैच खेलेंगे। उन्होंने आगे कहा,''वह पूरी तरह फिट हैं और किसी तरह की चोट नहीं है। पिछले दो-तीन वर्षों में उन्होंने जिस कठिन दौर का सामना किया है, उसे देखते हुए दो टेस्ट खेल पाना हमारे और उनके लिए बड़ी उपलब्धि है।''

# पिछले साल पता ही नहीं था कि वापसी कर पाऊंगी या नहीं, इस प्रदर्शन से आत्मविश्वास बढा : दीपिका

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले साल चोट के कारण एशिया कप के लिये रवानगी से ठीक पहले टीम से बाहर हुई दीपिका को पता नहीं था कि अब मैदान पर कब लौट सकेगी लेकिन एफआईएच नेशंस कप में मिली खिताबी जीत में सबसे ज्यादा छह गोल करके भारतीय महिला हॉकी की इस स्टार ड्रैग फ्लिकर ने लय और आत्मविश्वास दोनों हासिल कर लिये। न्यूजीलैंड में एफआईएच नेशंस कप जीतकर भारतीय महिला हॉकी टीम ने प्रो लीग में वापसी की है जिससे पिछले सत्र में वह बाहर हो गई थी। पूरी तरह फिट होकर लौटी दीपिका ने इस टूर्नामेंट में अमेरिका की एशले सेसा के साथ सर्वाधिक छह गोल दागे। दीपिका ने इंटरव्यू में कहा ,''मैने पूरी तरह फिट होकर वापसी नेशंस कप में ही की है। काफी समय बाद इस स्तर पर खेला है तो शुरू में थोड़ी नर्वस थी कि कैसे कर पाऊंगी। अच्छा टूर्नामेंट रहा और चोट के बाद वापसी के बाद इस प्रदर्शन से आत्मविश्वास बढा है। पिछले साल अगस्त में एशिया कप के लिये रवानगी से एक दिन पहले आखिरी अभ्यास सत्र में पैर फिसलने से उन्हें ग्रेड तीन हैमस्ट्रिंग टियर (घुटने के पीछे की मांसपेशी में चोट) हो गया था। दीपिका अप्रैल में चार मैचों के अर्जेंटीना दौरे पर भारतीय टीम में थी लेकिन रिहैबिलिटेशन में होने के कारण ज्यादा नहीं खेली। इससे पहले मार्च में हैदराबाद में विश्व कप क्वालीफायर भी वह नहीं खेल सकी थी। जनवरी में वह एचआईएल में चैम्पियन एसजी पाइपर्स टीम का हिस्सा थी लेकिन पूरी तरह वापसी नहीं थी। वर्ष 2025 में हॉकी इंडिया के सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाली दीपिका ने कहा ,'' हॉकी से दूर रहने का समय मेरे लिये बहुत कठिन था। मुझे गुस्सा आता था और मैं रोती थी कि टीम से बाहर क्यो हूं। अर्जेंटीना और आस्ट्रेलिया दौरे पर भी रिहैब में थी और नेशंस कप से ही सही मायने में वापसी हुई है। उन्होंने वापसी का श्रेय कोच शोर्ड मारिन, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच वेन लोम्बार्ड और ट्रेनर को दिया। बाईस वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा ,''पिछले साल ऐसी चोट लगी थी कि वापसी के बारे में पता ही नहीं था। लेकिन अगर मैं फॉर्म में वापसी कर सकी और खेल सकी हूं तो इसका श्रेय कोच शोर्ड, वेन, ट्रेनर कियारा और रोडेट को जाता है जिन्होंने अच्छा रिहैब कराया और काफी मेहनत की है। हरियाणा की इस स्ट्राइकर ने कहा ,'' कोच शोर्ड ने आने के बाद कम समय में टीम को खड़ा किया है जो आसान नहीं था। उन्होंने बहुत मेहनत की है और खिलाड़ियों ने पूरा साथ दिया है। कोचिंग स्टाफ की जितनी तारीफ करें, कम है। उन्होंने ड्रैग फ्लिक के लिये नीदरलैंड के ताइके ताकेमा के साथ विशेष शिविर को भी श्रेय देते हुए कहा कि विरोधी टीमों के वीडियो विश्लेषण से उन्हें काफी मदद मिली। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में गिने जाने वाले ताकेमा मई में आस्ट्रेलिया दौरे पर और नेशंस कप में भी टीम के साथ थे। दीपिका ने कहा ,'' उनके साथ ड्रैग फ्लिक शिविर का अनुभव काफी अच्छा रहा। हमने न सिर्फ ड्रैग फ्लिक पर काम किया बल्कि दूसरी टीमों के वीडियो भी देखे कि उनके पहले रशर कैसे आ रहे हैं या गोलकीपर का मूवमेंट क्या है। इससे मुझे काफी मदद मिली है कि कहां शॉट मारना है। उन्होंने आगे कहा ,'' मुझे कहा गया था कि खुद को रिलैक्स रखना है और ज्यादा दबाव नहीं लेना है। अपने कौशल पर भरोसा रखना है और नतीजा खुद ब खुद आयेगा। हम पिछड़ भी रहे हों तो भी आराम से ड्रैग फ्लिक लेना है।

# यूएस ओपन बैडमिंटन: तन्वी शर्मा और किदांबी श्रीकांत ने जीत के साथ किया आगाज

फुलर्टन (अमेरिका)। विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और थाईलैंड मास्टर्स चैंपियन देविका सिहाग ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 के महिला एकल वर्ग में विजयी शुरुआत की। तन्वी शर्मा ने जर्मनी की यवोन ली को 23-21, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं देविका सिहाग ने पेरू की इनेस लूसिया कास्टिलो को सीधे गेमों में 21-14, 21-14 से पराजित किया। पुरुष एकल वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में उभरते शटलर रौनक चौहान ने पूर्व विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता एस. शंकर मुथुसामी को 23-21, 21-16 से हराकर अगले दौर का टिकट कटाया। टूर्नामेंट के पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए भारतीय खिलाड़ी डी. सनीत को मात्र 30 मिनट में 21-14, 21-12 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई।

# होर्मुज़ के खुलने से जोखिम कम, पर आपूर्ति की लागत अधिक होगी: एसएंडपी

एजेंसी

नयी दिल्ली। होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए बड़ा जोखिम कम हुआ है, लेकिन आपूर्ति असंतुलित और महंगी होगी। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। अमेरिका और ईरान ने 17 जून को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसमें 60 दिन के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने की प्रतिबद्धता जतायी गयी है। समझौता ज्ञापन में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और बिना किसी शुल्क के वाणिज्यिक जहाजों के गुजरने का भी जिक्र है। एसएंडपी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच एमओयू सकारात्मक है, लेकिन ईरान का परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में ढील, क्षेत्रीय सुरक्षा और इजराइल की सुरक्षा चिंता जैसे मुद्दे अभी भी अनसुलझे हैं। 'होर्मुज खुला, लेकिन नाजुक हालात बरकरार' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया, ''पोत परिवहन, बीमा, बंदरगाह और परिचालन संबंधी बाधाएं भी संघर्ष से पहले की स्थिति में लौटने में देरी कर सकती हैं। एसएंडपी ने 2026 बची हुई अवधि के लिए ब्रेंट की कीमत का अनुमान औसतन 110 डॉलर प्रति बैरल बनाए रखा है। इसके 2027 में कम होकर 80 डॉलर प्रति बैरल और 2028 में 65 डॉलर प्रति बैरल पर रहने की संभावना जतायी गयी है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स में एशिया-प्रशांत क्रेडिट शोध की प्रमुख यूनिस टैन ने कहा, ''होर्मुज के फिर से खुलने से तत्काल बड़ा जोखिम कम हुआ है, लेकिन एशिया-प्रशांत क्षेत्र को अभी भी धीमी, महंगी और अधिक बिखरी हुई परिचालनगत स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। एमओयू के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 80 डॉलर से नीचे आ गई है और तरलीकृत प्राकृतिक गैस जापान कोरिया मार्कर (एलएनजी जेकेएम) 15 डॉलर प्रति 'मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट' (एमएमबीटीयू) के करीब है। एसएंडपी ने कहा कि इनसे शुरुआती झटके में कमी आई है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बाजार दुरुस्त हो गया है। आपूर्ति के प्रवाह में धीमी बहाली से पेट्रोरसायन, कृषि, परिवहन और लॉजिस्टिक में ऊर्जा, माल ढुलाई और कच्चे माल की लागत का दबाव बना रह सकता है। सबसे ज्यादा जोखिम ऊर्जा, विपणन क्षेत्र और कम बाहरी तथा राजकोषीय बफर वाले उभरते बाजारों को है। होर्मुज जलडमरूमध्य से प्रसंस्कृत ईंधन, नाफ्था, उर्वरक और औद्योगिक कच्चे माल का भी परिवहन होता है, इसलिए धीमी आवाजाही का असर ऊर्जा के अलावा अन्य क्षेत्रों पर भी हो सकता है। एसएंडपी ने कहा कि दक्षिण एशिया विशेष रूप से पश्चिम एशिया संघर्ष के दूसरे स्तर के जोखिमों के प्रति संवेदनशील है।

# अपीलीय न्यायाधिकरण ने ऋण शोधन कार्यवाही पर रोक लगायी: विक्रम सोलर

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सुनवाई की अगली तारीख तक विक्रम सोलर के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक लगा दी है। कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने सुनवाई की अगली तारीख के बारे में जानकारी नहीं दी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की कोलकाता पीठ ने 19 जून को विक्रम सोलर को कंपनी के परिचालन से जुड़ा कर्ज देने वाली इस्तिवा स्टील्स की याचिका स्वीकार करने के बाद कंपनी के खिलाफ कंपनी ऋण शोधन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने का आदेश दिया था। विक्रम सोलर ने अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष इस आदेश को चुनौती दी थी। कंपनी ने कहा, ''राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने एनसीएलटी की कोलकाता पीठ के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें इस्तिवा स्टील्स द्वारा ऋण शोधन अक्षमता और दिवाला संहिता 2016 की धारा नौ के तहत दायर याचिका को स्वीकार किया गया था। यह रोक मामले की अगली सुनवाई की तारीख तक लागू रहेगी। एनसीएलटी ने ऋण शोधन और दिवाला संहिता में तय प्रक्रिया के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल को निलंबित करते हुए विक्रम सोलर के लिए एक अंतरिम समाधान पेशेवर भी नियुक्त किया था। कंपनी ने कहा, ''एनसीएलएटी ने विक्रम सोलर लि. के खिलाफ कंपनी ऋण शोधन समाधान प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। इस बारे में आदेश अभी अपीलीय न्यायाधिकरण के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## इंग्लैंड महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में

**लंदन।** मेजबान इंग्लैंड ने भीषण गर्मी के बीच बुधवार को लॉर्ड्स में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज को 38 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इन दोनों टीम ने टूर्नामेंट में इससे पहले कोई मैच नहीं गंवाया था। इंग्लैंड ने 35 डिग्री सेल्सियस के तापमान में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 186 रन बनाए जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम पांच विकेट पर 148 रन ही बना पाई। इंग्लैंड की तरफ से डैनी व्याट-हॉज ने 42 गेंदों में 65 रन जबकि हीथर नाइट ने 26 गेंद पर 43 रन बनाए। व्याट-हॉज ने टूर्नामेंट में अब तक 193 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। उसकी तरफ से चिनैल हेनरी ने 30 गेंदों में नाबाद 51 रन बनाए। अगर वेस्टइंडीज शनिवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में आयरलैंड को हरा देता है, तो वह सेमीफाइनल में पहुंच सकता है।

## अल्फा वेव ने डेल्हीवरी में 1.93 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**नयी दिल्ली।** अल्फा वेव ग्लोबल ने लॉजिस्टिक्स कंपनी डेल्हीवरी में अपनी पूरी 1.93 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार के सौदे के जरिये 665 करोड़ रुपये में बेच दी है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद बृहस्पतिवार को डेल्हीवरी के शेयर में गिरावट आई। शेयर बाजार पर उपलब्ध थोक आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका स्थित अल्फा वेव ग्लोबल ने अपनी सहयोगी इकाई अल्फा वेव वेंचर्स, एलपी के माध्यम से कुल 1,44,44,800 शेयर दो चरणों में बेचे। यह कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 1.93 प्रतिशत हिस्सा है। ये लेनदेन बुधवार को 460.03 रुपये से 460.36 रुपये प्रति शेयर के दायरे में किए गए। इस प्रकार इन सौदों का कुल मूल्य 664.74 करोड़ रुपये रहा।

## भारत ने चीन से आयातित तीन उत्पादों के खिलाफ शुरू की डंपिंग रोधी जांच

**नयी दिल्ली।** भारत ने घरेलू विनिर्माताओं की अलग-अलग शिकायतों के आधार पर चीन से आयातित तीन उत्पादों के खिलाफ डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। वाणिज्य मंत्रालय की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। इन उत्पादों में थर्मल पेपर, बाइएक्सियली ओरिएंटेड पॉलिएमाइड (बीओपीए) फिल्म और कुछ एंटीऑक्सीडेंट शामिल हैं। इस जांच में चीन के अलावा दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, अमेरिका और थाइलैंड भी शामिल हैं। अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और चीन की अत्यधिक औद्योगिक उत्पादन क्षमता के कारण भारत में सस्ते चीनी उत्पादों की डंपिंग का खतरा बढ़ गया है। जांच शुरू करने के लिए अलग-अलग घरेलू कंपनियों ने मंत्रालय के व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) के समक्ष चार आवेदन दायर किए हैं। विनती ऑर्गेनिक्स लिमिटेड ने चीन, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर से पॉलिमर उद्योग में इस्तेमाल होने वाले कुछ एंटीऑक्सीडेंट के आयात की कथित डंपिंग की जांच की मांग की है। जेपीएफएल फिल्म्स ने चीन और थाइलैंड से निर्यात की जाने वाली पैकेजिंग उद्योग में उपयोग होने वाली बायएक्सियली ओरिएंटेड पॉलिएमाइड (बीओपीए) फिल्म के आयात की जांच की मांग की है। इसी तरह, इंडियन एसोसिएशन ऑफ थर्मल पेपर मैन्युफैक्चरर्स एंड अलाइड इंडस्ट्रीज ने अमेरिका, चीन और दक्षिण कोरिया से आयातित थर्मल पेपर या थर्मल सेंसिटिव पेपर पर डंपिंग रोधी शुल्क जांच शुरू करने के लिए डीजीटीआर के समक्ष आवेदन दायर किया है। वहीं, आईटीसी लिमिटेड ने चीन से आयातित डेकोर पेपर पर लागू डंपिंग रोधी शुल्क के 'सनसेट रिव्यू' की मांग की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की अधिसूचनाओं के अनुसार, सभी आवेदकों ने आरोप लगाया है कि इन देशों से डंप किए गए उत्पादों के आयात से घरेलू उद्योगों को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने सस्ते आयात के प्रभाव से घरेलू कंपनियों की सुरक्षा के लिए इन उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की अपील की है। अधिसूचना में कहा गया ,'' आवेदक द्वारा दायर आवेदन और घरेलू उद्योग की ओर से प्रस्तुत प्रथम दृष्टया साक्ष्यों के आधार पर, जो उत्पाद की डंपिंग को प्रमाणित करते हैं, प्राधिकरण डंपिंग रोधी जांच शुरू करता है। इन सभी मामलों में डीजीटीआर संबंधित देशों से निर्यात किए गए उत्पादों की कथित डंपिंग के अस्तित्व, स्तर और प्रभाव का आकलन करेगा। यदि यह पाया जाता है कि डंपिंग से घरेलू उद्योग को वास्तविक नुकसान पहुंचा है, तो डीजीटीआर इन उत्पादों के आयात पर शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। इन शुल्कों को लागू करने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। डंपिंग रोधी जांच यह पता लगाने के लिए की जाती है कि क्या सस्ते आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचा है। इसके जवाब में देश विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के बहुपक्षीय ढांचे के तहत डंपिंग रोधी शुल्क लगाते हैं।

# आंध्र सरकार-एयरबाउंड में करार, 10,000 दैनिक उड़ानों वाला ड्रोन डिलिवरी नेटवर्क विकसित होगा

एजेंसी

अमरावती/नयी दिल्ली। आंध्र प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनी एयरबाउंड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत अमरावती राजधानी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ड्रोन आधारित डिलिवरी नेटवर्क विकसित किया जाएगा, जिसका लक्ष्य प्रतिदिन 10,000 ड्रोन उड़ानों के जरिये स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सामग्री, वाणिज्यिक वस्तुओं और अन्य आवश्यक सामान की तेज आपूर्ति सुनिश्चित करना है। कंपनी के बयान के अनुसार, आंध्र प्रदेश ड्रोन कॉरपोरेशन (एपीडीसी) और एयरबाउंड के बीच हुए इस समझौते का उद्देश्य दुनिया के सबसे बड़े वाणिज्यिक ड्रोन डिलिवरी नेटवर्क में से एक को विकसित करना, भविष्य की जरूरतों के अनुरूप लॉजिस्टिक ढांचा मजबूत करना और आंध्र प्रदेश को वैश्विक ड्रोन केंद्र के रूप में स्थापित करना है। एयरबाउंड के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नमन पुष्प ने कहा, एमओयू के तहत अमरावती राजधानी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ड्रोन डिलिवरी नेटवर्क विकसित किया जाएगा। दोनों साझेदार प्रतिदिन 10,000 ड्रोन उड़ानों का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, जिससे लॉजिस्टिक व्यवस्था मजबूत होगी और स्वास्थ्य सेवाओं की सामग्री, वाणिज्यिक वस्तुओं तथा अन्य महत्वपूर्ण खेपों की आवाजाही तेज होगी। इस समझौते पर एपीडीसी की प्रबंध निदेशक एवं चेयरमैन गीतांजलि शर्मा और नमन पुष्प ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। प्रस्तावित अमरावती राजधानी क्षेत्र ड्रोन डिलिवरी नेटवर्क (एसीआर-डीडीएन) के तहत एयरबाउंड स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक और ई-कॉमर्स क्षेत्र के विभिन्न भागीदारों के साथ मिलकर अमरावती, विजयवाड़ा और गुंटूर क्षेत्र को ड्रोन सेवाओं के माध्यम से जोड़ेगी।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई कमजोरी के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 250 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 270 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 2,100 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,290 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की बड़ी गिरावट आई है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,44,320 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,32,290 रुपये



प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,33,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,44,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,33,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,44,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,44,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# आपातकाल केवल इंदिरा गांधी की कुर्सी बचाने के लिए लगाया गया था : रविशंकर प्रसाद

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि आपातकाल केवल इंदिरा गांधी की कुर्सी बचाने के लिए लगाया गया था। पार्टी मुख्यालय में आयोजित पपत्रकार वार्ता में उन्होंने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे दुखद और काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर दिया था। इसके खिलाफ इंदिरा सुप्रीम कोर्ट गई, लेकिन उन्हें पूर्ण राहत नहीं मिली। जब यह घटनाक्रम हुआ, तब इंदिरा गांधी को बचाने की कोशिशें शुरू हुईं और इसी क्रम में आपातकाल लगाया गया।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आपातकाल के 50 साल पूरे हो गए हैं। आज देश में लोकतंत्र बचाने की बात की जाती है, संविधान दिखाया जाता है। ऐसे में उन चेहरों को बेनकाब करना जरूरी है 50 साल पहले क्या हुआ था। उन्होंने कहा कि वे जेपी आंदोलन के एक सेनानी थे। मीसा के



तहत बंदी भी रहे और आपातकाल के खिलाफ संघर्ष किया। इसलिए उस दौर की घटनाओं को प्रत्यक्ष रूप से याद कर सकते हैं। जिस तरह जेल में अत्याचार किया गया, उस पर कई पत्रकारों ने किताबें लिखी हैं।

उन्होंने पत्रकार कूमी कपूर की पुस्तक का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि बंदियों को टीन की छत वाले कमरों में रखा जाए ताकि वे गर्मी और असुविधा से परेशान रहें। उन्होंने आरोप लगाया कि देशभर में राजनीतिक कैदियों को प्रताड़ित किया गया और कई स्थानों पर उनके साथ अमानवीय व्यवहार हुआ। रविशंकर प्रसाद ने जबरन नसबंदी अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में सरकारी कर्मचारियों पर नसबंदी के लक्ष्य पूरे करने का दबाव डाला गया। उनके अनुसार, पदोन्नति और अन्य लाभों को भी नसबंदी अभियान से जोड़ दिया गया था, जिसके कारण कई जगहों पर लोगों को जबरन नसबंदी के लिए मजबूर किया गया। जिनकी शादी भी नहीं हुई थी, उनकी भी नसबंदी करवाई गई। यह मानवता के खिलाफ किया गया हमला था। मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लेख करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि दिल्ली स्थित कई प्रमुख समाचार पत्रों के कार्यालयों की 24 जून की रात बिजली काट दी गई थी ताकि अखबार प्रकाशित न हो सकें। उन्होंने कहा कि उस समय सेंसरशिप लागू थी। आपातकाल में एक चीफ सेंसर ऑफिसर था, जिसके अप्रूवल के बिना कोई समाचार नहीं छपता था, और निर्देश था कि संजय गांधी की देशभर में यात्रा ही सबसे महत्वपूर्ण खबर बनेगी। उन्होंने आपातकाल में अंडरग्राउंड रहते हुए प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका की तारीफ की।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैयर सहित अनेक पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया। कई अखबारों ने विरोधस्वरूप अपने संपादकीय कॉलम खाली छोड़ दिए थे। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी के उस प्रसिद्ध कथन का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि ''जब कुछ पत्रकारों से झुकने के लिए कहा गया, तो वे दंडवत करने लगे।'' इसके बावजूद कुछ अखबारों और पत्रकारों ने साहस दिखाया।

## घरौंडा टोल प्लाजा पर शुरू हुई बैरियर-रहित टोल वसूली प्रणाली

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के पानीपत-जालंधर खंड पर स्थित घरौंडा टोल प्लाजा पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) टोलिंग प्रणाली लागू करना शुरू कर दिया है, जिससे वाहनों को बिना रुके टोल शुल्क का भुगतान करने की सुविधा मिल रही है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि नई प्रणाली के तहत अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन तकनीक, सेंसर और कैमरों की मदद से वाहनों की पहचान कर फास्टैग के माध्यम से स्वचालित रूप से टोल शुल्क काट लिया जाएगा। इससे टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय समाप्त होगा और यातायात का प्रवाह सुचारु रहेगा। मंत्रालय के अनुसार इस व्यवस्था से यात्रियों का समय बचेगा, ईंधन की खपत कम होगी और राजमार्गों पर जाम की समस्या में कमी आएगी। साथ ही टोल चोरी और यातायात नियमों के उल्लंघन पर नजर रखने के लिए प्रभावी निगरानी तंत्र भी स्थापित किया गया है। एनएचएआई ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं से फास्टैग खाते में पर्याप्त शेष राशि बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# शिक्षा मंत्री युवाओं से माफी मांगें और इस्तीफा दें : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर आरोप लगाया है कि उनकी सरकार नाकामियों को छिपाने के लिए छात्रों की आवाज दबाने का काम कर रही है और इस गुनाह के लिए उन्हें युवाओं से माफी मांग कर तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए।

श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह देखकर आश्चर्य होता है कि सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार इस स्थिति तक पहुंच गई है कि अपने अधिकारों, निष्पक्ष परीक्षाओं और सुरक्षित भविष्य की मांग करने वाले छात्रों को उसके शिक्षा मंत्री 'आतंकवादी' बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिनकी नाकामी से कई पेपर लीक हुए, जिनके कार्यकाल में छात्रों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा और करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ, वे आज पीड़ित छात्रों और उनकी आवाज उठाने वालों को 'दहशतगर्द' बता रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार की यह प्रवृत्ति पुरानी है। किसानों को 'आंदोलनजीवी' और 'परजीवी' कहा गया, सवाल पूछने वालों को 'एंटी-नेशनल' बताया गया और अब युवाओं को 'दहशतगर्द' कहा जा रहा है। उनका आरोप था कि जो भी सरकार से सवाल पूछता है, उसे देशद्रोही ठहराने की राजनीति की जा रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री ने यह गंभीर अपराध किया है और इसके लिए उन्हें देश के करोड़ों युवाओं से तत्काल माफी मांगनी चाहिए। उनका यह भी कहना था कि श्री प्रधान को अपनी नाकामियों की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस नेता नेता ने कहा कि उन पर सरकार की तरफ से या मंत्री की तरफ से चाहे जितने हमले किए जा सकते हैं, लेकिन वह छात्रों और युवाओं के हितों की आवाज उठाना बंद नहीं करेंगे। श्री गांधी ने कहा, ''मैंने कोटा में भी कहा था और आज फिर दोहरा रहा हूं कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था एक 'वसूली तंत्र' बन गया है।

# डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी पर सीबीआई ने 16 राज्यों में 80 से अधिक ठिकानों पर मारे छापे, दो गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को डिजिटल अरेस्ट के जरिए धोखाधड़ी करने वाले साइबर अपराधियों के नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन चक्र-छह' के तहत 16 राज्यों में 80 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान चेन्नई और कोलकाता से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बी नरेश और संजीब साहा के रूप में हुई है। इस अभियान के लिए सीबीआई ने 60 विशेष टीमों का गठन किया था। इन टीमों ने पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, कर्नाटक और ओडिशा सहित देश के 16 राज्यों में फैले 80 से अधिक ठिकानों पर सघन तलाशी ली। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह छापेमारी डिजिटल अरेस्ट से जुड़े 200 से अधिक मामलों में संलिप्त एक बड़े आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए चल रही जांच के हिस्से के रूप में की गई है। गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों पर फर्जी कंपनियां बनाने और धोखाधड़ी के लिए बैंक खाते खोलने तथा उन्हें संचालित करने का आरोप है। अधिकारी ने कहा, ''इन बैंक खातों का उपयोग कथित तौर पर अपराध से कमाई गई लगभग दो करोड़ रुपये की संदिग्ध राशि को ठिकाने लगाने (मनी लॉन्ड्रिंग) के लिए किया जा रहा था। सीबीआई ने हाल ही में एक ऐसी धोखाधड़ी वाली वेबसाइट का पता लगाया था, जिसका पता (यूआरएल) उच्चतम न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट से काफी मिलता-जुलता था। इन जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों को ठगने के लिए इस फर्जी वेबसाइट का इस्तेमाल किया था। उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्री विभाग से मिली शिकायत के आधार पर सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। आधुनिक तकनीकी उपकरणों की मदद से सीबीआई ने देश और विदेश में चल रहे इस आपराधिक नेटवर्क के मुख्य स्रोतों की पहचान की। जांच में सामने आया है कि ये अपराधी अपनी धोखाधड़ी को असली दिखाने के लिए अदालतों और विभिन्न जांच एजेंसियों के नाम पर फर्जी और जाली दस्तावेज और आदेश पत्र अपलोड करते थे। छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और बैंक लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। अधिकारी ने बताया, ''इन सभी सामग्रियों की विस्तृत जांच की जा रही है। सीबीआई को ऐसे सबूत भी मिले हैं जिनसे संकेत मिलता है कि भारतीय नागरिकों के अलावा कई अन्य देशों के नागरिकों को भी इस नेटवर्क द्वारा ठगा गया है।


# प्रधानमंत्री मोदी से मिले अमेजन के सीईओ जेसी

## भारत में 13 अरब डॉलर के अतिरिक्त निवेश का किया ऐलान

एजेंसी

नई दिल्ली। दुनिया की दिग्गज ई-कॉमर्स और आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी ) कंपनी अमेजन ने 2030 तक भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) एवं क्लाउड अवसंरचना के विस्तार के लिए अतिरिक्त 13 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश करने की योजना का एलान किया है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें ई-कॉमर्स कंपनी की 2030 तक भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) एवं क्लाउड अवसंरचना के विस्तार के लिए अतिरिक्त 13 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश करने की योजना के बारे अवगत कराया।

एंडी जेसी ने 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में भारत के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराई। जेसी ने लिखा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भारत में अमेजन के भविष्य को लेकर हुई बैठक में मुझे बहुत अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि इस नए निवेश से 2026 से 2030 के बीच भारत में अमेजन का कुल पूंजी निवेश 48 अरब अमेरिकी डॉलर तक



पहुंच जाएगा। अमेजन के सीईओ ने आगे कहा कि हम एक दशक से ज्यादा समय से भारत में ग्राहकों, सेलर्स, डेवलपर्स, स्टार्टअप्स और कंपनियों की सेवा कर रहे हैं और अभी तो बस शुरुआत ही हुई है। मैंने बताया कि हम अगले पांच सालों में 48 अरब डॉलर का निवेश कर रहे हैं, जिसमें एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में 21 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश शामिल है। एंडी जेसी ने कहा कि 2023 तक हमारी योजना 38 लाख (3.8 मिलियन) नौकरियों को सपोर्ट करने, 80 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने और 1.5 करोड़ (15 मिलियन) छोटे व्यवसायों और 40 लाख (4 मिलियन) सरकारी स्कूल के छात्रों तक एआई के फायदे पहुंचाने की है। उन्होंने कहा, ''आगे जो होने वाला है, उसे लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। हम जो कुछ भी बना सकते हैं, उसके लिए अभी तो बस शुरुआत ही हुई है। कंपनी ने एक बयान में कहा, ह्ल अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। जेसी ने भारत के प्रति अमेजन की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराई और 2030 तक देश में एआई तथा क्लाउड अवसंरचना के विस्तार के लिए अतिरिक्त 13 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश की योजना की घोषणा की। इसके साथ ही 2026-30 के बीच एआई और क्लाउड अवसंरचना के विस्तार तथा समर्थन के लिए अमेजन का कुल नियोजित निवेश 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा। इससे कंपनी भारत में एआई और क्लाउड अवसंरचना में निवेश करने वाले सबसे बड़े वैश्विक निवेशकों में शामिल हो जाएगी। अमेजन ने कहा, '' यह निवेश मुंबई और हैदराबाद में एडब्ल्यूएस (अमेजन वेब सर्विसेज) डेटा सेंटर क्षमता का विस्तार करेगा जिससे स्टार्टअप, उद्यमों तथा सरकारी संगठनों को विशेष एआई चिप, प्रबंधित एआई सेवाओं, सुरक्षित एवं भरोसेमंद क्लाउड प्रौद्योगिकियों तथा 'डेवलपर टूल' तक पहुंच मिलेगी। इससे वे तेजी से नवोन्मेष कर सकेंगे, शीघ्र विस्तार कर सकेंगे और वैश्विक स्तर पर ग्राहकों को सेवाएं दे सकेंगे।'' इसके साथ ही 2010 से 2030 के बीच भारत में अमेजन का संचयी निवेश 88 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा।

# पत्नी पति की प्रॉपर्टी नहीं: उड़ीसा हाईकोर्ट

भुवनेश्वर। उड़ीसा उच्च न्यायालय ने गुरुवार को अपने एक फैसले में स्पष्ट करते हुए कहा कि 'पत्नी पति की प्रॉपर्टी नहीं है' और बालिग महिलाएं यह तय करने के लिए पूरी तरह आजाद हैं कि उन्हें कहां रहना है।

मुख्य न्यायाधीश हरीश टंडन और न्यायमूर्ति मुरारी श्री रमन की पीठ ने कहा, ''उसे उसके पति की संपत्ति नहीं मानी जा सकती। अगर उसने अपने साथ हुए उत्पीड़न की वजह से अलग रहने का फैसला किया है, तो इस फोरम का इस्तेमाल इस अदालत के सामने और/या ससुराल में उसकी मौजूदगी पक्की करने के लिए नहीं किया जा सकता। अदालत ने पाया कि महिला शादीशुदा जिंदगी में अनबन की वजह से अपनी इच्छा से अपने ससुराल से चली गयी थी और उसे किसी भी तरह से गैर-कानूनी तरीके से कैद नहीं किया गया था, जिससे यह याचिका पूरी तरह से गलत साबित हुई। पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह मामला इस बात का एक क्लासिक उदाहरण है कि मामला दर्ज करने वालों में निजी हिसाब-किताब बराबर करने और शादी के झगड़ों में दबाव डालने के लिए हेबियस कॉर्पस के खास उपाय का इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। पीठ ने कहा, ''यह उन क्लासिक उदाहरणों में से एक है जहां पति ने इस अदालत से पत्नी पर दबाव डालने के लिए संपर्क किया है, जो शादीशुदा रिश्ते में अनबन की वजह से अपनी इच्छा से घर छोड़कर चली गई थी।'' याचिकाकर्ता खुद उस व्यक्ति के घर गया था जिस पर उसने अपनी पत्नी का अपहरण करने का आरोप लगाया था और उससे घर लौटने का अनुरोध किया था। पीठ ने हालांकि अपने आदेश में यह भी कहा कि महिला ने उसके साथ जाने से मना कर दिया। अदालत ने अपहरण के आरोप की बुनियाद पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिला बालिग थी और अपनी जिंदगी के बारे में खुद फैसले लेने की काबिल थी और उसे उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके ससुराल लौटने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता था। पीठ ने शादी के झगड़ों में हेबियस कॉर्पस याचिका के बढ़ते गलत इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसी रिट याचिकाएं अक्सर किसी ऐसे व्यक्ति की आजादी को सुरक्षित करने के लिए दाखिल नहीं की जातीं, जिस पर गैर-कानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया हो बल्कि अलग रह रहे पति-पत्नी पर दबाव बनाने के लिए दखिल की जाती हैं। आदेश में कहा गया, ''हाल ही में एक प्रवृत्ति यह बनी है कि निजी हिसाब-किताब बराबर करने या अदालत को दूसरे पक्ष पर दबाव डालने के लिए एक हथियार की तरह इस्तेमाल करने के लिए हेबियस कॉर्पस के तौर पर बार-बार रिट याचिका दाखिल की जाती हैं, ताकि वह मामला दर्ज करने वाले की इच्छाओं के आगे झुक जाये। अदालत ने यह मानते हुए कि पत्नी ने अपनी इच्छा से ससुराल छोड़ा था, कहा कि याचिकाकर्ता साफ-सुथरे तरीके से मुकदमा लड़ नहीं पाया और इसकी बजाय उसने 'चालाक तरीके से कार्रवाई का एक गलत कारण' बनाया। पीठ ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को दो सप्ताह के अंदर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में 50,000 रुपये जमा करने का निर्देश देते हुए कहा कि यह धन नाबालिगों के कल्याण के लिए बनाए गए खातों में रखा जायेगा।

# पेज एक का शेष

### आपातकाल लोकतंत्र...

देशवासियों की आंख में धूल झोंक रहे हैं। इनका दोहरा चरित्र वर्तमान पीढ़ी को पता होना चाहिए। इसीलिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' आयोजित कर पूरे देश व नौजवान पीढ़ी को इससे अवगत कराने का प्रयास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी के अत्याचार से आमजन व राजनीतिक दलों के नेता कराह रहे थे। लोकतंत्र के समर्थन में जेल जा रहे थे। ऐसे ही नेताओं लालू प्रसाद व स्वर्गीय मुलयाम सिंह यादव की वर्तमान पीढ़ी आज उसी कांग्रेस के साये में अपनी राजनीति करती दिखाई दे रही है। कांग्रेस जब भी समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन का प्रयास करती थी, मुलायम उसका विरोध करते थे। वह कहते थे कि कुछ भी हो, कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं होना चाहिए। लेकिन उनके उत्तराधिकारी कांग्रेस के डूबते जहाज पर सवार होकर मुलायम सिंह की विरासत भी डुबोने पर उतारू हैं। ये लोग आज भी एक साथ होकर लोकतंत्र को कमजोर करने और परिवारवाद की राजनीति को प्रोत्साहित करने के लिए संवैधानिक मान्यताओं के विपरीत आचरण करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 करोड़ गरीबों को आवास, 12 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय, 10 करोड़ गरीबों के घर में रसोई गैस, 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन, 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत की सुविधा, 25 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से उभरना, ये सभी कार्य भारत के पुष्ट लोकतंत्र को प्रदर्शित करते हैं। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में लोकतंत्र पुष्ट हो रहा है तो दूसरी तरफ स्वार्थ के लिए लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस, जिसके द्वारा आज भी उसी प्रकार के प्रयास किए जाते हैं। हम सबको इसके प्रति सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, भारत दीक्षित, गया प्रसाद सोनकर, राम सिंह कुशवाहा, विद्याराम वर्मा, अजय सिंह व ओमप्रकाश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी, विधायकगण, संयोजक बृज बहादुर, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विजय मौर्य व प्रबुद्धजन आदि उपस्थित रहे।

### भूंकप से थर्राया...

के मुताबिक अमेरिका, पनामा, कतर, क्यूबा, निकारागुआ, तुर्की, जॉर्डन, कोलंबिया, बारबाडोस, इंगलैंड, ब्राजील और मेक्सिको तुरंत वेनेजुएला का सहयोग करने के लिए आगे आये। अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी वेनेजुएला सरकार से संपर्क किया और प्राकृतिक आपदा से निपटने में मदद करने का आश्वासन दिया है। रोड्रिगेज ने बताया कि कई देशों से बचाव दल वेनेजुएला पहुंच रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत दुनिया के कई नेताओं का सहायता प्रस्ताव के लिए धन्यवाद किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि अमेरिका इस आपदा में मदद करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लिखा कि वेनेजुएला के लोगों पर आए ये दोनों बड़े भूकंप विनाशकारी हैं और इनसे भारी जनहानि हुई है। अल सल्वाडोर, डोमिनिकन गणराज्य, ब्राजील और स्पेन सहित कई देशों के नेताओं ने वेनेजुएला के प्रति संवेदना व्यक्त की और सहायता का प्रस्ताव दिया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि वह वेनेजुएला के अधिकारियों के संपर्क में है और राहत सहायता जुटा रहा है। इस बीच सोशल मीडिया मंच एक्स पर कई लोगों ने दावा किया कि द्धद्धद्धद्द्ध झटके महसूस होने से कुछ क्षण पहले ही गूगल की ओर से भूकंप की चेतावनी मिल गई थी, जिससे भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली की प्रभावशीलता पर चर्चा तेज हो गई है। एक्स पर एक यूजर ने गूगल से मिले भूकंप अलर्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया। इस नोटिफिकेशन में चेतावनी दी गई थी कि लगभग 6.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया है, जिसका केंद्र उपयोगकर्ता की लोकेशन से करीब 212.3 मील (लगभग 341 किलोमीटर) दूर स्थित है। टेक्टोनिक प्लेटों के संगम पर स्थित वेनेजुएला कैरेबियाई और दक्षिण अमेरिकी टेक्टोनिक प्लेटों के संगम क्षेत्र में स्थित है, जो भूकंपीय दृष्टि से अत्यंत सक्रिय माना जाता है। 1812 में आए विनाशकारी भूकंप में मेरिडा और काराकास क्षेत्रों में लगभग 30,000 लोगों की मौत हुई थी। हम अपनी जनता से शांति बनाए रखने की अपील करते हैं। हम एकजुटता की अपील करते हैं। देश के सभी स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों से भी अपील करते हैं कि वे घायलों की मदद के लिए तुरंत अस्पतालों में अपनी ड्यूटी पर पहुंचें।

### पंकज चौधरी...

शंकर लोधी, अर्चना मिश्रा का प्रमोशन किया गया है। प्रदेश महामंत्रियों में संजय राय और रामप्रताप सिंह ही अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब हो सके हैं। खास बात यह है कि 10 साल का फार्मूला लागू करने के नाम पर जहां तमाम पुराने चेहरे बाहर किए गए हैं, वहीं शंकर गिरि इस मामले में अपवाद रहे। अलबत्ता, उन्हें प्रदेश मंत्री से प्रमोट कर उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा छह में से चार क्षेत्रीय अध्यक्षों को फिर से समायोजित किया गया है जबकि दो को बाहर कर दिया गया। साथ ही महिला और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों क्रमशः गीता शाक्य और कामेश्वर सिंह को भी नई टीम में जगह मिली है। गीता को प्रदेश महामंत्री व कामेश्वर को उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश की नई टीम में आधी आबादी का ध्यान रखते हुए उनकी संख्या 10 से बढ़ाकर 12 की गई है। वहीं 20 पिछड़े चेहरों को जगह दी गई है। सात ब्राह्मण और छह क्षत्रिय चेहरों को भी शामिल किया गया है। चार भूमिहार, छह दलित, दो वैश्य और एक कायस्थ को जगह दी गई है। सपा से बगावत करने वाली पूजा पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने रोहित कुमार मिश्र को युवा मोर्चा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। रोहित निवर्तमान अध्यक्ष प्रांशू दत्त द्विवेदी की टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर थे। उनकी पृष्ठभूमि संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की रही है। प्रतापगढ़ निवासी डा. रोहित कुमार मिश्र विद्यार्थी परिषद में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन भी कर चुके हैं। वहीं ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल को बनाया गया है। वे अभी तक कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष थे। किसान मोर्चा के नये अध्यक्ष देवेंद्र सिंह होंगे। विद्यार्थी परिषद से आने वाले देवेंद्र पूर्व में प्रदेश टीम में भी रह चुके हैं। अनुसूचित मोर्चा की कमान अशोक रावत को सौंपी गई है जबकि महिला मोर्चा की नई अध्यक्ष सरोज कुशवाह बनाई गई हैं। अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कमान विद्याभूषण गोंड को सौंपी गई है। इसके अलावा पार्टी ने मनीष दीक्षित को फिर से प्रदेश के मीडिया विभाग की कमान सौंपी गई है। इस बार पार्टी ने मुख्य प्रवक्ता भी नियुक्त किया है। इसकी जिम्मेदारी दिनेश प्रताप सिंह को दी गई है जबकि हिमांशु राज पंडित को प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है। वहीं भारत दीक्षित फिर प्रदेश कार्यालय मंत्री बनाए गए हैं। उनके साथ सह मंत्री के रूप में अतुल अवस्थी और लक्ष्मण सिंह को भी रिपीट किया गया है।

### अब टीके...

पैकेजिंग पर, बारकोड या क्यूआर कोड छापना या लगाना होगा। 'द्वितीयक पैकेजिंग' या 'सहायक पैकेजिंग' उत्पाद की पैकेजिंग की वह बाहरी परत होती है जो प्राथमिक पैकेजिंग को सुरक्षित रखती है और इसके तहत कई समान उत्पादों को एक साथ रखा जाता है। यह कोड आपूर्ति श्रृंखला में सॉफ्टवेयर ऐप के जरिए दवाइयों के प्रमाणन और सत्यापन को संभव बनाएगा। मंत्रालय के अनुसार, क्यूआर कोड में उत्पाद से जुड़ी जरूरी जानकारी होगी जैसे कि अनूठा उत्पाद पहचान कोड, 'जेनेरिक' और ब्रांड के नाम, कंपनी का नाम और पता, बैच नंबर, विनिर्माण और उपयोग में लाने की समय सीमा, विनिर्माण लाइसेंस नंबर आदि। मंत्रालय ने कहा कि यह नियम पहले देश के सिर्फ शीर्ष 300 फार्मास्युटिकल ब्रांड पर लागू होता था। ताजा बदलाव के साथ, इसके दायरे को काफी बढ़ा दिया गया है। अब इसमें सभी टीके, सूक्ष्मजीवरोधी, कैंसर-रोधी दवाइयां तथा स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत विनियमित होने वाली दवाइयां भी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि कि बेहतर प्रणाली से आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न चरणों में उत्पादों की प्रमाणिकता और सत्यापन संभव हो सकेगा, जिससे नकली और घटिया दवाओं के खिलाफ सुरक्षा उपाय मजबूत होने की उम्मीद है। अधिसूचना के अनुसार, टीके, कैंसर-रोधी दवाइयों और एनडीपीएस अधिनियम के तहत विनियमित होने वाली दवाइयों से जुड़े नियम इस साल 1 जुलाई से लागू होंगे जबकि सूक्ष्मजीवरोधी से जुड़े नियम 1 जुलाई 2028 से प्रभावी होंगे।

### कर्नाटक में पकड़ा...

आतंकवादियों के संपर्क में था। हरिहर के पास रहने वाले एक संदिग्ध व्यक्ति के बारे में मिली जानकारी के आधार पर यह गिरफ़्तारी की गई। पुलिस की एक टीम ने संदिग्ध का पता लगाया और उसे हिरासत में ले लिया, जिसके बाद उसे आगे की जांच के लिए तुमकुरु पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ़्तारी इस महीने की शुरुआत में गिरफ़्तार किए गए दो संदिग्ध आतंकी ऑपरेटिव्स (दावणगेरे में जमीर खान और तुमकुरु में अल्लाह बख्श) से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर की गई। हालांकि, कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा कि अब तक सुहेल के मामले को पहले हुई गिरफ्तारियों से जोड़ने वाला कोई सबूत नहीं मिला है, और जांचकर्ता सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह मामला तुमकुरु टेरर मॉड्यूल की जांच जैसा ही लग रहा है, लेकिन किसी भी तरह का ऑपरेशनल कनेक्शन साबित करने के लिए और सबूतों की ज़रूरत है। आरोपी के डिजिटल डिवाइस, बातचीत के रिकॉर्ड और गतिविधियों की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि कथित साजिश के दायरे का पता लगाया जा सके और उसके साथियों की पहचान की जा सके। पुलिस उन खुफिया जानकारियों की भी पुष्टि कर रही है जिनके मुताबिक 10 संदिग्ध लोगों का एक समूह कर्नाटक में दाखिल हुआ है। जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि आरोपी अकेले काम कर रहा था या किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा था।

### नौवीं कक्षा के छात्र...

थी। बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और खराब शासन के आरोपों के कारण बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए।' किताब के इस हिस्से में आगे लिखा गया है, 'जून 1975 में, सरकार ने आंतरिक अशांति के आधार पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया। इस दौरान, अधिकतर मौलिक अधिकार स्थगित किए गए, पत्रकारीय संस्थानों को नियंत्रित (सेंसरशिप) करने की कोशिशें हुईं और कई राजनीतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ़्तार किया गया। लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भारी दबाव पड़ा और नागरिकों की आजादी सीमित कर दी गई।'

### लखनऊ में क्लीन...

बागवानी और अन्य उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। आईसीएआर ने मक्का, दलहन, तिलहन, धान, गेहूं, गन्ना, फल और सब्जियों के लिए अलग-अलग दीर्घकालिक विकास रणनीति प्रस्तुत की। इसमें जलवायु अनुकूल संकर बीजों, ड्रिप सिंचाई, सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों, वैज्ञानिक पोषक तत्व प्रबंधन, प्रसंस्करण इकाइयों और मजबूत मूल्य श्रृंखला के विकास पर जोर दिया गया। बैठक में कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के व्यापक उपयोग की भी अनुशंसा की गई। वर्ष 2047 तक कृषि यंत्रीकरण का स्तर 75 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), रिमोट सेंसिंग और डिजिटल कृषि प्लेटफॉर्म के उपयोग को बढ़ावा देने की योजना प्रस्तुत की गई। कार्ययोजना में प्रत्येक जिले में डिजिटल कृषि एवं एआई प्लेटफॉर्म, प्रिसिजन एग्रीकल्चर प्रयोगशालाएं, मृदा-जल-कार्बन वेधशालाएं, जैव संसाधन केंद्र और कृषि उद्यमिता एवं बिजनेस इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित करने का भी सुझाव दिया गया है। बैठक के दौरान कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि विविधीकरण और उत्पादकता वृद्धि पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि केवल सॉयल हेल्थ कार्ड बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि किसानों को उनकी भूमि की वास्तविक स्थिति, पोषक तत्वों की उपलब्धता और संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी भी दी जानी चाहिए, ताकि वे मृदा स्वास्थ्य कार्ड का प्रभावी उपयोग कर सकें। बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलाख, राजस्व राज्य मंत्री सुरेंद्र दिलेर सहित केंद्र और राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि प्रस्तुत कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया तो उत्तर प्रदेश न केवल देश के कृषि उत्पादन में अग्रणी बना रहेगा, बल्कि कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज कर सकेगा।

# मुख्यमंत्री धामी ने संविधान हत्या दिवस पर लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिजनों को किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को संविधान हत्या दिवस पर लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिजनों को सम्मानित किया।

एक निजी होटल में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिजनों का सम्मान करते हुए कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता बचाने के लिए नागरिक स्वतंत्रताओं का हनन किया गया, प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया तथा संविधान की मूल भावना को आघात पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के त्याग, साहस और संघर्ष के कारण ही देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था पुनः स्थापित हो सकी। उन्होंने सभी लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि उनका योगदान वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए उनके संघर्ष को सदैव स्मरण रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं लोकतांत्रिक अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान इन मूल अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया गया, किंतु देश की जागरूक जनता ने लोकतांत्रिक माध्यमों से इसका जवाब देते हुए लोकतंत्र की पुनर्स्थापना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को केंद्र में रखकर विकास की





नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय, राष्ट्र प्रथम तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के आधार पर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को 16 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। साथ ही, आपातकाल के दौरान जेल गए लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके आश्रित जीवनसाथियों को विशेष पहचान-पत्र भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि लोकतंत्र की रक्षा, संविधान के सम्मान तथा राष्ट्र प्रथम की भावना को सर्वोपरि रखते हुए विकसित भारत और श्रेष्ठ उत्तराखंड के निर्माण में सभी अपना योगदान दें। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया तथा उनके संघर्ष और योगदान का स्मरण करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, खजान दास, विधायक सविता कपूर, उमेश शर्मा काऊ, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बिष्ट, भाजपा के प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल मौजूद थे।

# मुहर्रम को लेकर सीवान पुलिस अलर्ट 1200 से अधिक जवान तैनात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीवान। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सीवान पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की तैनाती की गई है। एसपी ने बताया कि मुहर्रम के मद्देनजर सीवान पुलिस द्वारा व्यापक निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। अब तक 126 बीएनएसएस के तहत 3990 व्यक्तियों तथा 135 बीएनएसएस के तहत 2500 से अधिक व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। इसके अलावा 2500 से अधिक लोगों से बंधपत्र भराया गया है तथा एक व्यक्ति के विरुद्ध सीसीए-12 के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। एसपी पुरन कुमार झा ने बताया कि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला, अनुमंडल एवं थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई हैं। जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर लोगों से भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि सभी निर्धारित जुलूस मार्गों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी तथा प्रत्येक जुलूस की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। अवैध रूप से संचालित डीजे के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि मुहर्रम के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए गुरुवार को सिवान पुलिस केंद्र में दंगा नियंत्रण (रायट कंट्रोल) ड्रिल का आयोजन किया गया।

# उपराज्यपाल ने संजय झील के जीर्णोद्धार और कायाकल्प के कामों का लिया जायजा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को पूर्वी दिल्ली स्थित संजय झील का दौरा करते हुए वहां चल रहे जीर्णोद्धार और कायाकल्प के कामों का जायजा लिया। मौके पर निरीक्षण के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपराज्यपाल को 52 एकड़ में फैली झील और इसके आस-पास के 165 एकड़ के संरक्षित जंगल को फिर से जीवंत करने की चरणबद्ध कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। उपराज्यपाल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण 'ब्लू-ग्रीन' (जल और हरियाली वाले) क्षेत्र को हर मौसम में इस्तेमाल लायक और साफ-सुथरी मनोरंजक जगह बनाने के लिए कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने डल्लूपुरा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से साफ पानी की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड को संचालित पाइपलाइन की मरम्मत का काम तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झील को बचाने और उसे फिर से जीवंत करने के लिए लगातार खरपतवार हटाने, काई (शैवाल) साफ करने और जियो-टेक्सटाइल तकनीक का इस्तेमाल करके तटबंधों की ढलानों को मज़बूत करने का काम पहले से ही चल रहा है। आने वाले चरणों में रुके हुए पानी के बहाव को ठीक करने, भूजल रिचार्ज को बढ़ाने के लिए बायो-स्वेल्स लगाने, बायो-रेमेडिएशन के उपाय करने और पानी में घुली ऑक्सीजन का स्तर बेहतर बनाने के लिए एरेटर और फव्वारे लगाने पर ध्यान दिया जाएगा। उपराज्यपाल ने कहा कि इसके अलावा 5,000 देसी पेड़ लगाकर इलाके की पारिस्थितिक जैव-विविधता को समृद्ध किया जाएगा। हम संजय झील को उसकी पुरानी शान वापस दिलाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विवादित वीडियो पर भगवंत मान का दावा- मास्क पहनकर बनाया गया फर्जी वीडियो

- मुख्यमंत्री ने जगमन समरा का हाथ में मास्क लिए वीडियो किया जारी
- बोले अकाली दल, कांग्रेस व भाजपा ने मिलकर रची साजिश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विवादित वीडियो के संबंध मेंन दावा किया है कि एक साजिश के तहत किसी व्यक्ति को मास्क पहनाकर यह वीडियो शूट किया गया है। इस साजिश में कनाडा निवासी जगमन समरा की भूमिका अहम है। गुरुवार को पंजाब के मोहाली में भगवंत मान ने इस संबंध में डिजिटल सबूत पेश करते हुए दावा किया कि यह वीडियो भी अकाल तख्त साहिब को जांच के लिए भेजा जाएगा।उल्लेखनीय है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वह होटल के कमरे में शराब के नशे में गुरु साहिबानों की फोटो के साथ कथित तौर पर अभद्रता करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो की एफएसएल जांच के आधार पर अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने भगवंत मान तथा उनकी कैबिनेट में शामिल सिख मंत्री तथा विधायकों को 29 जून को तलब किया है। इस बीच पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने वायरल वीडियो की अकाल तख्त साहिब द्वारा जारी रिपोर्ट को झूठा करार देने वाली एक और लैब रिपोर्ट जारी की थी। जिसके बाद हरियाणा के गुरुग्राम की पुलिस ने दो व्यक्तियों को फर्जी लैब रिपोर्ट तैयार करने के आरोप में गिरफ्तार कर रखा है। इस बीच भगवंत मान ने आज एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि जो व्यक्ति वीडियो में दिखा गया है वह उनकी शक्ल का मास्क पहने कोई बहरूपिया है।वीड्विडियो में दिख रहे व्यक्ति के गले पर निशान नही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका ऑपरेशन के कारण गले पर निशान है। वीडियो वाले व्यक्ति के गले पर किसी तरह का निशान नहीं है। वीडियो में दिखाया गया कि व्यक्ति ने मास्क पहना हुआ है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उनके यह वीडियो जारी करने वाले कनाडा में रहने वाले जगमन समरा का एक वीडियो जारी किया जिसमें वह मुख्यमंत्री की शक्ल से मिलता जुलता मास्क अपने हाथ में पहने हुए है। समरा कार में बैठकर वह मास्क दिखाता है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जगमन समरा ने यह मास्क बनवाकर एक ही दिन में वीडियो को शूट किया। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि वह 2016 के बाद कभी भी कनाडा नहीं गए हैं। समरा उन्हें पंजाब पीपुल्स पार्टी में रहते हुए मिला था। वह मूल रूप से पंजाब के संगरूर जिला का रहने वाला है तथा यहां से भगौड़ा हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस वीडियो को अकाल तख्त साहिब को भेजेंगे जिसमें समरा उनकी शक्ल का मास्क हाथ में लिए हुए है। इस वीडियो की भी जांच करवानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि उनके वायरल वीडियो में होटल का कमरा दिखाई दे रहा है। होटल के कमरे में गुरू साहिबानों की तस्वीरें नहीं होती है। यह वीडियो पूरी तरह से फ़ेक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साजिश में अकाली दल, कांग्रेस तथा भाजपा आपस में मिल गए हैं। तीनों ने मिलकर उनके विरूद्ध फ्रंट बना लिया है। भगवंत मान ने कहा कि उन्हें पंजाब की जनता पर पूरा भरोसा है।

## गौतमपुरी में 17 वर्षीय किशोर की चाकू मारकर हत्या


नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर थाना क्षेत्र स्थित गौतमपुरी में बुधवार रात एक 17 वर्षीय नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। गंभीर रूप से घायल नाबालिग को उसका चचेरा भाई अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात करीब नौ बजे गौतमपुरी की गली नंबर-4 में चाकूबाजी की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल युवक को पहले ही उसके चचेरे भाई द्वारा जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले जाया जा चुका है। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 17 वर्षीय लकी कुमार के रूप में हुई है। वह गौतमपुरी के रहने वाले है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों के साथ क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। टीमों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए।

## जानलेवा हमले के मामले में फरार दो इनामी गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल थाना पुलिस ने जान से मारने की नीयत से किए गए सामूहिक हमले के मामले में फरार चल रहे दो इनामी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपितों पर पुलिस द्वारा 2500-2500 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने गुरुवार को उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया, जबकि मामले के अन्य फरार आरोपितों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, 10 जून को सचिन पुत्र सुबीर निवासी तलाई तल्ली, जनपद पौड़ी गढ़वाल (वर्तमान निवासी ओम शांति धाम कॉलोनी, हेतमपुर, थाना सिडकुल) द्वारा दी तहरीर के अनुसार विशाल सहित 9-10 लोगों द्वारा उसके भाई, जीजा और दोस्त पर जानलेवा हमले के संबंध में थाना सिडकुल में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीमों का गठन किया गया।

# आपातकाल के बारे में नई पीढ़ी को पता होना चाहिए : सूद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा 9 की पाठ्यपुस्तक में 'आपातकाल' पर अध्याय जोड़े जाने पर गुरुवार को प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है, ïअभिव्यक्ति की आजादी क्या है? अघोषित आपातकाल और घोषित आपातकाल में क्या अंतर है? नई पीढ़ी को यह सब पता होना चाहिए।

मंत्री सूद ने आज दिल्ली सचिवालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीईआरटी ने आपातकाल के दौरान लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को किस प्रकार से छीना गया, उसको एनसीईआरटी ने नई पीढ़ी को बताने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को यह सब पता होना चाहिए, ताकि कोई भी फिर से ऐसी कोशिश न कर सकें। मंत्री सूद ने इससे पर सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय है। सत्ता बचाने के लिए लगाए गए आपातकाल ने देशवासियों के मौलिक अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर गहरा आघात किया। उन्होंने कहा कि 'संविधान हत्या दिवस' पर उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन, जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा और नागरिक अधिकारों की पुनर्स्थापना के लिए संघर्ष किया। उनका साहस और त्याग सदैव राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि एनसीईआरटी ने पहली बार कक्षा 9 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 1975-77 के आपातकाल को शामिल किया है। पुस्तक में मौलिक अधिकारों के निलंबन, प्रेस सेंसरशिप और जयप्रकाश नारायण आंदोलन का जिक्र है।

# डीजे से गाना बदलने को लेकर शुरू हुआ विवाद बना खूनी संघर्ष, हत्या के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। शाहबाद डेयरी थाना क्षेत्र में स्थित ओएच विलेज (लॉज एंड बार) में गाना बदलने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस मामले में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। शुरुआती दौर में पुलिस के लिए यह पूरी तरह ब्लाइंड मर्डर केस था, क्योंकि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित घटना के बाद फरार हो गए थे और उनके संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं था। हालांकि, क्राइम ब्रांच की डब्ल्यूआर-1 टीम ने तकनीकी निगरानी, खुफिया जानकारी और लगातार प्रयासों के बल पर मामले का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच के अनुसार, 17 और 18 जून की दरम्यानी रात शाहबाद दौलतपुर स्थित ओएच विलेज (लॉज एंड बार) में दो युवकों पर चाकुओं से हमला किया गया था। घटना के बाद दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में 18 जून को शाहबाद डेयरी थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) और 3(5) के तहत एफआईआर संख्या 350/2026 दर्ज की गई थी। इलाज के दौरान 23 जून को एक घायल की मौत हो जाने पर मामले में हत्या की धारा 103(1) बीएनएस भी जोड़ दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच की डब्ल्यूआर-1 यूनिट को जांच में लगाया गया। पुलिस के अनुसार, वारदात के बाद आरोपित लगातार ठिकाने बदल रहे थे। टीम ने मानव स्रोतों और तकनीकी इनपुट पर लगातार काम किया। हेड कांस्टेबल पवन कुमार को आरोपितों की गतिविधियों और संभावित ठिकाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना मिली। वहीं हेड कांस्टेबल हरजीत सिंह ने तकनीकी सर्विलांस के जरिए आरोपितों की लोकेशन, आवाजाही और संपर्कों का विश्लेषण किया। इससे जांच को महत्वपूर्ण दिशा मिली और आरोपितों तक पहुंचने का रास्ता साफ हुआ। क्राइम बांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा के निर्देशन में एसीपी राज कुमार की निगरानी में इंस्पेक्टर प्रकाश चंद के नेतृत्व में टीम गठित की गई। 24 जून को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर रानी बाग स्थित महावीर अस्पताल के पास निगरानी बढ़ाई गई। कुछ समय बाद दो संदिग्ध वहां आते दिखाई दिए। मुखबिर के इशारे पर पुलिस टीम ने दोनों का पीछा कर उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मंगोलपुरी के वाई ब्लॉक निवासी 18 वर्षीय अभिषेक और 18 वर्षीय अश्विन के रूप में हुई। दोनों की उम्र 19 वर्ष से कम है और वे एक ही इलाके के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने बताया कि घटना वाली रात वे अपने कुछ साथियों के साथ ओएच विलेज में हुक्का पीने गए थे। वहां उन्होंने डीजे ऑपरेटर से गाना बदलने के लिए कहा, लेकिन डीजे ने उनकी बात मानने से इन्कार कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते झगड़ा मारपीट में बदल गया। आरोपितों का दावा है कि वहां मौजूद कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी। मारपीट के बाद आरोपी वहां से चले गए, लेकिन उन्होंने बदला लेने की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपित अपने इलाके मंगोलपुरी लौटे और वहां से अपने अन्य साथियों को साथ लेकर चाकुओं से लैस होकर दोबारा ओएच विलेज पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने उन लोगों को निशाना बनाया, जिन्हें वे अपने साथ हुई मारपीट के लिए जिम्मेदार मान रहे थे। आरोप है कि दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो युवकों पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। क्राइम ब्रांच का कहना है कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों की भूमिका की पुष्टि हो चुकी है। मामले में अन्य साथियों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। पुलिस पूरी घटना की कड़ियों को जोड़ने, फरार आरोपितों की पहचान करने और हत्या की साजिश में शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# निर्जला एकादशी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हरकी पैड़ी पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। निर्जला एकादशी के अवसर पर धर्मनगरी हरिद्वार में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा तटों पर स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। विशेष रूप से हर की पैड़ी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही, जहां भक्तों ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर भगवान विष्णु का स्मरण किया। स्नान पर्व को लेकर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पूरे मेला क्षेत्र को चार सुपर जोन, 12 जोन और 30 सेक्टरों में विभाजित किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था के तहत बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। बीते सप्ताह सोमवती अमावस्या पर रिकॉर्ड भीड़ को देखते हुए इस बार भी विशेष तैयारियां



की गई। दिन बढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती रही। अलसुबह से आरम्भ हुआ स्नान का सिलसिला अनवरत जारी रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान, जलदान और अन्नदान करने से हजार अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। विद्वानों के अनुसार वर्ष भर की 24 एकादशियों का व्रत न कर पाने वाले श्रद्धालु यदि निर्जला एकादशी का व्रत करते हैं तो उन्हें सभी एकादशियों के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। स्नान के पश्चात लोगों ने ब्राह्मणों को व मंदिरों में सुराई, घड़े, फल, पंखे दक्षिणा आदि दान कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं जगह-जगह शरबत की छबील लगाकर लोगों को शरबत बांटा गया। तीर्थनगरी के आश्रम-अखाड़ों में भी निर्जला एकादशी पर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। लोगों ने निर्जल व्रत रख सुख-समृद्धि की कामना की।दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे हैं। प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन के लिए रूट डायवर्जन योजना लागू की थी। दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई। गौरतलब है कि हाल ही में सोमवती अमावस्या के अवसर पर हरिद्वार में लगभग 76 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया था। इसी को देखते हुए निर्जला एकादशी के अवसर पर भी व्यापक सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की व्यवस्था की गई, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुगम तरीके से स्नान कर सकें।

## अपनी मांगों को लेकर अतिथि शिक्षकों ने थाली चम्मच के साथ किया प्रदर्शन

भागलपुर। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन परिसर में गुरुवार को अतिथि शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर थाली चम्मच बजाकर जमकर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि तिलकामांझी विश्वविद्यालय अतिथि शिक्षकों का आज धरना का सातवां दिन है। अतिथि शिक्षकों की मांग है कि हम सभी विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षक तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय अन्तर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में ग्यारह महीने तक काम किया है। लेकिन अभी तक करीब 70 अतिथि शिक्षकों का भुगतान नहीं किया गया है, और भुगतान के पहले हम सभी अतिथि शिक्षकों को सेवा का विस्तार नहीं कर महाविद्यालय के सेवा से हटा दिया गया है। जिसको लेकर हमलोग आज विगत सात दिनों से अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना पर बैठे हैं। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासनिक अधिकारी अभी तक कोई बात करने को तैयार नहीं है। धरना पर बैठे अतिथि शिक्षकों ने कहा कि यदि हमारी मांगों को अनदेखी किया गया तो आगे विधिवत आंदोलन का रूपरेखा तैयार करते हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से भीख मांगने का काम करेंगें।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063